आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 12:11 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 25 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 182, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



उपग्रह आयो बृहस्पति का सबसे बड़ा चंद्रमा 16
पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू 15

## एक नजर

### अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सिद्दीकी पर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ अपरिहार्य है। न्यायमूर्ति सी.एस. डायस ने कहा कि सिद्दीकी गवाहों को डरा-धमका सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती है।

### कश्मीर में 26 सीटों के लिए आज मतदान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा और इस दौरान करीब 25 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला करेंगे जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवींद्र रैना प्रमुख हैं।

### आभूषण निर्माण इकाई में आग से 14 श्रमिक झुलसे

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में मंगलवार को एक आभूषण निर्माण इकाई में आग लगने से 14 श्रमिक झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि इमारत की तीसरी मंजिल पर आभूषण बनाने के लिए सोने को पिघलाने में इस्तेमाल होने वाली गैस पाइपलाइन में रिसाव के बाद आग लग गई।

# खानपान की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स, स्वीकार्य नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने दिए ढाबों-रेस्टोरेंट की जांच के निर्देश, हर कर्मचारी का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

- खानपान की चीज़ों की शुद्धता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में हो आवश्यक संशोधन
- शेफ और वेटर को लगाना होगा मास्क-ग्लव्स, होटल-रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाना होगा अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सरकारी आवास पर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य, गंदी चीजों की मिलावट की ताजा घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई अस्वीकार्य हैं। मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में मुख्यमंत्री ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उप्र. के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा, खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। ऐसे स्थानों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क, ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

### खानपान के प्रतिष्ठानों पर संचालक का नाम और पता डिस्प्ले हो

मुख्यमंत्री योगी के मुताबिक, ऐसे ढाबों, रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई शुरु कर दी जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किए जाने चहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए।

# एसटीएफ ने दो आरपीएफ सिपाहियों के हत्यारोपी को किया ढेर

- 19 अगस्त की रात बाड़मेर गुवाहाटी एक्सप्रेस से धकेलकर की थी हत्या

**लखनऊ।** सुल्तानपुर सर्राफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह को ढेर करने के बाद एसटीएफ ने अगले 20 घंटे के अंदर एक और अपराधी को मार गिराया। 19 अगस्त की रात तेज गति से चल रही बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस से आरपीएफ के दो सिपाहियों को धकेलकर मार डालने वाले आरोपी के खिलाफ एसटीएफ ने गाजीपुर में कार्रवाई करते हुए ढेर किया है। एसटीएफ की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से हड़कंप मचा हुआ है।

एसपी डॉ. इरज राजा ने बताया कि बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। जाहिद पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। घटना के बाद उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार की रात करीब एक बजे एसटीएफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। एसपी ने बताया कि दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया।

# संभल में एनआईए का छापा दो संदिग्ध हिरासत में लिए

कार्यालय संवाददाता, संभल

- दो संदिग्ध आतंकियों को साथ लेकर आई थी टीम
- आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े हैं छापेमारी के तार

**अमृत विचार :** संदिग्ध आतंकी गतिविधियों के आरोपियों को साथ लेकर एनआईए की टीम ने मंगलवार को संभल में छापेमारी की। टीम दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रात तक कार्रवाई चलती रही।

एनआईए मुंबई की टीम मंगलवार दोपहर बाद अपने साथ दो आरोपियों को लेकर संभल पहुंची। संभल कोतवाली में कार्रवाई के बारे में बताकर छापेमारी शुरू की। साथ लाए गए आरोपियों की बताई जगहों पर टीम पहुंची। इस दौरान मोहल्ला मियां सराय से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उसे कोतवाली लाकर बंद कमरे में पूछताछ की गई। जिन लोगों को एनआईए साथ लाई थी उनसे आमना सामना कराया गया। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एनआईए जिन दो लोगों को अपने साथ लेकर आई है वह आईएसआईएस से जुड़े हैं और आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए संभल में कुछ समय रहे थे। यह संभल में जिन लोगों के संपर्क में थे उन्हीं से पूछताछ की जा रही है। जनपद पुलिस एनआईए की कार्रवाई को लेकर बोलने से बच रही है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के लोग संभल आए हैं, लेकिन उन्होंने क्या कार्रवाई की यह जानकारी में नहीं है।

### तमिलनाडु में 11 जगह एजेंसी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है।

# कुत्तों के झुंड ने खेत पर जा रहे छह वर्ष के बच्चे को नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मां को देखने खेत पर जा रहा था इकलौता बेटा मोहम्मद शान
- गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास कुत्तों ने कर दिया हमला



मोहम्मद शान

**अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव में मां को देखने खेत पर जा रहे 6 वर्षीय इकलौते बेटे मोहम्मद शान पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक उसे नोचता रहा जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। इकलौते बेटे की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव कुतुबपुर सक्ता निवासी असरफ अली अपनी ससुराल शाहपुर सिरपुड़ा में पत्नी अफसीन के साथ रहता है। असरफ की बेटी आयत कक्षा 4 की छात्रा है, जबकि 6 वर्षीय बेटा मोहम्मद शान कक्षा तीन का छात्र था। मंगलवार की सुबह बुखार आने से बेटे मोहम्मद शान को घर छोड़कर अफसीन बेटी आयत को गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय छोड़ने चली गई। काफी देर तक अफसीन घर नहीं लौटी तो उसके खेत पर चले जाने की बात सोचकर शान मां की तलाश में खेत की तरफ चल दिया। गांव से थोड़ी दूर आम के बाग के पास पहुंचा कि कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों का झुंड तब तक बच्चे को नोचता रहा जब तक वह बेदम नहीं हो गया। इस बीच घर पहुंचीं अफसीन को बेटा दिखाई नहीं दिया तो वह खेत की ओर चल दी। आम के बाग के पास शान को लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा तो उसकी चीख निकल गई। घायल बेटे को गोद में लेकर वह घर आई।

सूचना पर पिता असरफ भी पहुंच गया। वह शान को लेकर सीएचसी गया, जहां से बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने पर रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पंजाब सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 10 सितंबर को राज्य सरकार के 20 अगस्त के फैसले को रद कर दिया था।

# पीएचडी दाखिले में 2025 से आरक्षण लागू

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) ने घोषणा की है कि वह सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार 2025 से पीएचडी दाखिलों में आरक्षण लागू करेगा। देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ने यह नहीं बताया है कि वह आरक्षण व्यवस्था कैसे लागू करेगा। आईआईएमए ने पिछले साल एक जनहित याचिका के जवाब में गुजरात उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि वह मानद उपाधि संबंधी कार्यक्रमों में 2025 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण लागू कर सकता है। आईआईएमए की वेबसाइट पर पोस्ट पीएचडी दाखिले 2025 के लिए घोषणा में कहा गया है कि दाखिलों के दौरान आरक्षण के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। आईआईएमए के मीडिया विभाग के एक प्रतिनिधि ने इस संबंध में पुष्टि की।

# त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में एक कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। साहा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है।

# एसडीएम-तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास, बाल-बाल बचे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खनन माफिया पर कार्रवाई करने गए थे अधिकारी
- लेखपाल ने 10 आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की रात अवैध खनन कर रहे माफिया को रोकने के प्रयास में गुर्गों ने एसडीएम सदर और तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की।

अधिकारियों और टीम के लोगों ने खुद को जैसे-तैसे बचाया। हमलावर ट्रैक्टर ट्रॉली को ईख के खेत में छोड़कर फरार हो गए। मामले में लेखपाल की तहरीर पर 7-8 अज्ञात और दो ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। राजस्व टीम ने दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक हाइड्रा पुलिस को सौंप दिया है। सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में तैनात लेखपाल सर्वेश कुमार ने भोजपुर थाने में दी तहरीर में बताया है कि रविवार की रात करीब दस बजे सूचना मिली की ढेला नदी के पास कुछ लोग अवैध रूप से बालू निकाल रहे हैं। इस पर एसडीएम सदर राम मोहन मीणा और तहसीलदार रामवीर सिंह राजस्व कर्मियों और पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे। टीम को देखते ही खनन करने वाले भागने लगे। राजस्व टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो खनन कर रहे लोगों ने टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाकर जान लेने की कोशिश की। ईख में ट्रैक्टर ट्राली फंस गई तो वे दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाईड्रा छोड़कर भाग निकले। लेखपाल सर्वेश कुमार ने 7-8 आरोपियों और दोनों ट्रैक्टर के अज्ञात चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी भोजपुर श्यामवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**प्रगति पथ** श्रीअन्न की खेती से समृद्ध हुए किसान प्रदीप, तमिलनाडु के कोयम्बटूर में प्रसंस्करण कराकर बनाते हैं मिलेट पोहा

# मधुमेह के लिए रामबाण बनेगा मिलेट पोहा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की खेती किसानों को समृद्ध करने लगी है। आईआईएम रोड लखनऊ निवासी प्रदीप दीक्षित मोटे अनाज की पैदावार करके देश भर में लोगों की सेहत सुधारने के साथ कमाई भी कर रहे हैं। वह दो साल से अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक के ग्राम महुआ डांडा में अन्य फसलें छोड़कर पूरे सात एकड़ में गौआधारित सांवा, काकुन, कोदो, ज्वार, बाजरा, कुटकी, अलसी आदि की पैदावार करते हैं। इन अनाजों को तमिलनाडु के कोयम्बटूर भेजकर प्रसंस्करण कराकर मिलेट पोहा बनाते हैं। इसकी पैकिंग व अन्य कार्य घर पर करके गोमती नगर स्थित किसान बाजार के ऑर्गेनिक स्टॉल से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि जगहों पर भेजते हैं।

> सरकार के प्रयास से श्रीअन्न की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। प्रोत्साहन के तौर पर किसानों को निशुल्क बीज और अन्य सुविधाएं मिलने से लागत कम हुई है। किसान प्रदीप गौ आधारित श्रीअन्न की खेती करके किसान भाइयों को प्रेरित कर रहे हैं। – **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

### दूध व पानी में मिलाकर भी कर सकते हैं सेवन



प्रदीप बताते हैं मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और गौ आधारित खेती से दवा की तरह काम करते हैं। खासकर मिलेट पोहा मधुमेह, लीवर व पेट संबंधित बीमारी के लिए रामबाण साबित हो रहा है। इसका चिउड़ा पोहा की तरह पकाकर खा सकते हैं या फिर दूध व पानी में मिलाकर पी सकते हैं।

### 50-60 हजार लागत, हर माह एक लाख कमाई

प्रदीप सात एकड़ में एक फसल 50 से 60 हजार रुपये लागत से करके 15 क्विंटल मोटा अनाज की पैदावार करते हैं। वह प्रोसेसिंग, पैकिंग, परिवहन भाड़ा आदि खर्च निकालकर मिलेट पोहा की बिक्री से हर माह एक लाख रुपये कमाते हैं। इस काम से 40-45 लोगों को जोड़कर रोजगार देते हैं। उनके 400 ग्राम के एक पैकेट की कीमत 100 रुपये है। उनका कहना है सरकार का मोटे अनाज की पैदावार पर जोर है। बिक्री के लिए किसान बाजार में स्टॉल आवंटित किए हैं। लेकिन प्रोसेसिंग की दिशा में काम नहीं हुआ है।



## शहर में आज



☞ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल कार्यालय पर धरना दोपहर 12 :30 बजे।

☞ महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 11 :00 बजे

☞ आरएसडी एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट डे पर सम्मान कार्यक्रम सुबह 11 :00 बजे

# 41 राजकीय विद्यालय परीक्षा केंद्र बनने से रह जाते हैं वंचित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कहने को तो जिले में 50 राजकीय विद्यालय हैं। लेकिन, 41 राजकीय विद्यालय परीक्षा केंद्र बनने से वंचित रह जाते हैं। सिर्फ 9 राजकीय विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनने का सौभाग्य मिलता है। जो विद्यालय परीक्षा केंद्र बनने से छोड़े जाते हैं, उनके इंतजाम यूपी शिक्षा बोर्ड के मानक पर खरे नहीं हैं।

वैसे परीक्षा केंद्र बनाने में विद्यालय के लिए यूपी शिक्षा बोर्ड की पहली शर्त सीसीटीवी कैमरे की है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष, स्ट्रांग रूम, उत्तर पुस्तिकाओं के सीलिंग रूम, स्कूल के मुख्य द्वार पर और प्रधानाचार्य कक्ष में कम से कम दो-दो कैमरे लगे होने की अनिवार्यता है। अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा बताते हैं कि संख्या में 50 राजकीय विद्यालय जरूर हैं लेकिन, 9 विद्यालयों का संचालन अभी दो साल पहले ही शुरू हुआ है।

### ये राजकीय विद्यालय बनते हैं परीक्षा केंद्र

पिछले वर्षों में जो भी राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र बने थे, उनमें मुरादाबाद, पाकबड़ा, नगलिया जट बिलारी, मूंढापांडे, ठाकुरद्वारा, अदलपुर डिलारी, भोजपुर हैं। इनके अलावा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार और ठाकुरद्वारा भी परीक्षा केंद्र बने थे।

वर्ष 2016 में 10 जीआईसी बने थे। 16 में भी छह राजकीय विद्यालयों में बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर तक की उपलब्धता नहीं है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे बताते हैं कि 50 राजकीय विद्यालयों में से केवल 10 स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कई विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर बाउंड्री तक नहीं है। कैमरों व अन्य सुविधाओं के अभाव में ही अधिकांश राजकीय विद्यालय परीक्षा केंद्र बनने से वंचित हो जाते हैं।

## प्रधान व पंचायत सदस्य के आश्रितों को भेजी धनराशि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निदेशालय पंचायती राज विभाग की ओर से ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के आश्रितों को पंचायत कल्याण कोष से 22 लाख रुपये की सहायता दी गई है।

मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि ब्लॉक भगतपुर की ग्राम पंचायत बिलावाला मुस्तकम के ग्राम प्रधान सोमपाल व बिलारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत नगलिया शाहपुर के प्रधान नेकपाल की मृत्यु हो गई थी। निदेशालय पंचायती राज की पंचायत कल्याण कोष से दोनों की आश्रित पत्नियों के खाते में 10-10 लाख रुपये डालने के निर्देश दिए थे। जिसमें प्रधान नेकपाल की पत्नी लक्ष्मी को 10 लाख और प्रधान सोमपाल की मौत होने पर उसकी पत्नी मुन्नी देवी के खाते में 10 लाख की सहायता राशि भेजी है। कुंदकरी के गांव इमरतपुर सिरसी की ग्राम पंचायत सदस्य खुशनवी की मृत्यु होने पर उसके पति इब्राहिम के खाते में दो लाख रुपये भेजे गए हैं।

## जीजीआईसी लाइनपार में बनाया स्टूडियो, यहां से ऑनलाइन होगी विद्यार्थियों की पढ़ाई

# ई-मिशन पाठशाला में पढ़ेंगे 38 जीआईसी के विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**हाईटेक शिक्षा**

- बुधवार को कमिश्नर स्टूडियो से कक्षाओं का कराएंगे आरंभ
- पहले दिन से 29 जीआईसी में होगा प्रसारण

**अमृत विचार :** शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए मंडलायुक्त ने नया तरीका निकाल लिया है। दरअसल, जिले में माध्यमिक शिक्षा स्तर के 50 राजकीय विद्यालय हैं। इनमें शिक्षकों के अभाव में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। वैसे ये समस्या नई नहीं है। फिलहाल, 29 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई शिक्षकों के अभाव में प्रभावित न होने पाए इसके लिए मंडलायुक्त ने तरीका निकाला है। वैसे इस नए तरीके में उन्होंने 38 राजकीय विद्यालयों को शामिल करने को लक्षित किया है। लेकिन, शुरूआत 29 राजकीय विद्यालयों से होने जा रही है।

उम्मीद की जा रही है कि अब इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में शिक्षकों की कमी नहीं खलेगी।

इन छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए बड़ी स्क्रीन वाली और काफी स्मार्ट वाली टीवी पर लाइव कक्षाओं का प्रसारण होने वाला है। अर्थात एक शिक्षक स्टूडियो में पढ़ाएगा और 29 विद्यालयों में उसका सीधा प्रसारण होगा। इसके लिए महानगर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार में बेहतरीन स्टूडियो बनाया गया है। इसके बनाने में 15 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इस स्टूडियो से संबंधित 29 राजकीय विद्यालयों के कंप्यूटर लैब से लाइव कनेक्टिविटी दी गई है। इन सभी स्कूलों की कंप्यूटर लैब को इंटरनेट वाईफाई सुविधा से लैस कर दिया गया है। लैब में तकनीकी विशेषज्ञ की भी व्यवस्था हो गई है। बस अब, स्टूडियो से पढ़ाई का लाइव प्रसारण होना शेष रह गया है। अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने बताया कि लाइनपार जीजीआईसी में स्टूडियो तैयार है। स्टूडियो बनाने में कमिश्नर की पहल से विधायक रितेश गुप्ता की विधायक निधि से सहयोग मिला है। अब इस स्टूडियो का शुभारंभ बुधवार से कमिश्नर कर रहे हैं।

### 29 जीआईसी में लगाई गई है 65 इंच की टीवी स्क्रीन

अपर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि लाइनपार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में बने स्टूडियो में विषय विशेषज्ञ पढ़ाएंगे, जिसका सीधा प्रसारण 29 जीआईसी में होगा। इन सभी विद्यालयों की नेटवर्किंग कनेक्टिविटी हो गई है। इन राजकीय इंटर कॉलेजों में 65 इंच के स्मार्ट टीवी लगाए गए हैं। यह स्मार्ट टीवी काफी इंट्रेक्टिव पैनल वाले हैं। एक-एक टीवी की कीमत एक लाख रुपये से भी अधिक बताई जा रही है। इन जीआईजी में आईसीटी लैब बनाई गई है, जहां प्रोजेक्टर पर पढ़ाई होगी।

### 9 स्कूलों में बाद में शुरू होगी ऑनलाइन पढ़ाई

व्यवस्थाओं के मामले में 38 विद्यालय बेहतर बताए जा रहे हैं। 29 विद्यालयों में ऑनलाइन पढ़ाई के बाद 38 में 9 विद्यालयों के बच्चे अभी शुरुआती दौर में ऑनलाइन पढ़ाई से वंचित रहेंगे। इनमें भगतपुर टांडा के रानी नांगल व बहोरनपुर, बिलारी के सफीलपुर, कुंदरकी के हाथीपुर चित्तू, मुंढापांडे के देवापुर व लक्ष्मीपुर कट्टई, ठाकुरद्वारा के टांडा अफजल, छजलैट के कुचावली व पैगंबरपुर जीआईसी शामिल हैं।

## एक नजर

### रेलवे की आनलाइन पेमेंट सेवा शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ट्रेन में सफर करने वाले यात्री जनरल टिकट लेने के लिए आनलाइन पेमेंट भी कर सकते है। मंगलवार से मंडल के कई स्टेशनों पर सुविधा शुरू कर दी है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मुरादाबाद, कांठ, मेवानवादा, हरथला, कटघर, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, कंकाठेर, हल्दौर, बिजनौर, चांदपुर-सियाऊ, मंडी धनौरा, हापुड़, पिलखुआ, खरखौदा, महरौली, बाबूगढ़, बरेली, भिटौरा, नगरियासादत, मिलक, बरेली कैंट, रामपुर, नजीबाबाद, देहरादून, चंदौसी, राजघाटनरौरा, बहजोई, डिबाई, अतरौली रोड, ज्वालापुर, ऐथल, इक्कर, पथरी, लक्सर, हरिद्वार, ऋषिकेश, योगनगरी ऋषिकेश, वीरभद्र, बालामऊ, संडीला, शाहजहांपुर, टिसुआ, मुज्जमपुरनरायण, नजीबाबाद, मुरशदपुर, हबीबवाला, धामपुर, नगीना के बुकिंग काउन्टरों पर आनलाइन पेमेंट के लिए क्यूआर कोड लगा दिए है। जिससे यात्री आनलाइन पेमेंट कर जनरल टिकट खरीद सकते है।

### स्थापना दिवस पर शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंबिका प्रसाद इंटर कालेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें समस्त कार्यक्रमों की थीम स्वच्छता ही सेवा रही। पहले सत्र में कार्यक्रम अधिकारी विजय पाल सिंह के निर्देशन में एक जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ. मोनिक रस्तोगी ने हरी झंडी दिखाकर की। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुए। इस मौके पर राजपाल, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. दीपिका अग्रवाल, मनोज कुमार और राजीव भटनागर शामिल रहे।

# एनपीएस,यूपीएस को रद कर ओपीएस बहाल करें

## डीआरएम कार्यालय पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार लंबित मांगों के लिए देश के प्रत्येक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया।

डीआरएम कार्यालय के बाहर बैठे प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एनपीएस और यूपीएस को रद कर ओपीएस को बहाल किया जाए। डीए में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ टीए की तुलना में एक जनवरी 2024 से रनिंग भत्ता दर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। रनिंग स्टाफ को आवधिक विश्राम पीआर 46 घंटे दिया जाए। रनिंग स्टाफ को 36 घंटे में मुख्यालय वापस किया जाए। लगातार दो रात्रि से अधिक ड्यूटी नहीं कराया जाए। मालगाड़ी में अधिकतम आठ घंटे तथा सवारी गाड़ी में अधिकतम छह घंटे की ड्यूट निर्धारित की जाए। मेमू और डीएमयू में सिंगल मैन वर्किंग बंदकर पूरा क्रू बुक किया जाए। लोको में सीवीवीआरएस और आरडीएएस लगाना बंद किया जाए और सभी लोको में एसी और शौचालय लगाया जाए। रनिंग स्टाफ को ट्रॉली बैग देकर कुली बनाना बंद किया जाए। धरने में पूरे मंडल के लोको पायलट, सहायक लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर ने हिस्सा लिया। मंडल सचिव एसके चौरसिया ने रनिंग स्टाफ से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि कम स्टाफ में अधिक ट्रेनों का संचालन कराना, कर्मचारियों को छुट्टी रेस्ट न देना रेल की सुरक्षा संरक्षा के साथ यात्रियों की सुरक्षा संरक्षा पर भी सवाल खड़ा हो गया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शरीफ अहमद, मंडल कोषाध्यक्ष अनूप वैश्य, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरविंद कुमार, मंडल सयुक्त सचिव सोमवीर यादव, मंडल कार्य अध्यक्ष सकराम मीना, शक्ति कुमार नरेंद्र कुमार, नोमान खान, अभिषेक नाथ मिश्रा, विनय कुशवाह आदि शामिल रहे।



डीआरएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते लोको पायलट। ● अमृत विचार



कैरिज एंड वैगन डिपो शाखा में विरोध जताते रेलवे कर्मचारी।

### यूपीएस के खिलाफ उरमू का विरोध जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपीएस के खिलाफ उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने 23 सितंबर से 27 सितंबर तक विरोध शुरू किया है। बीते सोमवार को पहले दिन उरमू के पदाधिकारियों व रेलवे कर्मचारियों ने डीआरएम कार्यालय पर अपना विरोध जताया था। दूसरे दिन मंगलवार को सभी उरमू ने सभी रेलवे कर्मचारियों के साथ कैरिज एंड वैगन डिपो में यूपीएस के खिलाफ विरोध जताया। मंगलवार को कैरिज एंड वैगन में रफी हुसैन की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन में रेलवे कर्मचारियों ने यूपीएस का विरोध किया। इस दौरान सभी ने यूपीएस गो बैक के नारे लगाए। कर्मचारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। धरने का संचालन संजय राज ने किया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, नीतू, अनुराधा, क्रांति, अंजू, प्रेमलता, सूरज, अलका, उमा, नेहा, चंद्रावती, बृजेश कुमार सिंह, आरके सिंह, मुकेश कुमार, मुकर्रम बैग, हाजी असलम, विक्रम राजपूत, सुनील कुमार, नवीन कश्यप, प्रमोद तिवारी, सतीश सैनी, अब्दुल रहमान, सियाराम सिंह, यादराम सैनी, रामकिशोर और बिन्नी सैनी समेत अन्य रेल कर्मचारी शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते दलित परिवार। ● अमृत विचार

## स्मार्ट सिटी के नाम पर मलिन बस्ती न उजाड़ने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंगलवार को भारतीय लोकतंत्र बचाओ मोर्चा द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। साथ ही जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मझोली चौराहा स्थित मलिन बस्ती को तोड़े जाने पर विरोध जताया।

जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि मझोली चौराहा स्थित मलित बस्ती में लगभग 20 सालों से रोजगारहीन दलितों के 50 परिवार निवास करते हैं। यह सभी परिवार झोपड़ी और तंबू लगाकर रहते हैं। केंद्र और राज्य सरकार की किसी भी योजना का लाभ इन दलित परिवारों को नहीं मिलता। यह लोग किसी तरह मजदूरी करके अपना पालन पोषण करते हैं। लेकिन 23 सितंबर को नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने भारी पुलिस बल के साथ इन लोगों की झोपड़पट्टी तोड़ दी और चेतावनी दी कि अगर दोबारा झोपड़ी लगाई तो उसे उजाड़ देंगे। प्रदर्शनकारियों कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर दलित परिवारों की मलिन बस्ती न उजाड़ी जाए। प्रदर्शन करने वालों में ओंकार सिंह, नेम सिंह बहेलिया, प्रदीप कुमार, रवि कुमार और चंद्रसेन समेत भारी संख्या में दलित परिवार शामिल रहे।

## डीपीआरओ ने पांच पंचायत सचिवों को जारी किए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- निर्माण कार्यों का भुगतान पंचायत गेटवे से न करने का है आरोप
- नोटिस का जवाब न देने पर वेतन रोकने की चेतावनी

**अमृत विचार :** पंचायत राज विभाग के पांच ग्राम सचिवों को जिला पंचायत राज अधिकारी ने पंचायत सहायक भवन के निर्माण कार्य का भुगतान पंचायत गेटवे से न करने के मामले में नोटिस जारी किया है। मंगलवार को जारी किए गए नोटिस का जवाब तीन दिन में न देने पर सभी के वेतन रोकने की चेतावनी भी दी है।

पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि मूंढापांडे ब्लॉक गांव बरबार खास के ग्राम पंचायत सचिव रवि पाल, ग्राम पंचायत वीरपुर बरियार उर्फ खड़क के ग्राम पंचायत सचिव रणवीर सिंह, ग्राम पंचायत टाहनायक हसनगंज के पंचायत सचिव इंतजार हुसैन, ग्राम पंचायत बूझपुर आशा के पंचायत सचिव मोहन सिंह रावत, खईया खादर ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव विनोद सागर द्वारा पंचायत सहायक भवन के निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए निदेशालय प्रत्येक पंचायत सहायक भवन के निर्माण के 5 लाख रुपये पंचायत निधि से अलग से भेजे गए थे। इसके भुगतान निदेशालय ने पंचायत गेटवे पोर्टल से भुगतान करने के निर्देश दिए थे। लेकिन सचिवों नियम विरुद्ध पंचायत गेटवे से भुगतान न करके अन्य स्त्रोत से भुगतान किया है। जिसको लेकर सभी पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है।

## विधानसभा की तृतीय उप समिति का प्रथम अध्ययन दल अधिकारियों संग करेगा बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**जानकारी**

- 30 को होगी विभिन्न निगमों के अधिकारियों के साथ बैठक
- समीक्षा बैठक को लेकर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की तृतीय उप समिति के प्रथम अध्ययन दल के सभापति और 6 सदस्यीय दल 30 सितंबर को विभिन्न निगमों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

इस प्रथम अध्ययन दल में सभापति मनीष असीजा, सदस्य सरिता भदौरिया, जयकुमार सिंह जैकी, माधवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. सुधीर गुप्ता, चेतराम और सदस्य डॉ. अवधेश सिंह शामिल हैं। साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ 30 सितंबर को 10:00 बजे से बैठक और कार्यशील निगमों द्वारा संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में उप समिति के आगमन को लेकर बैठक कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। कहा कि निगम के अंतर्गत पूरे हो चुके अथवा वर्तमान में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी के साथ अधिकारी बैठक में समय से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान उप समिति द्वारा जल निगम, पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, राजकीय निर्माण निगम, सेतु निगम, वक्फ विकास निगम, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद, राज्य भंडार निगम सहित अन्य क्रियाशील निगमों की प्रगति के बारे में समीक्षा की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एसपी यातायात सुभाष गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर आयुक्त नगर निगम अतुल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



राज्य कर के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड द्वितीय को अपील ज्ञापन देते अधिवक्ता।

## टैक्स अधिवक्ताओं ने किया मौन प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उप्र टैक्स बार एसोसिएशन के आह्वान पर जनपद में कार्यरत टैक्स अधिवक्ताओं ने मुंह पर पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया। मंगलवार को एसोसिएशन की ओर से गठित निष्पक्ष न्याय अभियान समिति के अंतर्गत राज्य कर कार्यालय के अधिवक्ता कक्ष में बैठक की। बैठक में टैक्स अधिवक्ताओं ने कार्यपालिका द्वारा न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप बढ़ाकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता व निष्पक्षता को खतरे में डालने का आरोप लगाया। टैक्स अधिवक्ताओं ने राज्य कर के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड द्वितीय को अपील ज्ञापन दिया। इस मौके पर मुरादाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन के जोनल चेयरमैन राजीव जौहरी, अरविंद सिंघल, उपदेश अग्रवाल, अमर शर्मा, राजीव टंडन, राकेश चंद्र शर्मा, नवीन मिश्रा, वरुण भटनागर, विनेश माथुर आदि शामिल रहे।

## सफाईकर्मियों की संपत्ति का विवरण ऑनलाइन न होने पर रुकेगा वेतन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले के 10 सफाई कर्मियों ने अपनी सर्विस रिकार्ड में अपनी संपत्ति का लेखाजोखा फीड नहीं किया है। जिसको लेकर निदेशालय ने जिला पंचायत अधिकारी को 31 सितंबर तक सभी की संपत्ति का विवरण ऑनलाइन सर्विस रिकार्ड में फीड न कराए जाने पर वेतन रोकने की चेतावनी दी है। जिला पंचायत राज विभाग के कर्मचारी 10 सफाई कर्मियों के परिजनों की तलाश कर रहे हैं। जिसमें 7 सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। दो लंबे अनुपस्थित चल रहे हैं। इसको लेकर सफाई कर्मी को पटल देख रहे संबंधित बाबू को मृतकों के मृत्यु प्रमाण लगाने को कहा है। वहीं अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों की भी तलाश की जा रही है।

**प्रतियोगिता** एसएस इंटर कालेज ने मदन स्वरूप कालेज और पारकर कालेज ने आकांक्षा विद्यापीठ कालेज को हराया

# आज एसएस व पारकर इंटर कालेज के बीच होगा फाइनल मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंगलवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के संयोजन में माध्यमिक विद्यालयों की जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-19 का आयोजन पारकर इंटर कालेज के मैदान में हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु यादव व पारकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर एसके नेथन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके कराई।

पहला मैच महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज व एसडीएम इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन की टीम सात विकेट से विजयी रही। दूसरा मैच आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज और हैबिट मुस्लिम इंटर कालेज संकुल के बीच खेला गया, जिसमें आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज सात विकेट से जीता। तीसरा मैच चित्रगुप्त इंटर कालेज और विद्या निकेतन इंटर कालेज सिरसवा हरचंद संकुल के बीच खेला गया। जिसमें चित्रगुप्त इंटर कालेज 16 रन से जीता। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मदन स्वरूप इंटर कालेज हरियाना और एसएस इंटर कालेज संकुल के बीच में खेला गया। जिसमें एसएस इंटर कालेज 10 विकेट से विजेता रहा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल पारकर इंटर कालेज और आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें पारकर इंटर कालेज सात रन से जीता। फाइनल मुकाबला एसएस इंटर कालेज व पारकर इंटर कालेज के बीच बुधवार को खेला जाएगा। चयनकर्ताओं के रूप में सचिन चौधरी, भोजराज सिंह व देश दीपक रहे। इस मौके पर बंश बहादुर, वीर सिंह, राजपाल सिंह, अनूप कुमार अग्रवाल, प्रतुल शर्मा, सुमित कुमार शर्मा, अंजू रानी, निशीत विजोय दास, कृपा शंकर, नरपत सिंह यादव व कपिल यादव शामिल रहे।



सोनकपुर स्टेडियम में अभ्यास करतीं फुटबॉल खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिए महिला खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को भी जारी रहा। जिसमें महिला खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। सोमवार को सोनकपुर स्टेडियम में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली प्रदेशीय टीम का विशेष प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई थी। यह शिविर सात अक्टूबर तक स्टेडियम में ही चलेगा। मंगलवार को दूसरे दिन विशेष प्रशिक्षण प्रशिक्षण में महिला खिलाड़ियों ने खेल की बारीकी सीखीं। इस दौरान इरशाद अहमद ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। बताया कि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 10 से 14 अक्टूबर तक नोएडा में आयोजित होगी। जिसमें चयनित टीम इसमें प्रतिभाग करेगी।

## 20 करोड़ की संपत्ति को कराया कब्जामुक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अपर नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी अतिक्रमण अजीत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने लाकड़ी फाजलपुर बाईपास के निकट नेक्सा मारुति सर्विस सेंटर के सामने स्थित गाटा 2485 मि. रकबा 0.238 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

नोडल अधिकारी ने बताया कि कब्जे में तेजरान और प्रेमशंकर पुत्र भूखन सरन के साथ महिलाओं और असामाजिक तत्वों द्वारा सहयोग किया जा रहा था। नगर निगम के अधिकारी, प्रवर्तन दल टीम और मझोला थाना की पुलिस ने भूमि को कब्जा मुक्त कराने के बाद बाउंड्रीवॉल का निर्माण प्रारंभ कराया। बताया कि संपत्ति निगम की है और इसका बाजार मूल्य 20 करोड़ रुपये है। कार्रवाई के दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, सहायक अभियंता निर्माण रईस अहमद, अवर अभियंता शिवमोहन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश गौतम, प्रवर्तन दल प्रभारी एसके शाही आदि रहे।

## मेथोडिस्ट इंटर कॉलेज में टीएलएम का आयोजन कल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विभिन्न विषयों के शिक्षकों को किया गया है आमंत्रित

**अमृत विचार :** माध्यिक शिक्षा विभाग गुरुवार को पीलीकोठी के पास स्थित मेथोडिस्ट इंटर कॉलेज में टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें 38 राजकीय विद्यालय के शिक्षक शामिल होंगे। इन्हीं विद्यालयों को शिक्षण अधिगम सामग्री तैयार करने के लिए ग्रांट दी गई थी।


टीएलएम में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक आमंत्रित किए गए हैं। यह कार्यक्रम में अपने स्तर से तैयार की गई शिक्षण अधिगम सामग्री प्रस्तुत करेंगे। इनकी सामग्री का मूल्यांकन करने के लिए डीआईओएस ने डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर व जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में जो शिक्षक सर्वश्रेष्ठ चुने जाएंगे, उन्हें मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले टीएलएम कार्यक्रम में मौका मिलेगा। एसआरजी साइंस की नोडल अधिकारी बबिता मेहरोत्रा ने बताया कि टीएलएम कार्यकम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसके लिए शिक्षकों को सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कक्षा शिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) का उपयोग करने वाले शिक्षक बेहतर परिणाम लाते हैं। उन्होंने बताया कि टीएलएम के जरिए शिक्षक ने अपने शैक्षणिक मॉडल के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता तथा दक्षता का भी प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला के चयनित शिक्षक अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे।

**आज का मौसम**

कहीं कहीं छिटपुट बारिश की संभावना है।

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:04 | सूर्यास्त 06:10

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## एक नजर

### मामूली विवाद में सिलेंडर उतार रहे व्यक्ति से मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मामूली विवाद में पिता-पुत्र ने सिलेंडर उतार रहे व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटघर थाना क्षेत्र के रहमतनगर गली नंबर 8 निवासी शाहनवाज सिलेंडर का काम करता है। उसके पिता यूनुस ने दी तहरीर में बताया कि बीते 15 सितंबर को सुबह करीब 10:30 बजे शाहनवाज गाड़ी से सिलेंडर उतार रहा था। आरोप लगाया कि इसी समय सामने की दुकान से गांव हृदयपुर निवासी शाहरुख उसका पिता अब्दुल और शाहरुख का बेटा आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से शाहनवाज के पैर में कई वार किए, जिससे वह घायल होकर गिर गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गागन पुल, कांठ रोड व हवाई अड्डे के समीप लगेगा राष्ट्रीय ध्वज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में निदेशक मंडल ने मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की संचालित और पूरी हो चुकी परियोजनाओं के लिए ओनरशिप अंतिमकृत करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जल्द समाप्त करने का निर्देश दिया।

मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना रिहैबिलिटेशन ऑफ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम कार्य के अंतर्गत नगर के सूर्यनगर स्थित ढक्का की पुलिया निर्माण का अतिरिक्त कार्य एजेंसी सीएंडडीएस उत्तर प्रदेश, जल निगम नगरीय मुरादाबाद को देने की स्वीकृति दी गई। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना सिटी ब्रांडिंग कार्य के अंतर्गत पूर्व में नगर के इंपीरियल तिराहे और सर्किट हाउस में लगाए गए 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के कार्य का अनुमोदन किया गया। साथ ही महानगर में गागन पुल, कांठ रोड एवं मूंढापांडे स्थित हवाई अड्डे के समीप राष्ट्रीय ध्वज लगाने की स्वीकृति दी गई। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना कल्चरल इवेंट, प्रमोशन, फेस्टिवल्स, प्रमोशन हैंडीक्राफ्ट मेला कार्य के अंतर्गत महानगर में 30 अक्तूबर को ड्रोन शो कराने का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण शैलेश कुमार, नगर आयुक्त /सीईओ दिव्यांशु पटेल, डिप्टी सेक्रेटरी राम सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विवेक भास्कर सहित आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन में मिली किशोरी सीडब्ल्यूसी को सौंपा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिहार की ओर से आ रही ट्रेन में सवार किशोरी को शक होने पर आरपीएफ ने मुरादाबाद में उतार लिया। किशोरी आरपीएफ को सही जानकारी नहीं दे पाई तो उसे रेलवे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया। जहां से किशोरी को सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया।

बीते सोमवार को बिहार की ओर से आने वाली ट्रेन में आरपीएफ को किशोरी अकेली सफर करती मिली। पूछताछ में किशोरी द्वारा कुछ खास न बताए जाने पर आरपीएफ ने उसे रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया। मंगलवार को किशोरी को सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया। समिति ने किशोरी की उम्र अधिक लगने पर संतुष्टि के लिए मेडिकल कराने के निर्देश दिए। बेंच ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट किशोरी के बारे में सदस्यों ने बताया कि किशोरी बिहार के मोतीहारी की रहने वाली है। उसके बताए पते को चेक कराया जा रहा है।

### नशे में लिप्त परिवारों की निगरानी में लगाई गईं 6 टीमें, आने-जाने वालों पर भी निगाहें

# 'ऑपरेशन द एंड' से खत्म होगा नशे का गोरखधंधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आदर्श कॉलोनी में दबिश के दौरान मौजूद एसपी सिटी व अन्य पुलिसकर्मी।

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस के आादर्श कॉलोनी में अवैध रूप से बनाकर बेची जा रही कच्ची शराब पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस अब ''ऑपरेशन द एंड'' चलाएगी। साथ ही नशे के गोरखधंधे में लिप्त परिवारों का सत्यापन कराकर योग्य लोगों को नौकरी दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा। फिलहाल पुलिस की 5 से 6 टीमें निगरानी के लिए लगाईं गईं हैं।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया है कि आदर्श कॉलोनी में पिछले कई दशकों से भातु जनजाति रहती है। इनमें से ज्यादातर परिवार कई दशकों से नशे के गोरखधंधे में लिप्त हैं। बेखौफ होकर अवैध रूप से भातु कच्ची शराब बनाने और मदक पदार्थों की तस्करी का काम करते आ रहे हैं। पुलिस की सख्ती के बाद नशीले पदार्थों का गोरखधंधा बंद कर देते हैं। बाद में फिर वैसे से ही शुरू कर देते हैं। उन्होंने बताया है कि इस गोरखधंधे को रोकने के लिए पहले कई बार प्रयास किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस ने ''ऑपरेशन द एंड'' शुरू किया है। आदर्श कॉलोनी में ऑपरेशन में पुलिस की 5 से 6 टीमों को लगाया गया है। दो शिफ्टों में टीमें 24 घंटे नशे में लिप्त परिवारों की निगरानी करेंगी। आने-जाने वाले रास्ते पर भी चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। हर व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है।

### नशे की दलदल में फंस कर भविष्य बर्बाद कर रहे बच्चे

एसपी सिटी ने बताया है कि नशे की लत सिर्फ नशा करने वाले व्यक्ति को ही नहीं प्रभावित करती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को पीड़ा देती है। पुलिस प्रशासन ने कोई इस दर्द से न गुजरे इसलिए नशे के सौदागरों को आदर्श कॉलोनी से खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन द एंड' चलाया है। कॉलोनी के बच्चे नशे के दलदल में फंसकर अपना जीवन और भविष्य दोनों बर्बाद कर बैठे हैं। उन्होंने बताया है कि ऑपरेशन द एंड के माध्यम से नशे में लिप्त परिवारों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद जो रोजगार योग्य होंगे, उन्हें नौकरी दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा।

साथ ही कच्ची शराब बनाने वाले रॉ-मैटेरियल पर भी रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# वोटर लिस्ट से नाम हटाने पर भड़के सपाई

## पूर्व विधायक ने जिन्दा व्यक्तियों को मृतक दिखाकर मतदाता सूची से नाम हटाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन करते सपा के पूर्व व मौजूदा विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

**कुंदरकी विस उपचुनाव**

- कहा, मेरे पिता समेत परिवार के ही तीन सदस्यों के नाम हटाए
- कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मतदाता सूची पर जताया विरोध

**अमृत विचार:** कुंदरकी में उप चुनाव को निर्वाचन कार्यालय से जारी हुई वोटर लिस्ट में सपा के हजारों मतदाताओं के नाम हटा देने का आरोप लगाकर सपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने अपने पिता समेत परिवार के तीन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप लगाया। सपाइयों ने आरोप लगाया कि उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा नेताओं के इशारे पर जीवित लोगों को मृत दर्शाकर मतदाता सूची से नाम हटा दिए गए हैं।

जिला अध्यक्ष जयवीर के नेतृत्व में कुंदरकी विधानसभा से सपा के पूर्व विधायक हाजी रिजवान समेत सैकड़ों मतदाता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां वोटर और कार्यकर्ताओं ने मैं, जिन्दा हूं मृतक दर्शाकर वोटर लिस्ट से मेरा नाम काट दिया गया है, अभी मेरी शादी नहीं हुई है फिर शादीशुदा बताकर वोट क्यों काट दिया, मैं जिंदा हूं, मैं अविवाहित हूं स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही ऐसे सभी बीएलओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि सरकार के इशारे पर प्रशासन बीएलओ के माध्यम से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने में जुटा है। समाजवादी पार्टी के समर्थकों और जिंदा वोटरों को मृत बताकर अविवाहित लोगों को विवाहित बताकर भारी संख्या में वोटर लिस्ट से नाम कटवाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में हार से बौखलाई भाजपा सरकार उपचुनाव में जीत के लिए हर हथकंडे को अपनाने में लगी है। कुंदकरी विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी ही जीतती आई है और उपचुनाव में भी भारी मतों से जीतेगी।

पूर्व विधायक कुंदरकी हाजी रिजवान ने कहा सरकार के इशारे पर ही यादव, दलित, पिछड़ा एवं मुस्लिम वर्ग के बीएलओ को हटाकर दूसरी जातियों के बीएलओ बना दिए गए हैं। इनके माध्यम से फर्जी तरीके से फार्म नंबर सात भरकर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरे ही घर के पिताजी सहित तीन सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन्दा लोगों को मृत दिखाकर एवं अविवाहित लोगों को विवाहित दिखाकर जो वोट काटे गए हैं। उसकी सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी भेजी गई है। प्रदर्शन में देहात विधायक नासिर कुरैशी, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, राजेश यादव, लाखन सिंह सैनी, बाबर खान, धर्मेंद्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, नरेश शर्मा, शैलेंद्र यादव, इमरान अंसारी, असलम चौधरी, आदित्य चौधरी, कुशल यादव, नाजिम खान एडवोकेट, जयपाल सिंह सैनी, अताउरहमान, अक्षय भटनागर, प्रदीप यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि, गोविंद प्रजापति, सुरेंद्र शर्मा, विनीत यादव, प्रशांत सैनी, मनोज यादव, मुजाहिद अली, संजय अग्रवाल, कुलदीप तुरैहा, मो आरिफ, मो हुसैन, कानू प्रधान, जाबिर अली, जुनैद आलम शामिल रहे।

# जिले में पूरी तरह से बेखौफ हो गए हैं खनन माफिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> भोजपुर में ढेला नदी के किनारे रविवार की रात को अवैध खनन कर रहे माफियों को पकड़ने के लिए एसडीएम और तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौक पर पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने अधिकारियों समेत टीम पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया था। मामले में 8 से 10 आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। जल्दी सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **-कुंवर आकाश सिंह,** प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक देहात

**अमृत विचार:** जिले में खनन माफिया पूरी तरह से बेखौफ हो चुका है। मौके पर अधिकारियों के पहुंचने पर भी भय नहीं है। जबकि खनन विभाग की टीम पर लगातार हमले हो रहे हैं। कार्रवाई के बावजूद खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। राजस्व विभाग की टीम पर हमले कोई नए नहीं हैं। इससे पहले ठाकुरद्वारा के तत्कालीन एसडीएम परमानंद सिंह और खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने 13 सितंबर 2022 को ठाकुरद्वारा के तिकोनिया के पास अवैध खनन में लगे डंपर पकड़े थे। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंचे खनन माफिया और उनके गुर्गों ने टीम पर हमला कर चार डंपर छुड़ा लिए थे।

इस मामले में खनन इंस्पेक्टर अशोक कुमार की तहरीर पर पांच नामजद और 150 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मुख्यमंत्री योगी के संज्ञान में आने के बाद 9 आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। इसके बाद 12 अक्टूबर 2022 को ठाकुरद्वारा पुलिस और एसओजी की टीम आरोपी जफर को कमालपुरी चौराहे के पास घेरी थी। बाद में वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए जिले के सीमा से भाग कर उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर लिया था।

# महिला का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कब्र से महिला के शव को निकालते गांव के लोग व पुलिसकर्मी।

> महिला की मौत के बाद ससुरालियों ने बिना पोस्टमार्टम कराये ही शव दफना दिया था। मृतका के पिता ने दहेज उत्पीड़न में हत्या व साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाया था। उन्होंने पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किराया था। मामले की जांच की जा रही है। मंगलवार को शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसके बाद ही मौत के स्पष्ट कारण की पुष्टि हो पाएगी।
>
> **-कुमार रणविजय सिंह,** एसपी सिटी

**आरोप**

- पिता की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई
- ससुरालियों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही दफना दिया था शव

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने 17 दिन बाद कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पिता ने दहेज उत्पीड़न में महिला की हत्या कर शव ठिकाने लगाकर साक्ष्य मिटाने कर आरोप लगाया था। मामले में डीआईजी के आदेश पर पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

कुंदरकी थाना क्षेत्र के डींगरपुर रोड निवासी नफीस अहमद सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने अपनी बेटी अंजुम बी (35) की शादी 11 साल पहले मूंढापांडे के ककरघटा निवासी इमदाद हुसैन के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज के लिए अंजुम बी को प्रताड़ित करते थे। महिला के पिता ने उसके पति को एक कार खरीदकर दी थी। इसके बाद भी उसका लालच खत्म नहीं हुआ। आरोपी ने अंजुम पर दबाव बनाया कि वह अपने मायके से 10 लाख रुपये लेकर आए। विरोध करने पर मारपीट करता था। पिता नफीस का आरोप है कि सात सितंबर की सुबह इमदाद, उसके पिता शाहिद हुसैन, भाई सद्दाम हुसैन, दिलशाद और इस्तेकार ने अंजुम की हत्या कर दी। सूचना पर नफीस और उनके परिवार के लोग पहुंचे तो सुसरालियों ने उन्हें धमकी देकर भगा दिया और शव दफन कर दिया। नफीस ने मामले की शिकायत मूंढापांडे थाने पहुंचकर की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। तब पीड़ित ने डीआईजी मुनिराज जी से न्याय की गुहार लगाई थी। डीआईजी के आदेश पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। मंगलवार को महिला की मौत के 17 दिन बाद पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### महिला के गले पर थे चोट के निशान

बेटी की मौत की जानकारी मिलने पर नफीस अहमद अपने परिवार के लोगों के साथ ककरघटा पहुंचे थे। तब उन्हें अंजुम का शव फर्श पर पड़ा मिला था। उन्होंने अंजुम के गले में चोट के निशान होने की बात कही थी। मायके वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा था, लेकिन ससुरालियों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। अंजुम के तीन बच्चे फरहान, नविता और अफदाल है।

# 1 अक्टूबर से होगी कैश एंड कैरी की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारियां**

- मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की पहल
- नया मुरादाबाद में शुरू होगी हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की बिक्री

> एसोसिएशन के भवन में स्टाल तैयार हो गए हैं। भवन में निर्यातकों को मार्केटिंग की सुविधा देने के लिए स्टाल तैयार कराए गए हैं। इसके बाद निर्यातक अपने उत्पाद की मार्केटिंग व आर्डर ले सकेंगे। इसकी शुरूआत एक अक्टूबर से की जा रही है।
>
> **-नवेदुर्रहमान,** अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन

**अमृत विचार:** मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की पहल पर अब निर्यातक महानगर में ही हैंडीक्राफ्टस उत्पाद की बिक्री कर सकेंगे। नोएडा में लगने वाली एक्सपो मार्ट की तर्ज पर नया मुरादाबाद में कैश एंड कैरी मार्ट शुरू हो रही है। एमएचईए के भवन में निर्यातकों के लिए नौ-नौ मीटर के स्टाल तैयार किए गए है। इन्हें एक साल के लिए किराये पर दिया जा रहा है। इसके बाद देशी व विदेशी ग्राहक मुरादाबाद आकर निर्यातकों के उत्पादों की खरीदारी करेंगे।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा नया मुरादाबाद स्थित एसोसिएशन के भवन में महानगर के निर्यातकों के लिए नौ-नौ मीटर के स्टाल तैयार कराए गए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदुर्रहमान ने बताया कि निर्यातकों को अपने उत्पादों की मार्केटिंग करने के लिए 50 स्टाल तैयार किए गए हैं। एसोसिएशन के सदस्य निर्यातकों को ही मार्केटिंग की सहूलियत के लिए स्टाल दिए जाएंगे। आगे चलकर एसोसिएशन की नई सदस्यता लेने वाले निर्यातकों को स्टाल देने पर भी विचार किया जाएगा। अभी फिलहाल नई सदस्यता देना बंद है। स्टाल पर निर्यातक अपना उत्पाद सीधे खरीदार को बेच सकेंगे साथ ही फैक्ट्री विजिट के लिए मुरादाबाद आने वाले विदेशी ग्राहक उत्पादों को देखकर अपने ऑर्डर भी दे सकेंगे। यह स्टाल एक साल के लिए निर्यातकों को किराये पर दिए जाएंगे। इसका किराया दो लाख रुपये होगा। निर्यातक महानगर में ही अपने उत्पाद की मार्केटिंग व उसकी बिक्री करेंगे। कैश एंड कैरी मार्ट की शुरूआत एक अक्टूबर से होने जा रही है।

**आगाज** ग्रेटर नोएडा में आज से होगी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरूआत, निर्यातकों को होगा लाभ

# यूपी को वैश्विक व्यापार केंद्र बनाने को काम कर रही सरकार : सचान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को स्मृति चिह्न देते मुरादाबाद के निर्यातक।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वाधान में आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की पूर्व संध्या पर एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ट्रेड शो यूपी को वैश्विक सोर्सिंग केंद्र के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यूपी को वैश्विक व्यापार केंद्र बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश 37 सेक्टरों में अपनी व्यापारिक और वाणिज्यिक क्षमताओं को एक ही छत के नीचे इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में प्रदर्शित करेगा। शो में राज्य की समृद्ध संस्कृति, व्यंजन, शिल्प और परिवर्तनकारी विकास को भी प्रदर्शित किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट और यूपीआईटीएस 2024 जैसे प्रयास उत्तर प्रदेश की निर्यात वृद्धि, एमएसएमई विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में हुई महत्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित करेंगे। यह आयोजन राज्य की आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है और उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, निवेशकों और हितधारकों के लिए एक अनिवार्य रूप से भाग लेने योग्य कार्यक्रम है, जो उत्तर प्रदेश के विविध उद्योगों और क्षमताओं को प्रदर्शित करते हुए व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा।

इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन राकेश कुमार ने बताया कि मेले में मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक, कृषि, वस्त्र, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे क्षेत्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इसकी शुरूआत करेंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री जीतन राम मांझी, नंद गोपाल गुप्ता, वियतनाम के राजदूत महामहिम गुयेन थान्ह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि विजीटर वियतनाम की समृद्ध संस्कृति, व्यंजन और अद्भुत उत्पादों का अनुभव करेंगे। शो में 2500 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ 3.5 लाख से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों की उपस्थिति की उम्मीद है।

### केंद्रीय वस्त्र मंत्री से मिला ईपीसीएच का प्रतिनिधिमंडल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आगामी अक्टूबर माह में 16 से 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले आईएचजीएफ फेयर के तहत मंगलवार को ईपीसीएच के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान ईपीसीएच प्रतिनिधिमंडल ने वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को आईएचजीएफ फेयर के लिए आमंत्रित किया और उनसे मेले का उद्घाटन करने का आग्रह किया, जिसे मंत्री गिरिराज सिंह ने स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में ईपीसीएच के चीफ मेंटर एवं इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार, ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैध, ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना, वाइस चेयरमैन सागर मेहता, ईपीसीएच के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आरके वर्मा और एडिशनल एग्जीक्यूटिवडायरेक्टर राजेश रावत शामिल रहे।

## हिंदू महिला से निकाह कर रहे युवक पर रिपोर्ट

**मुरादाबादः अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में हिंदू युवती से निकाह करने वाले आफताब के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूंढापांडे थाना निवासी अफताब बेंगुलरु में सैलून पर काम करता है। करीब छह माह पहले रेलवे स्टेशन पर उसकी मुलाकात बिहार के भोजपुर जिले की रहने वाली एक हिंदू महिला से हुई थी। दोनों ने एक-दूसरे का नंबर लिया और फोन पर बातचीत से नजदीकियां बढ़ गई। 9-10 सितंबर को युवती को आफताब ने मुरादाबाद बुला लिया। इसके बाद रविवार की रात दोनों के निकाह की तैयारी चल रही थी। तभी सूचना पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मूंढापांडे थाने पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को हिरासत में ले लिया। एसपी सिटी ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी आफताब पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आरोप**

- विरोध करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी
- पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र की महिला से नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवक ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। साथ ही अश्लील वीडियो भी बना ली। विरोध करने पर युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के कॉलोनी निवासी महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने बेटे के साथ रहती है। महिला का चार साल पहले तलाक हो गया था। वह नौकरी की तलाश में जुटी थी। 26 जुलाई को उसकी मुलाकात कटघर के रहमत नगर निवासी युवक से हुई थी। युवक ने महिला की नौकरी लगवाने के लिए उससे दो फोटो और आधार कार्ड ले लिया। इसके बाद युवक ने पीड़िता को 30 जुलाई को ज्वाइनिंग कराने के लिए गागन के पुल पर बुला लिया। आरोप है कि वहां से बाइक पर बिठाकर युवक अपने साथ उसे जन्नत बाग क्षेत्र के सूनसान इलाके में ले गया। आरोप है कि इसी दौरान युवक ने उसे बैग से नशीला पदार्थ मिली कोल्डड्रिंक निकालकर पकड़ा दी। कोल्डड्रिंक पीने के बाद महिला बेहोश हो गई। खंडहर में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील वीडियो भी बना ली। होश में आने के बाद महिला ने खुद को बदहवास हालत में पाया। विरोध करने पर युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने मामले में एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर


भाविप की ओर से शिक्षिका को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### भारत विकास परिषद ने किया शिक्षिका का सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के स्थित प्रताप सिंह हिंदू कन्या इंटर कालेज में भारत विकास परिषद की ओर से छात्र वंदन-गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं वन्दना द्विवेदी और शशिवंश को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने बताया कि कक्षा छह से 12 तक अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी इस कार्यक्रम में विशिष्ट प्रमाण पत्र देकर अभिनंदन किया गया।

### समिति के प्रांत प्रचार प्रमुख बने डॉ. मनोज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के वरिष्ठ साहित्यकार व इतिहासकार डॉ. मनोज रस्तोगी को भारतीय इतिहास संकलन समिति मेरठ प्रांत के प्रचार प्रमुख का दायित्व दिया गया है। इस पद पर उनका मनोनयन समिति के प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार रस्तोगी ने किया है। डॉ. रस्तोगी का मुरादाबाद की साहित्यिक व सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और परंपरा के संरक्षण व लेखन कार्य में उल्लेखनीय योगदान रहा है।



### स्वच्छता के रूप में मनाया राष्ट्रीय योजना दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के चित्रगुप्त इंटर कालेज में मंगलवार को राष्ट्रीय योजना दिवस को स्वच्छता ही सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से सिंगल यूज पॉलीथिन एकत्र कर नगर निगम को सौंपी जाएगी। रैली में प्रधानाचार्य वीर सिंह, पार्षद विशाल सिह, डॉ. विशेष कुमार शर्मा, अमन सक्सेना, राजू शर्मा, जयपाल सिंह समेत दोनों इकाइयों के सभी स्वयंसेवक शामिल रहे।

# गोकशी के तीन आरोपियों की लाखों की संपत्ति जब्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गैंगस्टर एक्ट के तहत डीएम के आदेश पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में गोकशी के मामले में तीन गैंगस्टरों की 13 लाख 30 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत डीएम के आदेश पर की गई है।

मंगलवार को एसएचओ मूंढापांडे आरपी शर्मा ने पुलिस बल को साथ लेकर नायब तहसीलदार सुरेंद्र सिंह की मौजूदगी में तीन गांवों में पहुंच कर जब्तीकरण की कार्रवाई की। पहली कार्रवाई मूंढापांडे के गांव दौलरा में आरोपी सलाउद्दीन के खिलाफ हुई। उसके 89.03 वर्गमीटर पर बना मकान कुर्क किया गया, जिसकी कीमत 1 लाख 96 हजार 951 रुपये आंकी गई है। इसके बाद टीम गांव सक्टूनगला पहुंच कर गोकशी के आरोपी अब्दुल रहीम और उसके बेटे फरमान का 10 लाख 30 हजार रुपये कीमत का मकान कुर्क किया गया। आरोपी अब्दुल रहीम के खिलाफ भोजपुर, कटघर, और मूंढापांडे थाने में 8 और उसके बेटे फरमान के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह तीसरी कार्रवाई मझोला थाना क्षेत्र के करूला पीर का बाजार में आरोपी जावेद और उसके भाई शहजाद के यहां की गई। जावेद पर तीन और शहजाद पर 6 मुकदमे दर्ज है। इनकी गोकशी से कमाए गए रुपयों से खरीदी गई एक स्कूटी जब्त की गई, जिसकी कीमत 55 हजार रुपये आंकी गई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गिरोहबंद अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## जीवन में सफलता को खुद को जानना होगा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ओर से लीडरशिप टॉक सीरीज के छठे सेशन की शुरूआत की गई।

टीईडीएक्स एवं जोश टॉक स्पीकर स्वर्निल कौर, सीनियर कंसलटेंट साइकोलॉजिस्ट महती चंद्रशेखर, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर मंजुला जैन ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं द कंप्लीट ह्यूमनिस्ट पर देहरादून की स्वर्निल कौर बोलीं कि जीवन में सक्सेस के लिए हमें खुद को जानना होगा। दिल्ली की सीनियर कंसलटेंट साइकोलॉजिस्ट महती चंद्रशेखर ने कहा कि उच्च शिक्षा के दौरान किसी भी स्टूडेंट्स को इंटरनल और एक्सटर्नल एकेडमिक प्रेशर को फेस करना पड़ता है। इस मौके पर डॉ. नेहा आनंद, प्रोफेसर प्रवीन जैन, डॉ. वरुण कुमार सिंह, दीपक कटियार, रश्मि पांडेय, ममता वर्मा, प्रोफेसर गणेश भट्ट व दीपक मलिक शामिल रहे।

### एएनएम की उपलब्धता कम होने से स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं प्रभावित, शासन से होनी है भर्ती

# एएनएम के 105 पद खाली, भर्ती का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफरी) के 105 पद रिक्त हैं। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के कई जरूरी कार्य भी प्रभावित होते हैं जबकि, प्रभावित होने वाले सभी कार्य रोगी के स्वास्थ्य से ही जुड़े हैं। दरअसल, एएनएम का मुख्य कार्य मातृत्व देखभाल है। छोटी-मोटी बीमारियों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल और उपचार की पेशकश के अलावा, एक एएनएम नर्स ऑपरेशन थियेटर व विभिन्न उपकरणों की देखभाल का भी काम है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि एएनएम के रिक्त पदों के संबंध में कई बार सीएमओ स्तर से स्वास्थ्य महानिदेशालय को अवगत कराया गया है। लेकिन, भर्ती के संबंध में कोई अपडेट जानकारी वहां से नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि एएनएम के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शासन स्तर से ही शुरू होनी है। उन्होंने स्वीकार किया है कि एएनएम के स्वीकृत पदों के सापेक्ष उनकी तैनाती न होने से स्वास्थ्य संबंधी तमाम योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है। रोगियों को समय से स्वास्थ्य सेवा मिलने में भी विलंब होता है।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर एएनएम की तैनाती की स्थिति**

| स्वास्थ्य केंद्र | स्वीकृत पद | नियुक्त | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| बिलारी | 45 | 36 | 9 |
| ठाकुरद्वारा | 33 | 33 | 0 |
| डिलारी | 43 | 32 | 11 |
| भोजपुर | 38 | 32 | 6 |
| ताजपुर | 30 | 29 | 01 |
| एमडीपी | 41 | 37 | 04 |
| कुंदरकी | 55 | 49 | 06 |
| कांठ | 39 | 39 | 00 |
| महिला अस्पताल | 02 | 02 | 0 |
| एनयूएचएम | 129 | 61 | 68 |

**कहां के लिए एएनएम के कितने पद सृजित**

- 455 पद जिले में स्वीकृत हैं।
- 324 पद ग्रामीण क्षेत्र के लिए हैं।
- 02 पद जिला महिला अस्पताल में संविदा के हैं।
- 89 पद अर्बन पीएचसी पर हैं।
- 40 पद अर्बन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हैं।

**एएनएम की तैनाती**

- 350 पदों पर एएनएम कुल तैनाती है।
- 288 एएनएम ग्रामीण क्षेत्र में तैनात हैं।
- 62 एएनएम महिला अस्पताल व अर्बन पीएचसी एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर तैनात हैं।
- 110 एएनएम ग्रामीण क्षेत्र की संविदा पर हैं।
- 49 एएनएम अर्बन क्षेत्र में संविदा पर हैं।

# नवरात्र के दौरान मांस और शराब की दुकानों को बंद करने की मांग

### जिलाधिकारी के माध्यम से शिवसैनिकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कलेक्ट्रेट पर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते शिवसेना के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** मंगलवार को शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और नवरात्र के नौ दिन मंदिरों एवं पूजा पाठ स्थलों के पास मदिरा, मांस, मछली एवं अंडों की दुकानों को बंद कराने की मांग की। जिसको लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

जिला प्रमुख गुड्डू सैनी एवं महानगर प्रमुख मनोज के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने नवरात्र पर मुरादाबाद जनपद में मांस एवं शराब की दुकानों को बंद कराने की मांग को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जहां उन्होंने अपनी मांगों लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा। वहीं प्रदर्शनकारियों को गुड्डू सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि समस्त सनातन समाज द्वारा नवरात्र पर नौ दिनों का विशेष पूजा एवं व्रत किया जाता है। जिसमें प्रतदिन मंदिरों में माताओं, बहनों एवं बेटियों की आवाजाही रहती है। उनको मांस, मछली, अंडे की दुकानों एवं मदिरा की दुकानों से समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए पर्व के नौ दिन मदिरा एवं मांस-मछली की दुकानें बंद रखी जाए।

इस दौरान महानगर प्रमुख मनोज कुमार, कुशल सिंह, भवानी सेना जिला अध्यक्ष पुष्पा सिरोही, विनोद कुमार सिरोही, राकेश कुमार प्रजापति, राजवीर सैनी, विकास कुमार, कपिल देव, ठाकुर दास सैनी, समर पाल सिंह, राजेन्द्र कश्यप, तिलक सैनी, अनिल कुमार, मंगलेश सैनी मुकेश वर्मा, सोनू सैनी गोपाल सैनी रवि कुमार, राजेश सैनी, रिंकू पाल आदि मौजूद रहे।

## शिकायत का कर दिया फर्जी निस्तारण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतपुर तिगरी के शिखर कुमार ने उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग की थी। इस मामले में संबंधित चिकित्सा अधिकारी ने शिकायतकर्ता से संपर्क भी नहीं किया और निस्तारण की रिपोर्ट लगा दी।

बताया जा रहा है कि इस मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की तरफ से बिना शिकायतकर्ता से संपर्क किए रिपोर्ट लगा दी गई थी। जिस पर अब इस प्रकरण को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संदर्भित किया गया है और इसके निस्तारण की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर निर्धारित की हुई है। शिकायतकर्ता शिखर कुमार का कहना है कि उन्होंने ग्राम पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव दिया था। जिसे स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकार भी कर लिया था और जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए थे। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि वह खुद इस मामले की निगरानी कर रहे हैं।


सर्किट हाउस में सांसद को ज्ञापन देते वुडन कारखानेदार।

# वुडन कारखानेदारों का वन विभाग पर उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंगलवार को वुडन कारखानेदारों ने सपा सांसद रुचि वीरा से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। वुडन कारखानेदारों का आरोप है कि वन विभाग उनका उत्पीड़न कर रहा है।

मंगलवार को भारी संख्या में इकट्ठा हुए वुडन कारखानेदार सर्किट हाउस पहुंचे। जहां सभी ने समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग निर्यातकों के लिए लकड़ी की हस्तशिल्प वस्तु को आकार देकर माल तैयार करते हैं। जिसके लिए उन्हें एक छोटे आकार की कटिंग मशीन की जरूरत होती है। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उसकी तुलना बड़ी आरा मशीन से की जा रही है। उसी के नाम पर वन विभाग द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। वुडन कारखानेदारों ने संसद से मांग करते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान होना चाहिए। इस मौके पर इरशाद सैफी एडवोकेट, आजम अंसारी, मुजफ्फर अली, खुर्शीद अली, मोहम्मद कादिर, मोहम्मद रकीब, इब्राहिम सैफी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आरिफ, हाजी याकूब, मोहम्मद असलम और अधिवक्ता अब्दुल खुर्शीद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सतर्कता जांच के विरोध में मुखर हो रहे शिक्षक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की जांच का विरोध तूल पकड़ता जा रहा है। इसी मामले को लेकर बुधवार को उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के पदाधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज में स्थित संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल के कार्यालय पर धरना देने वाले हैं। इसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी भी आ रहे हैं।

प्रांतीय महामंत्री सुनीत गिरि ने बताया कि एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन बुधवार को 12.30 बजे से होगा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा में हुई 40,000 से अधिक शिक्षकों/चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती में की गई अनियमितता के संबंध में सतर्कता अधिष्ठान जांच कर रहा है। इस मामले में शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने जेडी व डीआईओएस से अभिलेख तलब किए हैं। इसके संबंध में पहले एक आदेश उप्र सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ के पुलिस अधीक्षक ने जारी किया था।


सुनीता गुप्ता को सम्मानित करती वैश्य समाज की महिलाएं।

# संगठन मंत्री बनने पर सुनीता गुप्ता को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वैश्य समाज के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सुनीता गुप्ता के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी से उत्तर प्रदेश की संगठन मंत्री बनाए जाने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

रामगंगा विहार स्थित एक होटल में आयोजित समारोह में सुनीता गुप्ता ने वैश्य समाज संगठन के संरक्षक व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि सुनीता गुप्ता ने वैश्य समाज के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर लता अग्रवाल, सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता, सोनिया गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, मिलन गुप्ता, रीना गोयल, शैफाली रस्तोगी, शुभी रस्तोगी, कंचन, नेहा, प्रेमबाला, शर्मिला, शालिनी, सोनी, उषा, रुचि, प्रियंका, नीलम आदि मौजूद रहीं।

## दहेज उत्पीड़न में पति ने दिया तीन तलाक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर दी। फिर देवर और नंदोई ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करने लगे। विरोध करने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। कटघर थाना क्षेत्र के दस सराय चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने बीते दिनों डीआईजी को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह जून 2019 में मझोला क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि नशीली गोलियां खाने का आदी हो चुका पति उससे जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता था। पति ने 5 जनवरी को मारपीट कर दो बेटियों के साथ घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके चली गई। आरोप है कि 4 सितंबर को पति, सास, ननद, नंदोई और देवर लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। पति तीन तलाक देकर भाग गए। पीड़िता ने मामले में डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई है।



कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि पूर्व जिला गवर्नर राकेश सिंघल।

# पढ़ाई के साथ सामाजिक कार्यों में भी लें हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंगलवार को साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज में रोटरी क्लब सिविल लाइंस के तत्वावधान में इंट्रेक्ट क्लब का अधिष्ठापन समारोह आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राकेश सिंघल ने इंट्रेक्ट क्लब 2024-25 की नई अध्यक्ष स्नेहा रुहेला को कॉलर पहनकर नए सत्र की जिम्मेदारी सौंपी। स्नेहा रुहेला ने बताया कि टीम में सेक्रेटरी सौम्या कौशिक, वाइस प्रेसिडेंट वंशिका कत्याल, जॉइंट सेक्रेटरी अनमता नूर, ट्रेजर प्रतिज्ञा वर्मा और आयुषी गुप्ता, सर ऐट आर्म्स आरुषि राघव होंगी। प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने कहा कि पढ़ाई के साथ हमें सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके सुशील साहू, नरेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति को लेकर निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रतियोगिता में विजयी एनसीसी कैडेट्स के साथ कैंप कमांडेंट व अन्य।

- पोस्टर प्रतियोगिता में सुहानी, भाषण में फरहान को पहला स्थान

**अमृत विचार :** 23 यूपी बटालियन एनसीसी के चेतन चौहान मंडलीय होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित एनसीसी वार्षिक शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहानी, द्वितीय स्थान नीलाक्षी, तृतीय स्थान पर अभिषेक सैनी रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फरहान अहमद, द्वितीय पर मान्या, तृतीय पर मंतशा रही।

मंगलवार को कैंप कमांडेंट कर्नल रघु पठानिया, क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी प्रकाश सिंह, जिला मद्य निषेध अधिकारी मनोज कुमार ने विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मद्य निषेध विभाग ने सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए। मेजर राजीव ढल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का उद्देश्य एनसीसी कैडेट में जन जागरूकता फैलाना है। जिससे कि वह स्वयं नशे से दूर हो सके और दूसरों को भी नशे से दूर करने के लिए प्रेरित करे। एनसीसी कैडेटों द्वारा हाथों में तख्तियां व पोस्टर लेकर नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। संचालन मेजर राजीव ढल ने किया गया। इस मौके पर कैंप कमांडेंट कर्नल रघु पठानिया, डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल गौरव गुप्ता, लेफ्टिनेंट सर्वेंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट फुरकान अहमद, सूबेदार राजेंद्र सिंह, सूबेदार सतीश कुमार, सीएचएमएलएन मौर्या, हवलदार यतींद्र कुमार, हवलदार संजय कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, उत्तम कुमार राय आदि मौजूद रहे।

**खुशखबरी** अब परिवार की वार्षिक आय की कोई लिमिट भी नहीं, शत-प्रतिशत छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

# 23 साल बाद संस्कृत के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में वृद्धि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में संस्कृत विद्यालय के छात्रों के लिए खुशखबरी है। अब इन विद्यालयों में संस्कृत की शिक्षा ग्रहण करने वाले शत-प्रतिशत बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी, वह भी कई गुना बढ़कर। संस्कृत विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि 23 साल बाद हुई है। उनकी छात्रवृत्ति में वर्ष 2001 के बाद से कोई वृद्धि नहीं हुई थी। जिस पर शासन ने अभी कुछ दिनों पहले ही उनकी छात्रवृत्ति में कई गुना वृद्धि करने का फैसला किया है। अब कक्षा 9 व 10 में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को 1200 रुपये वार्षिक मिलेंगे। इसी तरह कक्षा 11-12 में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थियों को 1800 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिला करेगी। शास्त्री (स्नातक) करने वाले छात्र-छात्राओं को 2400 रुपये और आचार्य (परास्नातक) में अध्ययन करने वालों को 3000 रुपये वार्षिक में बतौर छात्रवृत्ति के मिलेंगे। इस मामले में शासन से भी निर्देश जारी हो गए हैं।

अपर जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने बताया कि जिले में संस्कृत विद्यालय एवं महाविद्यालयों की कुल संख्या 6 है। इनमें पढ़ने वाले शत-प्रतिशत बच्चों को छात्रवृत्ति देने के लिए निर्देश मिल हैं। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि इस छात्रवृत्ति के लिए किसी संस्कृत के छात्र के लिए खुद की या परिवार की वार्षिक आय की कोई बाधा नहीं रहेगी। वैसे पहले 50,000 रुपये वार्षिक आय वाले परिवार के संस्कृत छात्र को छात्रवृत्ति का लाभ मिल रहा था। उन्होंने बताया कि संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति में पात्रता का निर्धारण भी किया गया है। निर्धारित पात्रता के मुताबिक न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक और कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थित वाले छात्र-छात्राओं को ही इस छात्रवृत्ति का लाभ मिल पाएगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को छात्रवृत्ति का भुगतान वर्ष में दो किस्तों में मिलेगा। खास बात ये है कि विद्यार्थी की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थित का सत्यापन प्रधानाचार्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संयुक्त रूप से ही करेंगे।

जनपद स्तरीय समिति से आवेदन पत्रों की स्वीकृति और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि लाभार्थी के खाते में ट्रांसफर करने की अंतिम तिथि भी निर्धारित होगी। अपर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार में अभी 30 अगस्त को ही माध्यमिक शिक्षा निदेशक को निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में अब संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी।

**पहले की छात्रवृत्ति योजना की शर्तें भी नहीं थीं अनुकूल**

छात्रवृत्ति की दरों को बढ़ाने की जरूरत के बारे में बताया जा रहा है कि 21 दिसंबर 2001 में लागू संस्कृत छात्रवृत्ति की वर्तमान योजना में छात्रवृत्ति की दरें अत्यंत ही काम थीं। छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्रों की अधिकतम संख्या भी सीमित थी। छात्रों के अभिभावकों की अधिकतम वार्षिक आय 50,000 रुपये निश्चित थी। संस्कृत छात्रों की वर्तमान छात्रवृत्ति योजना में वर्ष 2001 से लागू दरें और अभिभावकों के न्यूनतम आयु सीमा बहुत कम थी। योजना की शर्तें भी अनुकूल नहीं थीं। दरअसल, सरकार का मानना है कि संस्कृत पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी अत्यंत निर्धन पारिवारिक पृष्ठभूमि के होते हैं। इन्हीं कई बिंदुओं की समीक्षा के बाद शासन ने संस्कृत में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की दरें बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाने की पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो साल तक आरोपी किशोरी से शारीरिक संबंध बनाता रहा। मामले में पीड़िता की पिता ने पुलिस से शिकायत की थी।

थाना क्षेत्र के कॉलोनी निवासी किशोरी के पिता ने दी तहरीर में बताया था कि उनके पड़ोसी मकान में ठाकुरद्वारा के फरीदनगर निवासी साजिद किराये पर रहता था। इसी दौरान युवक ने बेटी को प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी ने इसी बीच कई बार किशोरी से दुष्कर्म किया। आरोप लगाया था कि 10 सितंबर को साजिद ने किशोरी को अपने कमरे में बुलाया था। भनक लगने पर किशोरी के मां-बाप मौके पर पहुंच गए। किशोरी के मां-बाप को देख साजिद वहां से भाग गया था। किशोरी के पिता ने मामले में कटघर थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोप साजिद को गिरफ्तार किया है।



स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में कथा के समापन पर यज्ञ में आहूति देते श्रद्धालु।

# नकारात्मक शक्तियों पर विजय का प्रतीक है यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर यज्ञ और भंडारे का आयोजन हुआ। यज्ञ कानपुर से आए पुरोहित अंकुर तिवारी द्वारा वेद मंत्र उपचार के मध्य से हुआ। जिसमें मुख्य यजमान अनुराग शर्मा के साथ दैनिक यजमान अशोक गुप्ता, पंकज शर्मा, दीपक शर्मा, अमित शर्मा, प्रेमनाथ यादव ने यज्ञ में आहुतियां दी।

श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास सुशील मिश्रा ने कहा कि जब भी कोई यज्ञ होता है, मरीज और सुबहू जैसे प्राणी व्यवधान डालने का पूरा प्रयास करते हैं। नकारात्मक शक्तियों पर सकारात्मक शक्तियों की विजय ही यज्ञ है। इस दौरान संजीव आकांक्षी प्रमोद रस्तोगी, नीरज मित्तल, उज्जवल गुप्ता, राखी शर्मा, वर्तिका शर्मा, निधि शर्मा, माया देवी आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ले में रहने वाली युवती ने बताया कि चार महीने पहले पड़ोसी युवक ने उसकी मुलाकात मोहल्ले के युवक से कराई थी। युवक ने शादी का भरोसा जताकर उससे नजदीकियां बढ़ा ली। एक दिन युवक ने उससे दुष्कर्म किया। युवती ने इसकी शिकायत परिजनों से करने को कहा तो युवक ने उसे चुप करा दिया।

इसके बाद भी युवक ने उससे कई बार दुष्कर्म किया। सोमवार को युवती युवक के घर गई तो वहां कोई नहीं था। मंगलवार को फिर से युवती उसके यहां गई। लेकिन मकान में बाहर से ताला लगा देखकर आग हैरान हो गई। इस पर उसने आरोपी युवक के मकान के बाहर हंगामा किया। इसके बाद लोगों ने उसको समझाकर शांत कर दिया। युवती ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर रोड स्थित गांव की महिला शाम पांच बजे घर में बच्चों के साथ थी। इसी दौरान उसका जेठ घर में घुस आया। इसी दौरान आरोपी ने महिला को पकड़ लिया और कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने उसका विरोध किया तो उसने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी धमकी देता हुआ फरार हो गया। पति घर लौटा तो उसने घटना के बारे में पति को बताया। पीड़िता ने पति के साथ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### छात्रा से छेड़खानी में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर की बीए की छात्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसके मोहल्ले के शानू, सालिम और सालिम की पत्नी उससे रंजिश रखते हैं। छात्रा ने आरोप लगाया कि जब वह कॉलेज जाती है। तब मोहल्ले सलीम और शानू पीछा करते हैं और अश्लील हरकतें करते हैं। आरोप लगाया कि उसका कालेज जाना भी बंद हो गया है। जब वह सालिम और उसकी पत्नी से शिकायत करती है तो वह भी उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में चार पर रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतारन निवासी शीलू पत्नी सुरेन्द्र सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि कि उसके गांव के स्वाति, प्रीति बाबू और देवकी ने उसे देखकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रात में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन, शिकायत

**डिलारी, अमृत विचार :** कई दिनों से रात में ट्रैक्टर-ट्रालियों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। डिलारी थाना क्षेत्र के बढ़ेरा, सलेम सराय, मुस्तफापुर, सिहाली खद्दर गांवों में बिना परमिट के कई दिनों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों से खेतों के रास्ते खराब हो गए हैं। मनोहर सिंह, अमित कुमार, राशिद हुसैन, मोहम्मद पीर बख्श, अब्दुल हुसैन ने अधिकारियों से अवैध खनन रुकवाने की मांग की है।

# बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

## अमरपुर काशी के निकट हुई दुर्घटना, दो हिस्सों में बंट गया ट्रैक्टर

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** अलीगढ़-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षेत्र के गांव अमरपुर काशी के निकट अरिल नदी के पुल के पास मंगलवार सुबह रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अमरपुर काशी चौकी के दरोगा विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने मृत ट्रैक्टर चालक के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।


जुबैर खां का फाइल फोटो।

कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा निवासी 20 वर्षीय जुबैर पुत्र अयूब खां कुंदरकी क्षेत्र के ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर-ट्राली में ईंटें भरकर राधा गोविंद कॉलेज के पास उतारने गया था। जब वह वापस आ रहा था, तभी चंदौसी रोड पर अमरपुर काशी गांव और अरिल नदी के बीच चंदौसी की तरफ जा रही रोडवेज बस ने ट्रैक्टर में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक जुबैर खां ट्रैक्टर के पिछले हिस्से के नीचे दब गया। लोगों की सूचना पर उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता अयूब खां ने बताया कि जुबैर अविवाहित था। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के पिता ने अज्ञात रोडवेज बस के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### अलग-अलग घटनाओं में डंपर ने तीन बाइक सवारों को रौंदा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार डंपर चालकों ने अलग-अलग घटनाओं में तीन बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायलों को गंभीर हालत में काशीपुर में निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जिसमें दो की हालत गंभीर बनी है। मंगलवार को डिलारी क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली निवासी मोहम्मद आजिम पुत्र अहमद किसी काम से ठाकुरद्वारा आया था। लौटते समय शाम 4 के रतुपुरा रोड स्थित अब्दुल्लापुर लेदा गांव के निकट पीछे से आ रहे कैंटर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बताते हुए घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे काशीपुर में निजी चिकित्सालय ले गए। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव कालेवाला निवासी सुनील कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह अपने चचेरे भाई चेतन सिंह उर्फ नन्नू पुत्र रमेश सिंह काशीपुर की फैक्ट्री से काम कर शाम चार बजे बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दांडी नदी के पुल के निकट मोड पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे काफी दूर तक बाइक भी घिसटती चली गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर दोनों घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर दोनों घायलों को उनके परिजन काशीपुर ले गए। जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के रायपुर गांव में सोमवार देर शाम महिला ने घर में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसकी निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

रायपुर गांव निवासी मंगल सेन सोमवार को मजदूरी करने गया था। उसकी 35 वर्षीय पत्नी रेखा और दो बेटे घर पर थे। जब वह शाम को घर आया तो उसकी पत्नी घर में फर्श पर पड़ी हुई थी और उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। तभी उसने गांव में ही रहने वाली रेखा की ममेरी बहन विमलेश और सगी छोटी बहन भावना को बुलाया और रेखा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मंगल सैन ने पुलिस को बुलाया। जिस पर कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह मौके पर पहुंचे। जानकारी करने पर पता लगा कि रेखा की पड़ोसी महिला उसपर अमर्यादित टिप्पणी करती थी। बताया कि महिला के तानों से तंग आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## सार संक्षेप

### छात्राओं ने विद्यालय में सफाई कर मनाया स्थापना दिवस

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में सफाई की। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के 55वें स्थापना दिवस पर सभी स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह एवं उषा सिंह के निर्देशन में महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्राम गुलड़िया में रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में विस्तार से बताया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वच्छता से ही व्यक्ति स्वस्थ और निरोग रह सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, उषा सिंह, निशिकांत पाठक, हरिश्चंद्र तिवारी, इंद्रपाल सिंह आदि शिक्षकों के साथ-साथ सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


शपथ लेते विकास खण्ड छजलैट कार्यालय के कर्मचारी व अन्य।

### विकास खंड कार्यालय में स्वच्छता की दिलाई शपथ

**छजलैट, अमृत विचार :** विकास खंड छजलैट कार्यालय के सभागार में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत ने उपस्थित सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम प्रधान व पंचायत सहायकों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सब बातों को त्याग कर भारत माता की सेवा करें। सप्ताह में 2 दिन अवश्य स्वच्छता के लिए समय दें। मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी इरफान हुसैन, सचिव ,ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व बीसी आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तेंदुए के दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में कई स्थानों पर तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। जिससे ग्रामीणों और किसानों में डर का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने तेंदुओं से निजात दिलाने की मांग की है। कांठ और छजलैट क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या अधिक होने पर तीन वर्ष पहले वन विभाग ने क्षेत्र को तेंदुआ बाहुल्य घोषित किया था। कांठ तहसील क्षेत्र में दरियापुर, रामसराय, पायन्दापुर, सलेमपुर, मालीवाला, मिश्रीपुर, बेगमपुर, मतलबपुर, खलीलपुर, संदलीपुर, चेतरामपुर, सब्दलपुर बाड़ीवाला, महमूदपुर माफी, पैली बिश्नोई, मुख्तियारपुर नवादा, चेतरामपुर मार्ग आदि के जंगलों में सबसे अधिक तेंदुए दिखाई देते हैं। पिछले करीब दो माह से क्षेत्र में हर रोज कहीं न कहीं तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। पिछले दिनों वन विभाग की टीम ने ग्राम रायपुर में तीन दिन तक पिंजरा भी लगाया था, परंतु पिंजरे में तेंदुआ नहीं आ पाया। क्षेत्रवासी राजपाल सिंह, रामपाल सिंह, वीर सिंह, राहुल कुमार, संजय कुमार, बिजेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, देवेंद्र सिंह, नीटू चौहान, परम सिंह चौहान, अमर सिंह, ओमवीर सिंह, जीतू बिश्नोई ने वन विभाग से क्षेत्र में कई पिंजरे लगाकर तेंदुओं को पकड़ने की मांग की है।


नागरिकों की समस्याएं सुनते क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर।

### क्षेत्रीय विधायक ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्राम संदलीपुर के आरिफ ने शिकायत की कि बैंक मेरे खाते से पैसे नहीं दे रहा है। इस पर विधायक ने बैंक मैनेजर से बात की। उन्होंने खाते के क्राइम ब्रांच मुम्बई के आदेश पर बंद होने की बात कही। विधायक ने इस पर क्राइम ब्रांच मुम्बई से बात कर भुगतान कराने के लिए कहा। मनीष कुमार निवासी चकफेरी ने सड़क निर्माण की मांग की। इसी प्रकार अन्य लोगों ने समस्याओं को रखा। क्षेत्रीय विधायक ने सम्बन्धित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान करने के लिए कहा। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नाजिम अली सैफी, प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक विश्नोई, डॉ. दानिश अंसारी, पूर्व चेयरमैन सहजाद अली, नसीम गांधी, सभासद अमानत, अमजद अली, साजिद प्रधान, प्रधान भगतपुर, मेंहदी हसन, आदि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्टॉल लगाकर एचआईवी से बचाव की जानकारी दी

संवाददाता, कांठ

- सीएचसी में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच भी की गईं

**अमृत विचार :** नगर में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में एचआईवी से संबंधित संस्थाओं कार्तिक शिक्षक संस्थान, शरणम संस्थान, ओएसटी केंद्र द्वारा स्टॉल लगाकर एचआईवी के प्रति जागरूक किया एवं गर्भवतियों की जांचें की गईं।

मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत उप्र एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा सीएचसी में प्रदर्शनी का आरंभ चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार ने किया। जिसमें एचआईवी से संबंधित संस्थाएं कार्तिक शिक्षक संस्थान, शरणम संस्थान, ओएसटी के सेंटर प्रभारियों ने काउंसिलिंग के माध्यम से अस्पताल पहुंचे रोगियों को जानकारी देकर मार्गदर्शन किया। संस्थाओं के काउंसलर्स ने बताया कि लापरवाही करने पर इस बीमारी से संक्रमित हो सकते हैं। संस्थान के काउंसलर्स ने बताया कि तहसील क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर, सराय खजूर, कुरी रवाना, मिश्री बेगमपुर, शाहपुर मुबारकपुर में कुछ लोग एचआईवी संक्रमित पाए गए हैं। इन ग्रामों में सीएलडब्लू की टीम महीने में एक बार जाकर जांच करती है और उनके रोकथाम के लिए भी जागरूक करती है। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की टीवी एवं एचआईवी की जांच भी की गई है। इस मौके पर एसटीएस निहाल खान, गीता चौहान, एलटी चितरंजन कुमार, ललित कुमार, सेंटर परामर्शदाता शरद शर्मा एवं जोनल सुपरवाइजर जगपाल, बीपीएम चंद्रशेखर यादव आदि मौजूद रहे।

## सभी वर्गों के लिए काम कर रही सरकार : जसवंत

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग के राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी की अध्यक्षता में कई योजनाओं के पात्रों को लाभान्वित किया गया। कुंदरकी के ग्राम जैतपुर पट्टी स्थित बैंक्विट हॉल में दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के पात्रों को प्रमात्र पत्र दिए गए।



प्रमाणपत्र देते राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल व अन्य।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग और आईसीडीएस सहित 10 विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में 40 दिव्यांगजनों को नवीन दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, 50 लाभार्थियों को शादी अनुदान, 50 अभ्यर्थियों एवं 05 कृषि विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कृत्रिम अंग और शादी विवाह प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थियों को उनकी पात्रता के अनुरूप चिह्नित किया।

राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं प्रभारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने दिव्यांगजनों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, एसडीएम विनय कुमार सिंह, उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संतोष कुमार, उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रेम प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, महेंद्र प्रजापति, चंद्रपाल सिंह सैनी, डॉ. राकेश चौहान, अमर सिंह सैनी, आनन्दी प्रजापति, रमन भूषण, नसीम खान, संजय दिवाकर, अरविन्द पुंडीर आदि उपस्थित रहे ।

# मैसुवाला गोशाला भेजे पांच गोवंश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राघूवाला की अस्थायी गोशाला से पांच गोवंशों को मैसुवाला गोशाला भेजा गया है। यहां की गोशाला में अब 198 पशु हैं, जिसमें दो बीमार है। उनका पशु चिकित्सक उपचार कर रहे हैं। पशुशाला में बीमारी की वजह गोशाला में जलभराव और अव्यवस्थाओं को बताया जा रहा है। गोशाला में कीचड़ एवं जलभराव से मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है।

पशु चिकित्सक प्रशांत कुमार, पशुधन अधिकारी अरविंद कुमार ने मंगलवार को दो बीमार पशुओं का उपचार किया। बताया कि पहले से स्वास्थ्य में सुधार है। बताया कि गोशाला में चारदीवारी नहीं है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा है। महीनों से पशु एक ही स्थान पर बधे हैं। जिस स्थान पर पशु बांधे जाते हैं, करीब 300 मीटर दूरी पर पानी पिलाने की व्यवस्था बनाई गई है। वर्तमान में जलभराव और कीचड़ के चलते पाइप डालकर पशुओं को बांधने वाले स्थान पर पानी पिलाया जा रहा है। रात में पशुओं के पास तक पहुंचना मुश्किल है। सिर्फ पगडंडी के सहारे ही चिकित्सक व कर्मचारी चारे और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रधान मोहम्मद यासीन ने बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत कराया था कि गोशाला में पानी और जलभराव से कीचड़ हो गई है। पशुओं का खोलना संभव है क्योंकि चारदिवारी नहीं बनी है। कुछ भूमि में मिट्टी भरवाकर ऊंचा कराया जाए ताकि पशुओं को कुछ समय के लिए खुला छोड़ जा सके। नौ महीने से पशु एक ही स्थान पर बधे हैं। यहां बीमारी फैलने का भी यह भी मुख्य कारण है।


राघुवाला गोशाला में बीमार पशुओं का उपचार करते चिकित्सक।

> राघुवाला गोशाला की व्यवस्थाओं को दूर करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है। गोशाला की चारदीवारी के लिए पैसा आया हुआ है, बारिश के कारण काम नहीं हो सका था। बारिश रुकते ही गोशाला की चारदीवारी का कार्य शुरू होगा। गोशाला परिसर के गड्ढों में मिट्टी भरने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है। -प्रीति सिंह
> उपजिला अधिकारी, ठाकुरद्वारा

### शिकायतकर्ताओं का समिति का सदस्य होने से इनकार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला की प्रबन्ध समिति का विवाद बढ़ रहा है। प्रबंधक ने शिकायतकर्ता को समिति का सदस्य होने से इनकार किया है।

इंटर कालेज प्रबंधक जितेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शिकायतकर्ता जसवन्त सिंह, योगेन्द्र सिंह और युवराज सिंह स्वयं को विद्यालय की प्रबंध समिति का सदस्य बता रहे हैं, जबकि यह प्रबन्ध समिति के सदस्य नहीं है। नवीन प्रबन्ध समिति अगस्त 2024 में अस्तित्व में आई है। नवीन प्रबन्ध समिति पर लगाए आरोप झूठे और निराधार हैं। शिकायतकर्ता प्रबन्ध समिति पर अनावश्यक दबाव बना रहे हैं। समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति पर दिनेश सिंह, यशपाल सिंह, राम किशोर सिंह, जगदीश सिंह, जसवंत सिंह, संतोष देवी, अरविन्द कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।

## डिप्थीरिया की रोकथाम को 262 विद्यालयों में होगा टीकाकरण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिप्थीरिया (गला घोंटू) की रोकथाम व उपचार के लिए 4 अक्टूबर टीकाकरण अभियान चलेगा। अभियान कुल 262 स्कूलों एवं कॉलेजों में चलाया जाएगा।

सीएचसी कांठ के तत्वावधान में 4 अक्टूबर तक डिप्थीरिया के उन्मूलन के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। 262 स्कूल और कॉलेज में 30 सितंबर एवं 1, 3, 4 अक्टूबर को कक्षा एक में 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूस्टर डोज, कक्षा 5 के 10 वर्ष के बच्चों को एवं कक्षा 10 में 16 वर्ष के बच्चों को डिप्थीरिया के टीके लगाए जाएंगे। सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार ने देते हुए बताया कि 25 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में शिक्षकों को टीकाकरण के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से जिन बच्चों को रिएक्शन होता है उनकी देखभाल के लिए तीन टीमें एवं टीकाकरण के लिए अलग से 35 टीमें गठित कर दी गई हैं। मंगलवार को टीकाकरण के लिए नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष उस्मान अली ने छह स्कूलों एवं कॉलेजों में बताया कि डिप्थीरिया में नाक, गले और श्वांस नाली में गंभीर सूजन हो जाती है। उन्होंने बताया कि डिप्थीरिया का टीकाकरण आवश्यक है। टीकाकरण के विरोध करने वालों के बहकावे में न आएं।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रूपपुर वि.खं. मुरादाबाद (मुरादाबाद)

पत्रांक: मैमो/ग्रा.पं./ओ.डी.एफ. प्लस/2023–24 दिनांक: 24.09.2024

**अल्पकालीन निविदा/ कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

विकास खण्ड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत रूपपुर ग्राम रूपपुर बहादुरपुर पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा संशोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठित नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33–3–2021– 2257/2021 के क्रम में केन्द्रीय वित्त / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण SBM(G) Phase-2 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से नियम अनुसार निविदा / कोटेशन आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है:–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | सामग्री/ पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि 2 % (रूपये में) | वित्त योजना | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खाद के गड्डे | 6 | 68028 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 2 | नाडेप | 1 | 17879 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 3 | वर्मी कम्पोस्ट | 1 | 62827 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 4 | सामुदायिक कचरा पात्र | 4 | 86728 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 5 | दो साईकिल रिक्शा | 2 | 76000 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 6 | हैण्ड पम्प सोखपिट | 2 | 18422 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |
| 7 | लीजपिट | 2 | 16869 | 2% | SBM/FFC | 3 माह |

**निविदा से सम्बन्धित विवरण:–**

| क्र.सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा प्रारम्भ | 25.09.2024 | 10 बजे |
| 02. | निविदा समाप्त | 30.09.2024 | 02 बजे |
| 03. | निविदा खोलने की दिनांक | 30.09.2024 | 03 बजे |

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढ़ाये या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रूपपुर बहादुरपुर**
**वि.खं. मुरादाबाद (मुरादाबाद)**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रूपपुर बहादुरपुर**
**वि.खं. मुरादाबाद (मुरादाबाद)**


**आयोजन** गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के तहत डीएसएम इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम, शिक्षक का भी किया गया सम्मान

# भारत विकास परिषद ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की शाखा कांठ ने डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया। जिसमें मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

भारत विकास परिषद की शाखा कांठ द्वारा डीएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में हिमांशु पुत्र कमल सिंह को कक्षा 6 में 80.00 फीसदी अंक, हिमांशु पुत्र निर्मल कुमार को कक्षा 7 में 76.75 फीसदी अंक, आफिया नूर पुत्री नूर मोहम्मद को कक्षा 8 में 87.33 फीसदी अंक, अभिषेक पुत्र सत्यपाल सिंह को कक्षा 9 में 74.01फीसदी अंक, अब्दुल समद पुत्र मोहम्मद इस्लाम को कक्षा 10 में 78.50 फीसदी अंक, पंकज चौहान पुत्र किशोरी सिंह को कक्षा 11 में 74.90 फीसदी अंक एवं दिव्यांशु पुत्र ज्ञानेश कुमार को कक्षा 12 में 88.80 फीसदी अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा को भी सम्मानित किया गया। परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ बंटी ने कहा कि भारत विकास परिषद सामाजिक कामों में आगे रही है।

कार्यक्रम में सचिन चौहान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अध्यक्ष, दीपक विश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, सुरेश चौहान, राजवीर सिंह, प्रमोद विश्नोई, राजेश शर्मा, सत्यपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव रजत प्रभाकर द्वारा किया गया।


छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार


विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते शिक्षक।

### सोशल मीडिया विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय फतेहउल्लागंज की ओर से शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसका शीर्षक था सोशल मीडिया गुण अथवा अवगुण। प्रतियोगिता का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधक रजनीश प्रताप ने किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सोशल मीडिया के पक्ष में कुमकुम का प्रथम स्थान, टीना का द्वितीय स्थान, विपक्ष में नाजिया का प्रथम स्थान, कमलदीप का द्वितीय स्थान रहा। सभी विजेताओं को महाविद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य मोनिका चौहान ने कहा कि सोशल मीडिया का छात्र-छात्राओं के जीवन पर सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. गौरव दीक्षित, डॉ. रोबिन सराह, डॉ. कौशल मौजूद रहे।

## एक नजर

### रानास 6 अक्टूबर को कराएगा सम्मेलन

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर नागरिक समाज की बैठक मिस्टन गंज स्थित गल्ला मंडी में हुई। संदीप भाटिया ने बताया कि रानास 15 वर्ष से देहदान पर जनता को जागरूक कर रहा है। इसके फलस्वरूप नगर से अब तक 5 मृत शरीरों को टीएमयू को सौंपा गया है। देहदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए 6 अक्टूबर को कोसी मंदिर रोड स्थित एक मंडप में सम्मेलन होगा। इसमें मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश कुमार जैन होंगे। सम्मेलन में काफी लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर अचल राज पांडे, अखिलेश सक्सेना, विजय कुमार, हरीश ध्यानी, देवेश चतुर्वेदी, अनिल कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### वृद्ध माता-पिता से मारपीट करने के आरोपी का चालान

**मसवासी, अमृत विचार :** बुजुर्ग माता-पिता से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे का शांतिभंग में चालान किया है। चौकी क्षेत्र के गांव मिलक-नौखरीद निवासी फरजंद आये दिन अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था। मंगलवार को उसने वृद्ध माता-पिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया। इस पर उसके पिता ईदा हुसैन ने चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा को तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने फरजंद को गिरफ्तार कर लिया।

### सीएमओ ने 8 एएनएम को दिया कारण बताओ नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने 8 एएनएम को कारण बताओ नोटिस सहित एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी के सभागार में डीडब्ल्यूआर की बैठक हुई। सीएमओ ने बताया कि बैठक में मॉनीटरिंग फीडबैक में संज्ञान में आया कि शाहबाद क्षेत्र की एएनएम दनवन्ती, नीतू यादव, पुष्पा, रोशनी, रामपुर अर्बन क्षेत्र की नेहा वसीम, रीना शर्मा, सरिता रानी एवं सैदनगर क्षेत्र की अनुराधा द्वारा नियमित टीकाकरण में लापरवाही बरती जा रही है। सभी एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए इनका एक दिन का वेतन काटने की संस्तुति भी की गई है।

# हादसे में होटल संचालक समेत दो की मौत

## शाहबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मारी दोनों दोस्तों की बाइक को टक्कर

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** होटल (रेस्टोरेंट) बंद करके गांव जाते समय शाहबाद मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार होटल संचालक और होटल पर काम करने वाले युवक को रौंद दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम न कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद परिजन शवों को घर ले गए। मंगलवार को दोनों शव सुपुर्द-खाक कर दिए गए।

क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी 30 वर्षीय नाजिम पुत्र लाले का सैफनी में होटल है। गांव का ही 19 वर्षीय शमशाद पुत्र अफसर भी उसके होटल पर काम करता था। सोमवार की रात करीब 12 बजे होटल बंद करके नाजिम और श्मशाद अपने घर जा रहे थे। बाइक नाजिम चला रहा था जबकि श्मशाद पीछे बैठा था। धनौरा मोड़ के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक दाएं-बाएं जा गिरे और लहूलुहान हो गए। कुछ ही देर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने मृतकों की पहचान किशनपुर गांव निवासी नाजिम और श्मशाद के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने हादसे की खबर परिजनों को दी।

थानाध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की सहमति से ग्राम प्रधान इलियास ने शवों का पोस्टमार्टम न कराने के लिए लिखकर दिया है। इसके बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। मंगलवार की सुबह उनके दफन में शामिल होने के लिए रिश्तेदारों और परिचितों समेतम हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।



सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दोस्तों के जनाजे में शामिल लोग।

### एक साथ 2 जनाजे उठने से हर आंख हुई नम

सड़क हादसे में हुई दो युवकों की मौत के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। मंगलवार की सुबह सुपुर्द खाक के करने के लिए दोनों के जनाजे उठाए गए तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। हजारों लोग उनके जनाजे में शामिल होने के लिए गांव पहुंच गए। गम में डूबे परिजनों को सांत्वना देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा।



शमशाद।



नाजिम।

### एक दूसरे के पूरक थे नाजिम और शमशाद

**सैफनी, अमृत विचार :** क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी नाजिम और शमशाद पड़ोसी थे। दोनों में गहरी दोस्ती थी। नाजिम ने सैफनी में होटल खोला तो शमशाद को भी अपने साथ रख लिया। उनका सपना था कि एक साथ रहकर बड़ा होटल बनाएंगे। इसके लिए दोनों रात दिन मेहनत भी कर रहे थे। लेकिन क्या पता था कि सोमवार की रात घर लौटते समय सड़क हादसे में दोनों की मौत हो जाएगी। लोग उन दोनों की दोस्ती की तारीफ करते हुए आंसू बहने से नहीं रोक पाए। उनका कहना था कि दोनों अपनों के लिए कम एक दूसरे के लिए ज्यादा जीते थे। परिनों ने बताया कि नाजिम की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी एक बेटी भी है। नाजिम की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रंजिश के चलते युवक को चाकू से गोदा, गंभीर

**मिलक, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने युवक पर कई बार चाकू से हमला किया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए। चाकू युवक के नितंबों में घुसा ही छोड़ गए। हालत गंभीर होने पर उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

सोमवार की रात असदुल्लापुर में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद मदन को तीन युवकों ने घेर लिया। उस पर कांटदार चाकू से कई वार किए। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। बाद में पुलिस भी पहुंच गई। हमलावर चाकू को मदन के नितंबों में घुसा छोड़कर भाग गए। पुलिस घायल को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल उसे भी उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मदन के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ले के ही शिवम मित्तल, देवराज मित्तल और मोहल्ला नसीराबाद निवासी अजय गोस्वामी उर्फ मौत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल मदन के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं।

### बिना कारण कर्मचारी को हटाना अंसतोषजनक

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कार्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव के नृतव में लोग एकत्र होकर अधिशासी अभियंता प्रथम इमरान खां के पास पहुंचे। कहा कि बिना कारण कर्मचारी को हटाना असंतोषजनक है। चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की वापसी नहीं हुई तो संगठन 25 सितंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेगा।

कर्मचारी नेताओं ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता को बताया कि 28 अगस्त को 4 निविदा कर्मचारियों को बिना सूचना दिए कार्य से हटा दिया गया। उन्हें दिए गए पत्र में कार्य में कमी का विवरण भी नहीं दिया गया है। इसलिए यह निर्णय असंतोषजनक है। कहा कि अगर निकाले गए कर्मचारियों की 27 सितंबर तक वापसी नहीं हुई तो 25 सितंबर से जिले के निविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और भूख हड़ताल पर चले जाएंगे।

# पात्रों को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : राठौर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि जिले में हो रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग अवश्य की जाए। सभी अधिकारी अच्छी मंशा व अच्छे भाव के साथ कार्य करें। सरकार उन्हें सुविधाएं व संसाधन दे रही है। पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग और जनपद प्रभारी जेपीएस राठौर ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। सभी विभागों के विकास कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य पात्र व्यक्तियों को प्रत्येक जन कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान करना है।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में बोलते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर।

- प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में की विकास कार्यों की समीक्षा

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान रोड कटिंग के बाद उसे दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश दें कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत भी समय से पूर्ण करें। इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, शहर विधायक आकाश सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कानून व्यवस्था में जिले को मिला प्रथम स्थान

कानून व्यवस्था की समीक्षा में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि कानून व्यवस्था में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण कर उसकी फीडिंग भी की जाती है।

### पीड़ितों को बांटे चेक

प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने कलेक्ट्रेट बाढ़, अतिवृष्टि के दौरान किए गए राहत एवं बचाव कार्यों व राजस्व कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बाढ़ के दौरान हुई जनहानि व मकान क्षति में देय सहायता राशि के चेक वितरित किए। ऊधम सिंह नगर के काशीपुर निवासी उर्मिला, भानो और ओमप्रकाश को 4-4 लाख रुपये की धनराशि दी। शाहबाद निवासी भूरी, इकरार और मोहम्मद रफी को मकान क्षतिग्रस्त होने पर 1.20-1.20 लाख रुपये के चेक दिए गए।



पदक के साथ मौजूद खिलाड़ी।

## योगासन चैंपियनशिप में जीते 11 पदक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्तरी जोन सीबीएसई क्लस्टर योगासन चैंपियनशिप में 11 पदक जीते।

विद्यालय के निदेशक मोहित राय ने बताया कि बच्चों ने मेरठ में हुई उत्तरी जोन सीबीएसई क्लस्टर योगासन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में जोन के 70-80 विद्यालयों ने भी भाग लिया था। चैंपियनशिप में विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। 10 छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित की। अंडर-17 छात्र वर्ग में टीम ने रजत पदक जीता। टीम में अनीमेश, भाविक चौधरी, कुशाग्र शर्मा, समग्र चुफाल, रुद्र बगा रहे। अंडर-19 छात्रा वर्ग की टीम ने भी रजत पदक जीता। इसमें तनिष्का, कोमल चौधरी, ज्योत्सना चौधरी, वितांशी चौधरी और कनिका रहीं। अंडर-19 छात्रा वर्ग में व्यक्तिगत आर्टिस्टिक योगासन में तनिष्का ने कांस्य पदक जीता। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने 10 रजत और 1 कांस्य पदक अर्जित किया। संस्थापक एवं पूर्व विंग कमांडर एचके राय, निर्देशिका निधि राय और प्रधानाचार्य भावना भनोट ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चार गो-तस्करों को पुलिस ने गैंग में किया पंजीकृत

**स्वार, अमृत विचार :** गैंग बनाकर गोवंशीय पशुओं का वध करने के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ रजिस्टर्ड गैंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने अपराधिक प्रवृत्ति के 100 लोगों को एक वर्ष के लिए 110 जी में निरुद्ध किया है।

गैंग बनाकर गोवंशीय पशुओं का वध करने के मामले में मोहल्ला नई बस्ती चक स्वार निवासी लईक, मोहल्ला खास स्वार निवासी लईक पुत्र रहीस, मोहल्ला रसूलपुर निवासी नवेद व इरफान उर्फ पताला पर कोतवाली में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने डी चारों आरोपियों के खिलाफ गैंग पंजीकृत किया। वहीं पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के अपराधिक प्रवृत्ति के 100 लोगों को 110जी में एक वर्ष के लिए निरुद्ध किया है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि गोवंशीय पशुओं का वध करने के मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ गैंग पंजीकृत करने की कार्रवाई की गई है।

# प्रेमी से शादी न करने पर युवती ढकिया पहुंची

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** परिजनों ने युवती की शादी उसके प्रेमी से नहीं की तो वह शाहजहांपुर से भाग कर ढकिया पहुंच गई। पुलिस ने युवती के परिजन व रिश्तेदारों को बुलाकर उसे उनके हवाले कर दिया।

शाहजहांपुर जनपद के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती अपने प्रेमी के साथ शादी करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों के विरोध करने पर वह भागकर अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। युवती के अनुसार करीब दो माह तक वह प्रेमी के घर रही। इस बीच उसके परिजन परिजन नवदुर्गा में प्रेमी से ही शादी करने की बात कहकर उसे अपने साथ ले गए। इसके बाद परिजनों ने उसे उसकी बहन के घर भेज दिया। वहां उस पर पाबंदियां लगा दी गईं। उसका प्रेमी से मिलना व बातचीत करना बंद हो गया। इतना ही नहीं उसकी बहन व परिवार वाले नवरात्र में उसकी शादी दूसरे युवक से करने की योजना बनाने लगे। इसका पता लगने पर वह मौका पाकर सोमवार की रात वहां से भाग निकली। प्रेमी के घर जाने की बजाय युवती ढकिया चौकी क्षेत्र के परौता गांव पहुंच गई। रात में युवती को अकेला देख एक महिला ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पहुंची और युवती को ढकिया चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। ढकिया चौकी पुलिस ने उससे पूछताछ करने के बाद परिजनों व रिश्तेदारों को पुलिस चौकी बुला लिया। जानकारी मिलते ही उसके रिश्तेदार व परिजन मंगलवार की सुबह ही पुलिस चौकी पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

### प्रेमिका के परिजनों को नशा सुंघाकर जेवर चुराए

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी रिटायर्ड शिक्षक ने अपनी बेटी की शादी 4 दिसंबर 2023 को जिला बरेली के थाना सीबी गंज निवासी प्रमोद से की थी। वह छह माह की गर्भवती भी है। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी। इसी बीच उसका प्रेमी मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव भजनपुरी निवासी धर्मेंद्र लोधी अपने साथी प्रताप व शीला के साथ उनकी बेटी की मदद से घर में घुस गए। आरोपियों ने शिक्षक और उनके परिजनों को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया और घर में रखा 20 तोला सोना, 2 किलो चांदी और 1 लाख रुपये चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि धर्मेंद लोधी ने उनकी बेटी की अश्लील वीडियो बना रखी है। इसके जरिए वह उसे ब्लैकमेल करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित का कहना है कि अश्लील वीडियो बनाने में उनकी बेटी के पति का हाथ है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मौसम** आसमान में घुमड़ते रहे बादल, वैज्ञानिक जता रहे बारिश के आसार

# आर्द्रता 65 प्रतिशत, उमस से पसीना-पसीना हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आर्द्रता 65 प्रतिशत होने से लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे। हालांकि पूरे दिन आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे। मौसम वैज्ञानिकों ने पीलीभीत, बरेली, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, बदायूं और संभल में हल्की वर्षा के आसार जताए हैं।

बारिश नहीं होने और आर्द्रता 65 प्रतिशत पहुंचने से उमस बढ़ गई है। इसकी वजह से लोग पूरे दिन पसीना-पसीना होते रहे। मानसून 15 सितंबर को निपट गया। इसके बावजूद आसमान में बादल उमड़-घुमड़ रहे हैं। सितंबर का महीना सितमगर बन गया है। 15 जून से 15 सितंबर तक मानसून रहता है। मंगलवार को आसमान में पूरे दिन बादल मंडराते रहे लेकिन, बिन बरसे ही आगे बढ़ गए। इसके कारण आर्द्रता 65 प्रतिशत तक पहुंच गई और लोग उमस से हलकान होते रहे।



रामपुर में मंगलवार को आसमान में उमड़े बादल।

### हाल-ए-मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 35 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम तापमान | 27 डिग्री सेल्सियस |
| आर्द्रता | 65 प्रतिशत |
| वायु वेग | 5 किमी. प्रति घंटा |

> पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में 24 घंटे में हल्की वर्षा की संभावना है। जबकि 26 सितंबर तक पीलीभीत, बरेली, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, बदायूं और संभल में हल्की बारिश के आसार हैं।
>
> – डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ

### इस बार 6 दिन देर से वापस हुआ मानसून

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि सामान्य तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून की लौटने की प्रक्रिया राजस्थान से 17 सितंबर को प्रारम्भ होती है। जबकि इस वर्ष 6 दिन देर से यानी 23 सितंबर को मानसून की वापसी प्रारम्भ हुई है। एक चक्रवाती कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण 26, 27 और 28 सितंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

### भव्य रूप से सजा श्री खाटू श्याम बाबा का दरबार

**रामपुर, अमृत विचार :** भव्य रूप से सजी श्री खाटू श्याम के दरबार में विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का मंगलवार की रात 9 बजे शुभारंभ हुआ। गायकों ने बाबा के भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

श्री लखदातार सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार की रात सिविल लाइंस स्थित आदर्श रामलीला मैदान में द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। पंडित नवनीत शर्मा और पंडित अंकुर शर्मा ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर बाबा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। बाबा का गुणगान करने के लिए बृंदावन से नंदू भैया, कोलकाता से संजय मित्तल, अवोहर से मयंक अग्रवाल और दातागंज से शिवम लाडला जैसे गायक पहुंचे। इस दौरान अनुराग अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सचिन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सौरभ अरोड़ा, अतुल गुप्ता, दिव्या गुप्ता, वंश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# मुर्तजा इंटर कालेज में शिक्षकों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने समस्त अध्यापकों से आह्वान किया कि प्रदर्शनी में बनाए गए टीएलएम सामग्री को अपने विद्यालय में जाकर बच्चों को भी लाभान्वित करें। तभी इस प्रदर्शनी की सार्थकता सिद्ध होगी। राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज में लगी प्रदर्शनी का शिक्षकों ने अवलोकन किया।

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) माध्यमिक वर्ग की प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हुआ। टीएलएम प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी योगेंद्र पाल सिंह ने फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रथम स्थान प्राप्त अध्यापकों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि विषयों के टीएलएम मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी, निर्णायक मंडल में प्रवक्ता डायट श्याम रस्तोगी, राजेश कुमार एवं जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉक्टर सोमपाल सिंह रहे।

टीएलएम प्रदर्शनी में सभी चयनित सभी 10 विषयों के एक-एक अध्यापक का चयन मंडल स्तर के लिए किया गया। चयनित अध्यापक 28 सितंबर को शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा में प्रतिभाग करेंगे। प्रदर्शनी की अध्यक्षता नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य योगेंद्र पाल सिंह तथा संचालन ओम प्रकाश सैनी ने किया।

## सार संक्षेप

### 3 युवकों के अपहरण का आरोप, मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार :** फेसबुक पर ईश्वरीय स्टोरी और मोदी की स्टोरी अपलोड करने से झल्लाए दूसरे समुदाय के कई लोग 3 युवकों को जबरन कार में डालकर ले गए। आरोप है कि उनसे मारपीट की और इस्लामी नारे भी लगवाए। इसके बाद तीनों को हाईवे किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए। चौकी पहुंचे पीड़ितों ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला चौकी क्षेत्र के गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां का है। गांव निवासी चंचल दिवाकर, प्रद्युम्न दिवाकर और सोनू दिवाकर का आरोप है कि उन्होंने अपनी फेसबुक आईडी से ईश्वरीय स्टोरी और मोदी की स्टोरी अपलोड की थी। इससे दूसरे समुदाय के कुछ लोग नाराज हो गए। उन्होंने विरोध भी किया। आरोप है कि कई लोग आए और तीनों को कार में डालकर ले गए। कार में उनके साथ मारपीट करते हुए इस्लामी नारे लगवाए गए। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले में जांच की जा रही है।

### पुलिस ने मुनादी करा आरोपी के घर चस्पा किया नोटिस

**स्वार, अमृत विचार :** चेक बाउंस मामले में काफी समय से फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर भगोड़ा घोषित करते हुए मुनादी कराई। इसके साथ ही पुलिस ने उसके घर नोटिस भी चस्पा किया। नगर पंचायत नरपतनगर की मीनार वाली मस्जिद निवासी शमशाद चेक बाउंस मामले में मुरादाबाद कोर्ट से काफी समय से फरार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने भी आरोपी की तलाशी की लेकिन उसके पकड़ने में सफलता नहीं मिली। इस पर मुरादाबाद कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई की है। मंगलवार को कोतवाल संदीप त्यागी आरोपी के घर पहुंचे। उन्होंने शमशाद को भगोड़ा घोषित करते हुए ढोल के माध्यम से मुनादी कराई और उसके घर पर नोटिस चस्पा किया।

### छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए 28 तक कर सकते हैं आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 के लिए 10 नवंबर को जनपद स्तर पर प्रात: 8 से 11 बजे निर्धारित केन्द्रों होंगी। परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त से शुरू हैं। अब ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में विस्तार करते हुए अन्तिम तिथि 28 सितंबर कर दी गई है।

### एएसपी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इसके बाद भोजनालय, पुलिस म्यूजियम को चेक किया। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों द्वारा शस्त्र अभ्यास किया गया। परेड के बाद भोजनालय, पुलिस म्यूजियम, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि चेक की।

### पुलिस ने 25 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी सद्दाम को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। केमरी पुलिस को 4 सितंबर को सूचना मिली थी कि गोतस्कर गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस पर गो तस्करों ने फायर कर दिया था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक गो तस्कर घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने इश्तकार निवासी ग्राम खेमपुर थाना अजीमनगर, नाजिम निवासी ग्राम रसूलपुर थाना स्वार, मोनिश व सद्दाम निवासी टहरी ख्वाजा थाना खजुरिया व गौस मोहम्मद निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मोनिश व सद्दाम मौके से भागन गए थे। सद्दाम पर पुलिस ने 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। मंगलवार को सद्दाम को पुलिस ने तीन पानी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।

### लापता को तलाश कर परिजनों को सौंपा

**रामपुर, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने ग्राम मुबारकपुर से 15 सितंबर को गुम हुए ऋषिपाल को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। केमरी थाने में 21 सितंबर को एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें कहा गया था कि 15 सितंबर को उसका पति ऋषिपाल अपनी ससुराल ग्राम मुबारकपुर से नाराज होकर बिना बताये कहीं चला गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। पुलिस ने ऑपेरशन त्रिनेत्र व लोगों की मदद से गुमशुदा ऋषिपाल को केमरी रेलवे स्टेशन से बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### उपभोक्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं विद्युतकर्मी

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला शुतरखाना के कन्नी वाली गली में कुछ लोग बिजली के बॉक्स को खोलकर उसमें तार जोड़ रहे थे। इस घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल हो गया। जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा अपनी कोर कमेटी के साथ डूंगरपुर बिजली घर पहुंचे। वीडियो से स्पष्ट है कि बिजली कर्मचारी तार डालकर फर्जी तरीके से उपभोक्ता के घर की वीडियो बनाकर किस तरह उत्पीड़न करते हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, हारिस शम्सी, पुष्कर अग्रवाल, सुदेश यादव आदि मौजूद रहे। अधिशासी अभियंता प्रथम इमरान खां ने बताया कि अधिक्षण अभियंता ने वायरल वीडियो की जांच अधिशासी अभियंता बिलासपुर को सौंप दी है।

### परचून की दुकान पर शराब बेचने को लेकर मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार :** दढ़ियाल क्षेत्र के गांव मेवला कलां निवासी अजय वाल्मीकि अपनी पत्नी मंजू के साथ 3 दिन पूर्व मानपुर उत्तरी निवासी अपने बहनोई के घर आया था। अजय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव में परचून की दुकान पर एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब बेचता है। इसके चलते उसके बहनोई भी परचून की दुकान से शराब पीकर घर में हंगामा करते हैं। अजय अपनी पत्नी के साथ दुकानदार के पास पहुंचा और अवैध रूप से शराब बेचने का विरोध किया। आरोप है कि दुकानदार ने अजय और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### इजराइल में नौकरी के लिए युवा कर सकते हैं आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** इजराइल में नौकरी करने के इच्छुक युवक सेवायोजन विभाग के पोर्टल से जानकारी लेते हुए आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि श्रमिकों की अर्हताओं में उम्र 25 से 45 वर्ष तक, कम से कम 3 वर्ष की वैधता का पासपोर्ट, संबधित ट्रेड में कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव एवं इजराइल में पूर्व में कार्य न किया हो आदि शर्तें एवं अर्हताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर दर्ज हैं। इच्छुक निर्माण श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल पर जॉब सीकर के रूप में जाकर इजराइल के लिए पंजीकरण कराना है। इजराइल सरकार की संस्था पीआईबीए द्वारा निर्माण श्रमिकों के चयन के लिए प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव की कार्रवाई से पूर्व पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के मूल्यांकन संबंधी प्री-स्क्रीनिंग के लिए नोडल आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा की जाएगी। प्री-स्क्रीनिंग की कार्रवाई इजराइल में श्रमिकों को भेजने के लिए चयन कार्यवाही की प्रथम चरण की प्रक्रिया है। अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को इजराइल भेजने का कार्य एनएसडीसी व पीआईबीए द्वारा किया जाएगा।

### साइबर क्राइम टीम ने 2.30 लाख रुपये वापस कराए

**रामपुर, अमृत विचार :** सैफनी थाना क्षेत्र के गांव पट्टी फाजिलाबाद निवासी राजेंद्र के साथ कुछ दिनों पहले धोखाधड़ी हुई थी। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें उसने अज्ञात व्यक्ति द्वारा शेयर मार्केट में पैसे लगाने का झांसा देकर खाते से 3.70 लाख रुपये ट्रान्सफर करा लिए थे। साइबर क्राइम प्रभारी आशाराम ने मंगलवार को पीड़ित की धोखाधड़ी की गई राशि में से 2.30 लाख रुपये वापस करा दिए हैं।

### कुबड़िया पीर वध की लीलाओं का किया मंचन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री कृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे श्री कृष्ण लीला मंचन में कलाकारों ने कुबड़िया पीर वध आदि की लीलाओं का मंचन किया। मोहल्ला कायस्थान स्थित श्री कृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में 67वां वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें कलाकारों ने कुबड़िया पीर वध, ब्रह्मा स्तुति आदि लीलाओं का मंचन किया। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कमेटी के संरक्षक संतोष कुमार जौहरी ने बताया कि 26 सितंबर को कंस के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी, अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, डॉ. बलविन्द्र सिंह, राजीव जौहरी, सुनील गुप्ता, संजय कुमार जौहरी, स्वदेश कुमार सक्सेना, प्रशांत सक्सेना, रूपराम राठौर, प्यारेलाल सैनी, सुभाष रस्तोगी, दीपक सक्सेना, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तंबाकू के दुष्प्रभाव और बीमारियों से कराया रूबरू

**शाहबाद, अमृत विचार :** तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों को इसके दुष्प्रभाव और बीमारियों के बारे में समझाया गया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. आसिफ कुरैशी ने बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 6 के अर्नव ने पहला, कक्षा 8 के रवि ने दूसरा, कक्षा 9 की मनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य करन सिंह, उप प्रधानाचार्य नरेश कुमार, शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार, मनीष टंडन, अमिता मिश्रा, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेलवे क्रासिंग पर जाम लगने से लोग हुए हलकान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड बार्डर स्थित नैनीताल हाईवे पर रेलवे क्रासिंग पर जाम में फंसकर उत्तराखंड जाने वाले पर्यटक घंटों परेशान रहते हैं। मंगलवार की दोपहर भी यहां भीषण जाम लग गया। हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दो घंटे से अधिक समय तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंचे कुछ गणमान्य लोगों ने काफी देर की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

# एआरटीओ को एक घंटा बंधक बनाया

## गुस्साए किसानों ने एआरटीओ कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े सैकड़ों किसान मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आफिस के सामने टेंट लगाकर दरी बिछा दीं। किसानों ने एआरटीओ और उनके बाबुओं के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। वसूली करने का आरोप लगाया। इस दौरान किसानों ने एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव को एक घंटे तक धरना स्थल पर बंधक बनाए रखा। बाद में अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया।

धरना स्थल पर मंगलवार की दोपहर किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि एआरटीओ और उनके बाबू गरीब किसानों व मजदूरों का शोषण बंद करें। ओवरलोड वाहनों और बिना फिटनेस सड़कों पर दौड़ रही बसों को बंद किया जाए। ओवरलोड वाहनों की वजह से दर्जनों हादसे हो चुके हैं। ओवरलोड वाहनों के कारण स्वार, मसवासी व दढ़ियाल की सड़कें जर्जर हो गई हैं।

इस दौरान एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव भी धरना स्थल पर पहुंच गए। किसानों ने उन्हें एक घंटे तक बंधक बनाए रखा। किसानों ने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी स्वयं निभाएं अन्यथा फिर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उच्च अधिकारी फोन उठाना सही नहीं समझते हैं। एआरटीओ ने किसानों को जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वान दिया। इसके बाद ही किसानों ने उन्हें धरना स्थल से उठने दिया।


किसानों द्वारा धरने पर बंधक बनाए गए एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव।

### धरना-प्रदर्शन में यह किसान रहे मौजूद

ठाकुर अमरपाल सिंह, मोहम्मद सलीम वारसी, मक्खन सिंह चौहान, मुराद खान, हारून खान, अकील खान, अमरपाल मौर्य, सैयद जमाल आरिफ मियां, अकरम खान, कृपाल सिंह यादव, गुफरान अली, अब्दुल हसन पाशा, मतलूब हुसैन, आरिफ खान, आरिफ अली, अमीर अहमद सलमानी, लियाकत खान, रेखा देवी, ऊषा देवी आदि।

### गन्ने में आग लगने पर बिजलीघर में दिया धरना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** जर्जर विद्युत लाइन के कारण दो किसानों के गन्ने की फसल में आग लग गई। इससे आक्रोशित किसान बिजलीघर में धरने पर बैठ गए। अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त किया। मंगलवार को गांव अकीलपुर के किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से अशोक नगर बिजली घर पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्या को लेकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि उनके खेतों के उपर से गुजर रही एचटी लाइन के तार जर्जर हो चुकी है। इसी लाइन के तारों से निकली चिंगारी से राजवीर सिंह और निप्पी शर्मा का 2 एकड़ गन्ना जल गया। उपखंड अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने जल्द ही जर्जर तारों की बदलवाने की बात कही। इस पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। धरना प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान गुरविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, शाहीन खां, राजपाल सिंह, बूटा सिंह, राजवीर, सुरेंद सिंह आदि शामिल रहे।

### भावना से भगवान की निकटता बनती है : मिश्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मानस मर्मज्ञ पंडित प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि भावना से भगवान की निकटता और कामना से दूरी बनती है। निष्कामता से किया गया कर्म हमें ईश्वर से जोड़ता है। जैसे पानी में कमल निर्लिप्त भाव से खिलता है, ठीक उसी प्रकार साधक को संसार में रहकर निर्लिप्त और सदैव प्रसन्न रहना चाहिए।

मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्री राम कथा में कहा कि संसार में रहना पाप नहीं है। लेकिन संसार में रहकर परमात्मा को भूल जाना महापाप है। जड़ बुद्धि का नाम अहिल्या है। विश्व की भलाई और हित चाहने वाले संत विश्वामित्र हैं। परम संत की जब कृपा और संकेत होता है तब भगवत की कृपा से हमारी जड़ता में चैतन्यता आती है और भगवद साक्षात्कार होता है। गंगा दर्शन से जीप का कल्याण होता है। अंत में आरती व प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक, अशोक कुमार अग्रवाल, रामाधार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, हरदेव रस्तोगी, नीरज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री योगेश कुमार अग्रवाल ने किया।

## सार संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

### महिलाओं को दी टोल फ्री नंबरों की जानकारी

**टांडा, अमृत विचार :** भाजपा के जिला मंत्री राजकुमार चौहान ने महिलाओं को विभिन्न विभागों की महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी दी। उन्हें इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति के तहत 100 दिन के विशेष अभियान में मंगलवार को मंसब अली स्टेडियम में महिला जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बाल विकास परियोजना अधिकारी उमा वत्सल ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। सरकार की सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, बेटियों की सुरक्षा से संबंधी विभिन्न योजनाएं व टोल फ्री नंबरों के संबंध में बताया। इस अवसर पर प्रताप सिंह चौहान, योगेश सैनी, रोहित सैनी, सरजीत ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री-सहायिकाएं तथा गर्भवती व धात्री महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पोस्टर प्रतियोगिता में स्वच्छता पर दी कल्पना को उड़ान

**शाहबाद, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत की ओर से मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मस्जिद काजी में स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतिभागियों में स्वच्छता पर कल्पना को उड़ान देते हुए कैनवास पर आकृतियों को उकेरा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को ब्रांड एंबेसडर एवं जीजीआईसी की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रेरक वसीम खान, प्रधानाचार्य निधांशु रस्तोगी, एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां, लिपिक नवेद मियां, फरहा अर्शमद, रेहान अहमद, विजय, विकास आदि मौजूद रहे।


विजेता बच्चे को विद्यालय में सम्मानित करतीं ब्रांड एंबेसडर वंदना शर्मा।

# केंद्रीय कृषि मंत्री को बताई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी धर्मेंद्र मलिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि संवाद के सकारात्मक परिणाम होंगे। मुलाकात के दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

केंद्रीय कृषि मंत्री को बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को रिजर्व प्राइस बनाया जाए। फसल बीमा योजना में सुधार हो। छोटे किसानों के लिए बीमा प्रीमियम शून्य किया जाए। किसानों को बाजार में होने वाले नुकसान से बचाने के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना को प्रभावी बनाना जरूरी है। कृषि आयात पर नियंत्रण लगे, ताकि सस्ते कृषि आयात से किसानों को नुकसान न हो। किसानों के लिए प्रमाणिक बीज, सिंचाई और भंडारण की सुविधाओं में सुधार करने, किसान सम्मान निधि को 12,000 रुपये सालाना करने और अन्य सुविधाओं में सुधार के लिए भी अनुरोध किया गया।

कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। कहा कि सरकार किसानों के लाभ के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि अगर सरकार संगठन की मांगों पर विचार करेगी तो किसानों की स्थिति को और बेहतर बनाया जा सकता है। संगठन का प्रयास है कि किसान खुशहाल रहें। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह आदि शामिल रहे।


केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते किसान।

- **भाकियू अराजनैतिक ने शिवराज सिंह चौहान को सौंपा ज्ञापन**

# केक काटकर मनाया मीना का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मुड़ियाखेड़ा में मीना मंच सुगमकर्ता रीना कुमारी के नेतृत्व में एक दिवसीय मीना मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद मीना के जन्मदिन के अवसर पर मीना मंच की बालिकाओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

मेले में मुख्य अतिथि जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर व जिला समन्वयक प्रशिक्षण अंकित सक्सेना रहे। उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना व मीना मंच के मास्टर ट्रेनर दीपक पुंडीर ने भी मेले का अवलोकन किया। मेले में कानूनी जागरूकता, खेलकूद के लाभ, जलवायु परिवर्तन, गणित के जादू, विज्ञान के प्रयोग, माहवारी स्वच्छता, कबाड़ से जुगाड़, मीना संदेश आदि विषयों पर स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह, विवेक कुमार, रीना कुमारी, मोहित सक्सेना, सौरभ आर्य, नृपेंद्र कुमार, चंचल कुमार गुप्ता, वीर सिंह आदि उपस्थित रहे।


मीना के जन्मदिन पर केक काटतीं छात्राएं।

### नाटक के जरिए दिया उपेक्षा नहीं करने का संदेश

**रामपुर, अमृत विचार :** विकासखंड सैदनगर के कंपोजिट विद्यालय ढक्का हाजी नगर में मीना दिवस के अवसर पर विद्यालय में मीना का जन्मदिन मनाया गया। विद्यालय की पावर एंजेल्स नीरज संजू और मिस्बाह ने केक काटा। मीना मंच की समिति अध्यक्ष नूर बी, सचिव रानीश ने मुंह सींके अब जी न पाएंगे गीत प्रस्तुत किया। मीना मंच के सदस्यों ने आधा फूल कॉमिक्स से गायब हाथी का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। उन्होंने नाटक से संदेश दिया कि हमें किसी के रूप-रंग और शारीरिक बनावट की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। फाकेहा ले मीना मंच के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपक पुंडीर, शिक्षक मुख्तार अहमद, अक्षय कुमार, कदीर अहमद, श्याम लाल और पूनम पाल आदि उपस्थित रहे।


मीना के जन्म दिन पर केक काटतीं छात्राएं।

### बच्चों ने मीना के लिए गाए गीत, केक भी काटा

**रामपुर, अमृत विचार :** आकांक्षी ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में मीना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अध्यापिका रीना, आराधना और बच्चों ने मीना के जन्मदिन पर कक्षा को गुब्बारों, झालर और हाथ से बनी हुई मीना की पेंटिंग से सजाया। शबनम आरा ने मीना के लिए जन्मदिन केक भी बनवाया फिर मीना को ताज पहना कर केक काटा गया। बच्चों ने मीना के लिए गीत गए और डांस किया। शबनम आरा ने बताया कि मीना 9 वर्ष की एक लड़की है, जो यूनिसेफ की परिकल्पना है। वह उमंग और उत्साह से भरी हुई है। उसकी सोच सकारात्मक है। मीना प्रश्न पूछने में झिझकती नहीं और कमजोर वर्ग के लिए हमेशा आवाज उठाती है। मीना हर लड़की के लिए प्रेरणा है। इसलिए प्रत्येक वर्ष मीना का जन्म दिन हर प्राइमरी स्कूल में मनाया जाता है। उन्होंने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को कलर, कॉपी उपहार में दीं। बच्चों को मिठाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर रीना, आराधना सक्सेना, भूरी, आजमी, राबिया, रेखा, रूपवती, फैज बी आदि उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

### बच्चों को मीना के विषय में दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक निब्बी सिंह चमरौआ में मीना का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर प्रेरक बनी रेखा ने बच्चों को मीना के विषय मे बताया। मीना से जुड़ी कहानी का मंचन किया गया। केक काटने के बाद मीना मंच से जुड़ी बालिकाओं और बालकों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रेखा, पूर्णिमा, मोहिनी, हिमांशु, रिंकी, पिंकी, दीपिका, कविता, राधिका, खुशबू, अभिषेक, शिवम, नेहा ने विशेष सहयोग किया। शिक्षकों में अंजुला प्रभाकर, अंजुम स्नेही, सपना सक्सेना, शांति देवी, शिवानी सक्सेना, पूजा सक्सेना, पूनम यादव मौजूद रहीं।


सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री न लगाने पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# सड़क में घटिया सामग्री लगाने पर हंगामा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** खौद-थूनापुर मार्ग के चौड़ीकरण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री न लगाने पर ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने हंगामा कर दिया।

मंगलवार की सुबह आसपास के तमाम गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और ठेकेदार पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों ने वहां काम कर रहे मजदूरों से बात की। ग्रामीणों ने मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री लगाने की मांग की। उनका कहना था कि सड़क के निर्माण में बजरफुट, डस्ट व रोड़ी के स्थान पर मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। इससे सड़क कुछ समय बाद ही उखड़ जाएगी। यदि मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई गई तो जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से शिकायत की जाएगी। आसपास के सभी गांवों के लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में इकराम पाशा, मोहम्मद रऊफ, नवाब हुसैन, मोहम्मद अय्यूब, आजम आदि मौजूद रहे।

# मानव शृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए मानव शृंखला बनाई। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि जीवन में स्वच्छता बहुत जरूरी है।

मंगलवार को कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं एवं स्टाफ ने मानव शृंखला बनाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि मानव शृंखला का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। जब हम अपने घर व आसपास को स्वच्छ रखेंगे, तभी बीमारियों और संचारी रोगों से बच सकेंगे। स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इसी धारणा को अपनाते हुए 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलेगा।

इस अवसर पर शमीम खान, रेणु देवी, कल्पना सिंह, प्रगति गोयल, बबीता गुप्ता, नाजिया, अफीफा, खतीजा, तबस्सुम, जितेंद्र सक्सेना, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, बाबू, राशिद खान आदि मौजूद रहे।

- **2 अक्टूबर तक चलेगा यह स्वच्छता पखवाड़ा**


स्कूल के सामने मानव शृंखला बनातीं छात्राएं।


मानव शृंखला बनाते कंपोजिट स्कूल के बच्चे।

### विद्यालय परिसर की सफाई कर किया श्रमदान

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में प्रार्थना सभा के बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में मानव शृंखला बनाई। शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। परिसर में लगे विभिन्न पौधों की देखभाल की। परिसर में पिछले सप्ताह लगाए गए एक पेड़ मां के नाम की भी देखभाल की। मानव शृंखला बनाते समय बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा है आदि के नारे लगाए। बताया कि स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। स्वच्छता को अपनाते हुए हम विभिन्न बीमारियों से बच सकते हैं।

**मुलाकात** मिक्की मियां के चचेरे भाई थे यूएस आर्मी की कैप्टन सायमा दुर्रानी के दादा जाहिद खान

# शाही परिवार की रिश्तेदार हैं सायमा दुर्रानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ और रामपुर से अपना रिश्ता होने की बात कहने वाली अमेरिकी सेना की कैप्टन सायमा दुर्रानी आजकल चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। अमेरिकी सैन्य अधिकारी के बयान के बाद यह बात सामने आई है कि वह रामपुर के शाही खानदान की रिश्तेदार हैं। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां से उनकी रिश्तेदारी है। दिल्ली में दोनों की मुलाकात भी हुई है।

पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि यूएस आर्मी में कैप्टन सायमा दुर्रानी के पिता जाहिद खान रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के बेटे पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के तीसरे चचेरे भाई थे। जाहिद खान किंग याकूब ऑफ अफगानिस्तान के पौत्र थे। वह अपने माता-पिता और बहन के साथ लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया यूएसए में रहती हैं। भारत आने पर कैप्टन सायमा दुर्रानी और नवेद मियां की नई दिल्ली में मुलाकात भी हुई। कैप्टन सायमा दुर्रानी अमेरिकी सेना की सिविल अफेयर्स अधिकारी हैं।

उन्होंने 2024 में भारत और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया। कैप्टन सायमा दुर्रानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया था कि यूएस आर्मी के साथ वह पहली बार भारत आई हैं।

कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि मेरे और मेरी फैमिली के ताल्लुकात लखनऊ और रामपुर से हैं। अभी भी हमारा परिवार वहां पर मौजूद है।


पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के साथ अमेरिकी सेना की कैप्टन सायमा दुर्रानी।

### अमेरिका और भारत की मित्रता ही हमारा एकमात्र लक्ष्य : कैप्टन

अमेरिकी सेना में सिविल मामलों की अधिकारी कैप्टन सायमा दुर्रानी ने कहा कि सिविल मामलों का मतलब है कि हम कूटनीतिक क्षमता में काम करते हैं। इसलिए यहां हमारा एकमात्र लक्ष्य अमेरिका-भारत की मित्रता है। इसलिए हम भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम यहां आकर वाकई खुश हैं। हम भारतीय सेना के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं। दोनों देशों के बीच के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कैप्टन सायमा दुर्रानी ने कहा कि मैं आपको बता दूं कि हमारा परिवार, हमारी संस्कृति सब एक जैसे हैं। हम एक-दूसरे से प्यार करते हैं।


गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी में हुए सहज पाठ में शामिल संगत।

# गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी में हुआ सहज पाठ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के संबंध में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी में प्रबंधक कमेटी एवं संगत के सहयोग से रात 9 से 9:45 बजे तक सहज पाठ किए जा रहे हैं।

कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि सहज पाठ 123 दिन से जारी हैं। सहज पाठ 11 नवंबर को संपन्न होंगे। सहज पाठ कराने में जगमोहन सिंह एवं जयदीप सिंह प्रमुख रूप से सेवाएं दे रहे हैं। सहज पाठ की समाप्ति के बाद प्रतिदिन प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व के संबंध में होने वाले अन्य कार्यक्रम प्रबंधक कमेटी शीघ्र निर्धारित करेगी। सहज पाठ करने में नाम सिमरन जत्था, प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना के अतिरिक्त गुरचरण सिंह आहुजा मीत प्रधान, जसमीत सिंह, धनवंत सिंह, पपिंदर सिंह आदि शामिल रहे।

**प्राथमिक विद्यालय चकरपुर वि.खं. मिलक (रामपुर)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय चकरपुर के जर्जर मुख्य भवन की नीलामी दिनांक 28.09.2024 दिन शनिवार को विद्यालय प्रांगण में 11:00 बजे उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं।

अध्यक्ष
श्री गंगा राम

इं.प्रधानाध्यापक
मोहित कुमार

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय मिर्जानूरपुर वि.खं. मिलक (रामपुर)**

**निविदा सूचना**

विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय मिर्जानूरपुर जिला रामपुर के जर्जर मुख्य भवन की नीलामी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार दिनांक 28.09.2024 को 11 बजे दिन शनिवार को विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं।

अध्यक्ष/सचिव
प्रबन्ध समिति प्रा.वि. मिर्जानूरपुर
वि.खं. मिलक, रामपुर

कविता (इं. प्रधानाध्यापिका)
प्रबन्ध समिति प्रा.वि. मिर्जानूरपुर
वि.खं. मिलक, रामपुर

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रामनगर वि.खं. मिलक (रामपुर)**

**निविदा सूचना**

विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय रामनगर जिला रामपुर के जर्जर मुख्य भवन की नीलामी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार दिनांक 28.09.2024 को 10 बजे दिन शनिवार को विद्यालय प्रांगण में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं।

अध्यक्ष/सचिव
प्रबन्ध समिति प्रा.वि. रामनगर
वि.खं. मिलक, रामपुर

श्वेता (इं. प्रधानाध्यापिका)
प्रबन्ध समिति प्रा.वि. रामनगर
वि.खं. मिलक, रामपुर

सहसा विदधीत न क्रियामविवेक: परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धा: स्वयमेव संपद:॥

हमें अचानक आवेश या जोश में आकर कोई काम नहीं करना चाहिए। क्योंकि विवेक हीनता सबसे बड़ी विपत्तियों का कारण होती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है। गुणों से आकृष्ट होने वाली मां लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

## संपादकीय

# भारत के लिए अच्छी शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की संरचना में सुधारों का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। भारत लगातार आवाज उठाकर पहली बार यूएनएससी पर दबाव बनाने में सफल रहा है। परिणामस्वरूप यूएनएससी में सुधारों की पहल लिखित रूप से शुरू हो गई है। सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता समेत अन्य सुधारों को लेकर पहली बार एक विस्तृत पैराग्राफ शामिल किया जाना भारत की कूटनीतिक जीत मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे भारत को सुरक्षा परिषद में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। विश्व के नेताओं ने भविष्य के जिस समझौते को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, उसमें सुरक्षा परिषद में सुधार करने, इसमें प्रतिनिधित्व बढ़ाने, इसे अधिक समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को स्वीकार करने का वादा किया गया है। ये मुद्दा अमेरिका में हाल ही में क्वाड समिट के दौरान भी उठा। रविवार को क्वाड नेताओं ने यूएनएससी की सीटें बढ़ाने और इस निकाय को ज्यादा जवाबदेह बनाने के लिए इसमें सुधार का आह्वान किया। अमेरिका ने भी यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट की मांग का समर्थन किया है। क्वाड में यूएनएससी का मुद्दा उठना भारत के लिए सफलता है। भारत के लिए ये अहम है क्योंकि उसकी ओर से लगातार यूएनएससी में स्थायी सीट की मांग की जा रही है।

गौरतलब है कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली रही है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इससे हिंद महासागर को शांति का क्षेत्र घोषित किया जा सकता है और यह चीन को उसकी विस्तारवादी नीतियों का उचित जवाब होगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता भारत को वैश्विक राजनीति के स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस के समकक्ष ला खड़ा कर देगी। सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हुआ था। सुरक्षा परिषद के स्थायी पांच सदस्यों के पास वीटो का अधिकार होता है। परिषद की वर्तमान संरचना पहले की शक्ति संतुलन की व्यवस्था पर बल देती है। यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी विफल रही है। उसके सदस्य यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष जैसे मुद्दों पर बंटे हुए हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक हैं। सुधार की पहल संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के दस्तावेज में मुद्दे को शामिल किए जाने से होना भारत के लिए एक अच्छी शुरुआत है।

# सम-विषम परिस्थितियों में संतुलन सिखाती है शिक्षा




डॉ. अवनीश यादव
प्रांतीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है।

मेरे अनुभव में यह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने असफलता को सेलिब्रेट किया। पार्टी की तिथि, स्थान और समय निश्चित किया तथा अपने सभी सहकर्मियों को पार्टी दी। सहकर्मियों को उस समय यह वाकया हास्यास्पद लगा, पर कुछ समय बाद ही उनकी ओर से पुनः पार्टी का निमंत्रण प्राप्त हुआ। सभी चौंके, क्या फिर से? पर नहीं! "इस बार यह सज्जन अपनी सफलता के साथ थे। बढ़े-चढ़े रुतबे के साथ नवीन नियुक्ति पत्र उनके हाथ में था। मैं अपने सपने का पीछा करता रहा और अब अपने मन के काम में आ पाया"-गर्मजोशी से गले मिलते हुए वे बोले। "कुछ छोटा छूटना भविष्य में कुछ बड़ा मिलने का संकेत होता है, इसलिए निराश होने के बजाय हर स्थिति को सेलिब्रेट करना चाहिए और निरंतर प्रतिबद्ध प्रयास भी। उस समय मैंने यही किया था।" उन्होंने याद दिलाया। उनकी अभी की स्थिति को देखकर उनसे असहमत होने का कोई कारण ही नहीं था। अपने सपने को साधने की साधना उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

दैनन्दिन जीवन में रोजी-रोटी की जद्दोजहद के बीच तमाम तरह के अनुभव दरपेश होते रहते हैं। कुछ खट्टे, कुछ मीठे। कुछ ऐसे भी जो इस परिधि में नहीं आते। यह अनुभव कुछ ऐसा ही था। हर कोई सफल होना चाहता है। आगे बढ़ना चाहता है। सपनों को पूरा करना भी, लेकिन जब सपनों का पीछा करने की बात आती है तो कम ही लोग उस राह के हमराह होते हैं और जो सच में इस राह के राहगीर होते हैं वे अपने सपनों को पूरा कर ले जाते हैं। प्रतिबद्धता, परिश्रम, जुनून और अनुशासन इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। कई बार बच्चे मुझसे सफलता का शॉर्ट कट पूछते हैं। मेरा पहला जवाब होता है-कोई नहीं। सफलता नियमबद्ध कठोर परिश्रम का प्रतिफल होती है, जिसके लिए अपना सर्वोत्तम झोंकना होता है। साथ ही धैर्य, धीरज और अपने आप पर विश्वास को भी निरंतर कायम रखना होता है। इनमें से कोई भी एक कड़ी टूटती है तो सफलता दूर होती जाती है। हम लक्ष्य सिद्धि के लिए अर्जुन का उदाहरण देते हैं। पांडवों में केवल अर्जुन ही थे, जिन्होंने परीक्षा की घड़ी में कहा - "गुरुदेव! मुझे केवल चिड़िया की आंख दिख रही है"।



शिक्षा मुख्यत: जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख है। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें।

यह लक्ष्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का सर्वोत्तम उदाहरण है। हमारे इर्द-गिर्द भी ऐसे कितने ही उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद कठिन परिश्रम के द्वारा अपने लक्ष्य को हासिल किया। ऐसा नहीं कि उनके जीवन में असफलताएं नहीं थीं। हां, इतना जरूर कि उन्होंने असफलताओं से हताश या निराश होने के बजाय उन्हें सेलिब्रेट किया तथा अपने आप को और मजबूती से लक्ष्य की ओर उन्मुख किया। करियर निर्माण के दिनों में विद्यार्थियों को विद्यालयीय परीक्षाओं के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का हिस्सा होना पड़ता है। इनमें से कम ही होते हैं, जो अपने पहले प्रयास में सफलता अर्जित कर लेते हैं। वरना अधिसंख्य वर्ग को परीक्षा-दर-परीक्षा अपने आप को आजमाना पड़ता है। यह प्रतीक्षा, प्रतिबद्धता और संघर्ष की आजमाइश का वक्त होता है। इस समय जरूरी होता है कि बिना विचलित हुए, धैर्य पूर्वक और पूरे मन से सफलता का पीछा किया जाए। साथ ही कदाचित असफलता की स्थिति में निराश या हताश होने के बजाय असफलताओं के कारणों की समीक्षा कर पुनः दोगुने जोश से तैयारी में लगा जाए।

शिक्षा मुख्यतः जिन जीवन कौशलों की बात करती है उनमें स्व-आकलन हेतु समालोचनात्मक दृष्टि, सृजनात्मक सोच तथा तनाव पर नियंत्रण प्रमुख हैं। यह जरूर है कि विद्यालयीय क्रियाकलापों में विषयगत पठन-पाठन के दबाव में जीवन कौशलों पर उतनी व्यापक चर्चा नहीं हो पाती जितना आवश्यक है। इसी कारण प्रतिकूल परिस्थितियों में अक्सर विद्यार्थियों का धैर्य-धीरज और मनोबल टूट जाता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों के शुरुआती दिनों से भी इस दिशा में पर्याप्त काम किया जाए, ताकि बच्चों में आवश्यक मानसिक दृढ़ता आए। वे खुद के प्रति क्रूर नहीं, बल्कि करुण बनें और छोटी-मोटी असफलताओं के बीच भी अपने आप को मजबूत करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ें। पाठ्य पुस्तकों में ऐसे तमाम प्रसंग, कविता, कहानियां, उद्धरण मौजूद हैं, जो एक के बाद एक असफलताओं के बावजूद सफलता की इबारत को उकेरते हैं। इस प्रकार के प्रसंगों पर बच्चों से निरंतर बात हो तथा विषम परिस्थितियों में उनके दृष्टिकोण को जाना-समझा जाए। उन्हें स्पष्ट किया जाए कि किसी भी किरदार के जीवन में एक पराजित मन को कई स्तर पर युद्ध करना होता है। स्वयं से, परिवार की अपेक्षाओं से और समुदाय की टिप्पणियों से। निश्चित तौर पर इस स्थिति का दुष्परिणाम कई आत्मघाती निर्णयों के रूप में सामने आता है। स्ट्रेस, शर्मिंदगी, भविष्य की चिंता, हीनता बोध जैसी भावनाओं के चलते बच्चे भटकाव की उन अंधेरी गलियों की ओर मुड़ जाते हैं, जहां से वापसी मुश्किल होती है। अतः आवश्यक है कि विद्यालय और समुदाय के स्तर पर इस बारे में पर्याप्त चर्चा- विमर्श हों कि किसी के संघर्षों में साझेदार होते हुए उसे किस तरह अभिप्रेरित किया जाता है।

शिक्षा अपनी परिभाषाओं में विविधता के सम्मान की बात भी करती है। निश्चित तौर पर यह विविधता बच्चों और उनके साथ किए जा रहे क्रियाकलापों की ओर इंगित करती है। अतः सफलता के तयशुदा मानकों पर काम करते समय हमें इस विविधता पर भी पर्याप्त विचार करना चाहिए। वैसे भी कोई बच्चा असफल होने के लिए विद्यालय नहीं आता।

## प्रसंगवश

# प्रशासनिक दुनिया के असामान्य व्यक्तित्व

यह सामान्य धारणा है कि प्रशासकीय सेवाओं में चुनाव बड़ी कठिन प्रतियोगिता के पश्चात होने के कारण उनमें बड़े मेधावान एवं विवेकशील व्यक्ति ही चयनित हो पाते हैं। परंतु उनके विवेकशील होने के विषय में न तो कोई टेस्ट होता है और न कोई गारंटी।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अत: सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्राय: हास्य का विषय बनाते रहते हैं।

इसके बरखिलाफ चूंकि मेधावान व्यक्तियों में एब्नार्मल पर्सनालिटी होने की संभावना अधिक रहती है, अतः सिग्निफिकेंट संख्या में एब्नार्मल अभ्यर्थी प्रशासकीय सेवाओं में आ जाते हैं। ये एब्नार्मल व्यक्तित्व के अधिकारी प्रशासन को प्रायः हास्य का विषय बनाते रहते हैं। वे अपने संपर्क में आने वाले सहयोगियों और जनता के व्यक्तियों के जीवन की तनावपूर्ण दिनचर्या को सरस एवं चटपटा मसालेदार बनाने में अनजाने ही लगे रहते हैं। उनका रहन-सहन, खानपान, बातचीत, सहकर्मियों से व्यवहार एवं जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया इतनी हास्यजनक होती है कि वे अनायास टॉक ऑफ द फ्रैटर्निटी बन जाते हैं। प्रशासन में एब्नार्मल्स की एंट्री कोई नई बात नहीं है। अंग्रेजी जमाने में भी आईसीएस और आईपी में एब्नोर्मल्स चयनित हो जाते थे। एक श्री सिंह नैनीताल में कमिश्नर हुआ करते थे, जिनकी किसी भी सरकारी कागज पर हस्ताक्षर करने में रूह कांपती थी। अतः वह कोई भी फाइल अपने सामने प्रस्तुत होने पर किसी न किसी बहाने संबंधित बाबू को डांटकर भगा देते थे। इसके फलस्वरुप उनके कार्यालय के कमरे फाइलों से पटे रहते थे। कलेक्टरों के टीए बिलों पर उनके हस्ताक्षर न हो पाने के कारण वे भी परेशान रहते थे और इस प्रतीक्षा में रहते थे कि वह कब छुट्टी पर जाएं और वह अपने बिलों पर ऑफशियाटिंग कमिश्नर से हस्ताक्षर करवा लें।




महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी तरह एक पुलिस अधिकारी रामपुर रियासत में आईजी हुआ करते थे, जिनको रियासतों के भारत में विलय के समय उत्तर प्रदेश पुलिस में उपाधीक्षक पुलिस के पद पर नियुक्ति दे दी गई थी। कुछ वर्ष बाद वह पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर नियुक्त हुए थे। वह भी सिग्नेचरोफोबिया से ग्रस्त थे। एक दिन उनको वायरलेस से पुलिस मुख्यालय का आदेश प्राप्त हुआ कि ए असेंबली क्वेश्चन का उत्तर अविलंब अपने हस्ताक्षर से भेजें। वायरलेस को उन्होंने चुपचाप रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। फिर दो दिन बाद टेलीफोन पर आदेश दोहराया गया। अधीनस्थ अधिकारियों ने उत्तर का ड्राफ्ट बनाकर उनके सामने रख भी दिया, तब भी उन्होंने असेंबली क्वेश्चन के उत्तर पर हस्ताक्षर नहीं किए। इस पर मुख्यालय ने एक उपाधीक्षक को उनसे हस्ताक्षर करवाने हेतु सुल्तानपुर रवाना किया। इसकी सूचना मिलते ही वह दौरे पर प्रस्थान कर गए। सुल्तानपुर आकर जब उपाधीक्षक ने उनके दौरे के स्थान को प्रस्थान किया, तो वह दूसरी जगह चले गए और फिर डिप्टी साहब पीछे-पीछे और एसपी साहब आगे-आगे भागते रहे। अंत में डिप्टी साहब हारकर वापस लौट गए, क्योंकि कप्तान साहब चालाकी कर कहीं अज्ञातवास पर चले गए। उल्लेखनीय यह है कि फिर भी उन्हें कोई जनपद के चार्ज से न हटा सका, क्योंकि वे अधिकारियों को खुश रखने में माहिर थे। जब मैं एसपी बस्ती नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी को बात करने का बहुत शौक था। जनपद में मुआइने पर आने पर वह अपनी बातों के दौरान एक किस्सा बार-बार दोहराया करते थे कि वह जब एसपी इटावा थे, तब उन्होंने अपने बंगले पर एक शेर पाला था, जो उनके बंगले के गेट पर रखे एक बड़े से पिंजड़े में रहता था। वह अक्सर कॉन्स्टिपेशन का शिकार रहता था और अंततः कॉन्स्टिपेशन का शिकार होकर मर गया था। उनका शेर पालन का यह किस्सा इतना लंबा खिंचता चला जाता था कि मुझे कॉन्स्टिपेशन होने लगता था, परंतु फिर भी मैं ध्यान की मुद्रा बनाकर उनकी कथा सुना करता था, क्योंकि उनके मुआयने का परिणाम मेरे कार्य पर निर्भर न होकर इस पर अधिक निर्भर करता था कि मैं कितने मनोयोग से उनकी बात सुनता था।

# संकट भी बढ़ा सकती है नकली बरसात

इस बार जाड़ा पड़ने से बहुत पहले जब दिल्ली हर बारिश के बाद डूब रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को यह बताने के लिए कहा कि सर्दियों में प्रदूषण में बेतहाशा बढ़ोतरी से कैसे निपटेगा। जब इस बारे में कार्य योजना की बात हुई तो दिल्ली सरकार का विंटर प्लान के नाम पर एक नया शिगूफा सामने आ गया, कृत्रिम बरसात।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं।

असल यह समझना होगा कि पर्यावरण से जुड़ी किसी भी समस्या का संपूर्ण निराकरण किसी तकनीकी में नहीं, बल्कि आत्म नियंत्रण में छुपा है। तकनीकी तात्कालिक कुछ राहत दे सकती है, लेकिन वह निराकरण नहीं है। जिस कृत्रिम बरसात का झांसा दिया जा रहा है, उसकी तकनीक को समझना जरूरी है। इसके लिए हवाई जहाज से सिल्वर-आयोडाइड और कई अन्य रासायनिक पदार्थों का छिड़काव किया जाता है, जिससे सूखी बर्फ के कण तैयार होते हैं। असल में सूखी बर्फ ठोस कार्बन डाइऑक्साइड ही होती है। सूखी बर्फ की खासियत होती है कि इसके पिघलने से पानी नहीं बनता और यह गैस के रूप में ही लुप्त हो जाती है। यदि परिवेश के बादलों में थोड़ी भी नमी होती है तो यह सूखी बर्फ के कणों पर चिपक जाते हैं और इस तरह बादल का वजन बढ़ जाता है, जिससे बरसात हो जाती है।

एक तो इस तरह की बरसात के लिए जरूरी है कि वायुमंडल में कम से कम 40 फीसदी नमी हो। फिर यह थोड़ी सी देर की बरसात ही होती है। इसके साथ यह खतरा बना रहता है कि वायुमंडल में कुछ ऊंचाई तक जमा स्माग और अन्य छोटे कण फिर धरती पर आ जाएं। साथ ही सिल्वर आयोडाइड सूखी बर्फ के धरती पर गिरने से उसके संपर्क में आने वाले पेड़, पौधे, पक्षी और जीव ही नहीं नदी-तालाब पर भी रासायनिक खतरा संभावित है। यह वैश्विक रूप से प्रामाणिक तथ्य हैं कि नकली तरीके से बरसात करवाना कई बार बहुत भारी पड़ता है। फिर उस दिल्ली एनसीआर में जहां कुछ मिनट की बरसात से सड़कों पर नदी, नाले भरने से जाम होता है और यही जाम तो दिल्ली के हवा में सबसे अधिक जहर घोलता है। जाहिर है बरसात से जितना प्रदूषण कम नहीं होगा उससे अधिक बरसात के कारण वाहनों के ठिठकने से उपजे धुएं से बढ़ेगा ही।

समझना होगा कि कृत्रिम बारिश से होने वाली भारी बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। पिछले साल दुबई और पास के अरब देशों में अचानक भयानक बरसात और बाढ़ का कारक वहां कृत्रिम बारिश को भी माना जा रहा है। यही नहीं किसी एक इलाके में इस तरह की बरसात से दूसरे इलाकों में सूखा पड़ सकता है। कृत्रिम बारिश हवा के पैटर्न और तापमान में अचानक बदलाव ला सकती है। इससे कई संक्रामक रोगों के वायरस उपजने की संभावना होती है। एक बात और इस तरह की बरसात से जलवायु परिवर्तन की गति तेज होने की प्रबल आशंका है। यह वैश्विक जल चक्र में बदलाव का औजार भी बन सकता है।

वायुमंडल में ओजोन का स्तर 100 एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स होना चाहिए, लेकिन जाम से हलकान दिल्ली में यह आंकड़ा 190 तो सामान्य ही रहता है। वाहनों के धुंए में बड़ी मात्रा में हाईड्रो कार्बन होते हैं और तापमान चालीस के पार होते ही यह हवा में मिलकर ओजोन का निर्माण करने लगते हैं। यह ओजोन इंसान के शरीर, दिल और दिमाग के लिए जानलेवा है। इसके साथ ही वाहनों के उत्सर्जन में 2.5 माइक्रो मीटर व्यास वाले पार्टिकल और गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड है, जिसके कारण वायु प्रदूषण से हुई मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

वायु प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं हैं। देश के सभी महानगर और राजधानियां जाड़ा आते ही जहरीले धुएं से घुटने लगते हैं। दिल्ली में जो भी तरीका अपनाया वह सारा देश बगैर दूरगामी परिणाम जाने अपनाने लगता है। जाहिर है कि दिल्ली के असफल प्रयोग सारे देश के लिए त्रासदी बन जाते हैं। ऐसे में यहां कोई भी कदम उठाने से पहले इसके व्यापक प्रभाव पर गहन अध्ययन जरूरी है। शहरों में भीड़ कम हो, निजी वाहन कम हों, जाम न लगे, हरियाली बनी रहे, इसी से जहरीला धुंआ कम होगा। मशीनें मानवीय भूल का निदान होती नहीं। हमें जरूरत है ऐसी प्रक्रिया की, जिससे वायु को जहर बनाने वाले कारक ही जन्म न लें।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार का मुद्दा

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। दूसरा बड़ा कारण साहित्य का मास कल्चर के सामने आत्मसमर्पण और उसके साथ सामंजस्य बिठाने की कोशिश करना है। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है। अबाधित पूंजीवादी विकास हुआ है। उपभोक्तावाद की लंबी छलांग लगी है और संचार क्रांति हुई है। इन लक्षणों के कारण सोवियत अर्थव्यवस्था धराशायी हो गई। सोवियत संघ और उसके अनुयायी समाजवादी गुट का पराभव हुआ। फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छलयोजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई।

आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहाराव-मनमोहन। यह मनमोहन अर्थशास्त्र है। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता।

-फेसबुक वॉल से

# किस्म-किस्म की रस्सियां

जब कभी किसी को रस्सी के फंदे से झूलकर आत्महत्या की खबर पढ़ता हूं तो मैं विचलित ही नहीं व्यथित भी हो जाता हूं। सीधा चालीस साल पीछे चला जाता हूं। उन दिनों मैं अवसाद के दौर से गुजर रहा था। मुझे याद आता है। मैं बाजार जाता हूं रस्सी खरीदने एक दुकान में घुसता हूं। भांति-भांति की रस्सियां टंगी थीं। उन दिनों नायलोन की रस्सी नहीं मिलती थी। सूत वाली या नारियल वाली रस्सियों की भरमार होती थी।

मैंने दुकानदार से कहा-"कोई मजबूत किस्म की रस्सी चाहिए, जो सत्तर किलो का बोझ सह सके"। दुकानदार ने कहा-"मिल जाएगी, लेकिन श्रीमान जी प्रयोजन तो बताएं"। सुनकर गुस्सा आ गया - "अरे भाई, तुमको इससे क्या मतलब? मुझे आत्महत्या करनी हो या चाहे कुएं से आदमी को बाहर खींचना हो"। दुकानदार समझदार था। बोला-"माफ करना भाई। मैंने तो यों ही पूछ लिया"। फिर दुकानदार ने एक मजबूत रस्सी की ओर इशारा करते हुए कहा- "यह वाली ले लें। दोनों ही प्रयोजन संपन्न करेगी, आदमी के झूला झूलने का भी और कुएं से बाल्टी खींचने का भी, लेकिन इस बात का ख्याल रहे कि हुक मज़बूत हो"।

मुझे ख्याल आता है कि यूपी आवास-विकास परिषद् से जब मकान खरीदा था बताया गया था कि यह हुक सिर्फ पंखा लटकाने के लिए ही है। पंखा इंसान से हल्का होता है। इसका मतलब यह हुआ कि हो सकता है कि हुक मेरा सत्तर किलो का बोझ न सह सके। हुक के टूटने का मतलब यह होगा कि मेरे साथ पंखा भी नीचे आ गिरे। सर पर चोट लग सकती है। चोट ज्यादा हुई तो डॉक्टर सीटी स्कैन रेफर करेगा। फिर ऑपरेशन लंबा खर्चा बैठ जाएगा। आत्महत्या का उद्देश्य तो पीछे छूट जाएगा और फिर पिछले महीने पैसा-पैसा जोड़कर खरीदे पंखे की ठंडी-ठंडी हवा का अभी कायदे से लुत्फ भी नहीं उठा पाया हूं।

एक मुसीबत और भी है। पत्नी दिन भर साए की भांति चिपकी रहती है। हर पंद्रह मिनट पर झांकने आती है कि निठल्ला पति कर क्या रहा है? हुक से रस्सी फंसाने के लिए कम से कम आधा घंटा टाइम चाहिए। सुसाइड नोट भी तो लिखना होगा। बहुत सोच-समझकर लिखना होगा, लेकिन ठोस कारण भी तो होना चाहिए। किससे परेशान हूं? खुद से या पत्नी से? या ऑफिस के कामकाज या साथियों से। या फिर अड़ोस-पड़ोस से। मगर इनमें से कोई भी तो कारण नहीं? ऐसा न हो कि इतना हल्का कारण हो कि किसी को यकीन ही न हो कि सुसाईड का इतना हल्का कारण भी हो सकता है। खिल्ली उड़ेगी अलग से। फिर तो फिलहाल सुसाइड प्लान स्थगित करना ही उचित होगा। तभी पीछे से कोई चीखा- "अबे अंधा है क्या? देखता नहीं पीछे सड़क का बाप चला आ रहा है। मैंने पीछे मुड़कर देखा"। अरे यह क्या? जाने कब बेख्याली में मैं सड़क के बीचो-बीच आ गया था और एक ट्रक ड्राइवर मुझे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था-"मरण जोग्यां नूं जाणे जाने क्यों मेरा ही ट्रक मिलदा है, भूतनी दिया"।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है।

एक डर ये भी लगा कि सुसाइड में नाकाम रहने पर समाज व परिवार भले ही रहम कर जाए पर कानून नहीं करेगा। मुकदमा चलेगा। वकील करना पड़ेगा। अच्छा-खासा पैसा खर्च होगा। इतनी भाग-दौड़ करनी होगी कि आदमी यों ही जीते-जी मर जाए और खुद को प्रताड़ित करना सिद्ध होने पर सजा का भी प्राविधान है। हटाओ, छोड़ो। साला सुसाइड करने में कितना झंझट है, मगर इस रस्सी का क्या करूं? रखे रहो। कभी किसी कुएं में डूबते हुए को सहारा देने के काम आएगी। तभी घर आ गया। पत्नी ने हाथ में रस्सी देखी तो बोली-" अरे वाह! मैं इसी के बारे में सोच रही थी। आंगन में बांधेंगे कपड़े सुखाने के लिए"।

# बागवानी उत्पादन में गिरावट

हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी लेटिन शब्द हार्ट्स (उद्यान) और कल्चर (कृषि) से मिलकर बना है, इस समय भारत बागवानी फसलों के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है। वही निर्यात के मामले में भारत सब्जियों के मामले में 14 वें और फलों के मामले में 23 वें स्थान पर है, जबकि भारत में उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल बागवानी उत्पादन में शीर्ष राज्य है। बागवानी उत्पादन के हाल में जारी तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2023-24 (जुलाई से जून) में पिछले वर्ष के 355. 48 मिलियन टन से . 65 प्रतिशत घटकर 355.19 मिलियन टन रहने का अनुमान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अधिकारियों का मानना है कि कुल बागवानी उत्पादन में गिरावट सब्जियों के कम उत्पादन के कारण आई है। प्याज का उत्पादन 242.4 लाख टन रहने की उम्मीद है। आलू का उत्पादन 5.70 करोड़ टन रहने की संभावना है। बिहार और पश्चिम बंगाल में कम उत्पादन के कारण यह आंकड़ा सालाना आधार पर गिरावट दर्शाता है। जबकि फलों की फसल में कुछ वृद्धि हुई है। इस बार सब्जी का उत्पादन 205. 80 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो 2022-23 के 212. 55 मिलियन टन से कम है। हालांकि टमाटर, गोभी और फूल गोभी के उत्पादन में वृद्धि ने आलू और प्याज जैसी प्रमुख फसलों के गिरावट की भरपाई कर दी है।

फलों का उत्पादन 2023-24 में 2.29 प्रतिशत बढ़ कर 112.73 मिलियन टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय के अनुसार आम, केला, नीबू, अंगूर और शरीफे आदि का उत्पादन बढ़ा है, जबकि सेब, अमरूद, लीची, अनार आदि का उत्पादन थोड़ा कम हुआ है। यह आंकड़े भारत में बागवानी क्षेत्र के मिश्रित प्रदर्शन को बताते हैं, जिसमें कुछ फसलें तो फल फूल रही हैं, परंतु अन्य को कठिन समय का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### प्रशासन की सख्ती पर रातों रात हटा लिया गैराज

**संभल, अमृत विचार :** प्रशासन ने अभिलेखों का निरीक्षण कर जिला अस्पताल के सामने भूमि पर बने ऑटो पार्ट्स के गैराज को हटवाने के लिए सख्ती की तो जिम्मेदार चेत गए। रातो-रात लोगों ने गैराज के निर्माण को तोड़ लिया। तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर सोमवार को जिला अस्पताल के सामने एक भूमि पर पहुंचे थे। भूमि पर ऑटो पार्ट्स के गैराज का निर्माण मिला। प्रशासन ने निर्माण को हटाने के लिए कहा तो लोगों ने मोहलत मांगी। जिसके बाद गैराज को खाली कराया जाने लगा। साथ ही निर्माण को तोड़ने का काम शुरू हो गया। रातभर निर्माण को तोड़ने का काम चला। मंगलवार को दिन निकला तो मौके पर गैराज नहीं रहा।

### ट्रक की टक्कर से हुआ ई-रिक्शा चालक घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव लावर निवासी चालक रामखिलाड़ी मंगलवार को जुनावई में मेरठ बदायूं मार्ग के किनारे ई रिक्शा खड़ाकर सवारियों का इंतजार कर रहा था। बदायूं की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में बैठा रामखिलाड़ी घायल हो गया और ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने रामखिलाड़ी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रामखिलाड़ी को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बैलगाड़ी से टकराई बाइक मां बेटी सहित तीन घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव सिहोरा निवासी रूपराम मंगलवार को बाइक पर सवार होकर जुनावई में स्थित रिश्तेदारी में दावत खाने अपनी चाची सुखी देवी व 6 वर्ष चचेरी बहन दीक्षा के साथ जा रहा था। गांव जुनावई व पतरिया मार्ग पर स्थित सिकरौरा खादर के पास सामने से आ रही बैलगाड़ी से रूपराम की बाइक टकरा गई। जिससे सड़क पर गिरकर रूपराम, सुखी देवी व दीक्षा घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दीक्षा को अलीगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## जंगली जानवर दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में जंगली जानवर दिखने से दहशत का माहौल बन गया।

गांव ओबरी के पंचायत सचिवालय पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में रविवार को रात 2.52 बजे एक जंगली जानवर दिख रहा है। जिसके पीछे कई कुत्ते भौंकते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देर रात में कुत्तों के भौंकने पर सुबह को ग्रामीण उठे तो बदमाशों के होने की आशंका हुई। जिसके बाद पंचायत सचिवालय के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को देखा गया तो जंगली जानवर पर कुत्तों के भौंकने की बात सामने आई। फिलहाल, जंगली जानवर के दिखने से खौफ का माहौल बना है। ग्रामीणों ने वीडियो भी वन विभाग के अधिकारियों को भेजी। वन विभाग के दरोगा मोहित यादव का कहना रहा कि वीडियो में गीदड़ प्रतीत हो रहा है।

### राधा कृष्ण मंदिर की भूमि और दुकानों पर वर्षों से था अवैध कब्जा, एसडीएम ने जांच पड़ताल कर भूमि कब्जामुक्त कराने के साथ की कार्रवाई

# मंदिर की भूमि, दुकानें कब्जाने व बेचने में दंपति सहित पांच पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में राधा-कृष्ण मंदिर की करोड़ों रुपये कीमत की भूमि व दुकानों को अवैध रूप से बेचकर कब्जा कराने के मामले में एसडीएम ने दंपति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर सोमवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने सरकारी अमले के साथ बहजोई मार्ग पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराया था। मंदिर के पीछे टिनशेड में बने गोदाम के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया था। वहीं दुकानों को भी खाली करा लिया गया था। अब एसडीएम ने कोतवाली में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि मंदिर की भूमि पर काबिज राशिद पुत्र अब्दुल रशीद के वारिसान को बुलाया गया। उसके बेटे रिजवान निवासी हातिम सराय ने 20 जनवरी 2009 को निष्पादित विक्रय पत्र की प्रति प्रस्तुत की और दुकानों को खरीदना बताया। स्थलीय पैमाइश से पता चला कि चार दुकानें (टिनशेड व गाटर पटिया वाली छत के साथ) निर्मित थीं। जिनमें से दुकान 1,2 व 4 पर हाजी राशिद पुत्र अब्दुल रशीद द्वारा भिन्न भिन्न व्यक्तियों को किरायेदार के रूप में काबिज कराया गया था। दुकान संख्या 3 पर सुरेश चंद्र शर्मा निवासी सिंहपुरसानी का कब्जा बताया गया। अब्दुल रशीद के कथित बैनामे के साथ संलग्न नजरी नक्शा में सभी दुकानें दर्शाई गईं। यह बात सामने आई कि परिक्रमा पथ को घेरकर दुकान संख्या 1 का निर्माण किया गया। जिसमें अब्दुल रशीद के किरायेदार शकील निवासी शहबाजपुरा रायसत्ती द्वारा अवैध रूप से दो पहिया वाहनों को रखा गया था।



राधा कृष्ण मंदिर व उसके बराबर में मंदिर भूमि पर बनाई गई दुकानें। ● अमृत विचार

### इनके खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** एसडीएम विनय मिश्रा ने गहन जांच पड़ताल कराने के बाद पाया कि मंदिर के अंकित भूमि पर स्थित दुकानों व मंदिर की भूमि को अवैध रूप से बेचकर कब्जा कराने में रमाकांत पांडेय व उनकी पत्नी चित्रा पांडेय निवासी रम्पुरा बहजोई, फूल कुमार निवासी मुहल्ला कोट, मोहम्मद राशिद निवासी मियां सराय हाल निवासी हातिम सराय, हाजी फुरकान निवासी हातिम सराय की भूमिका संदिग्ध सिद्ध हुई। एसडीएम ने धोखाधड़ी करने, मंदिर की भूमि को को अवैध रूप से बेच दिए जाने तथा अवैध रूप से काबिज होने के मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जांच में गंभीर तथ्य आए सामने तो खेल का हुआ खुलासा

**संभल, अमृत विचार :** अब्दुल रशीद के बेटे द्वारा उपलब्ध कराए अभिलेखों से पता चला कि मंदिर के पुजारी रमाकांत पांडेय निवासी रम्पुरा ने जून 1992 को मंदिर के दक्षिण में स्थित एक दुकान को अपनी मिलकियत बताते हुए फूल कुमार पुत्र पंडित डोरीलाल निवासी कोट पूर्वी को एक अपंजीकृत इकरारनामा लिखा। अगस्त 2009 को फूल कुमार ने एक अन्य अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर दुकान हाजी राशिद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी हातिम सराय के पक्ष में 30 हजार रुपये में विक्रय किए जाने व उसे कब्जा करा दिए जाने का उल्लेख करते हुए इकरारनामा निष्पादित किया।

### पति ने की वसीयत, पत्नी ने बेच दी मंदिर की सम्पत्ति

**संभल, अमृत विचार :** फरवरी 1997 को रमाकांत पांडेय ने अपनी व्यक्तिगत संपत्ति दर्शाते हुए वसीयतनामा अपनी पत्नी चित्रा पांडेय के पक्ष में पंजीकृत कराया। चित्रा पांडेय ने जनवरी 2009 को विक्रय पत्र मोहम्मद राशिद पुत्र अब्दुल रशीद मियां सराय हाल निवासी हातिम सराय के पक्ष में कराया लेकिन विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय संपत्ति के स्थान पर मंदिर की भूमि पर बनाई गई दुकानों पर कब्जा करा दिया गया जो पूर्णत: अवैध था।

### रकम ले ली, नहीं कराया बैनामा

**संभल, अमृत विचार :** मोहम्मद राशिद के बेटे हाजी फुरकान द्वारा दुकान संख्या 2 पर काबिज महबूब निवासी बेगम सराय से लगभग साल पहले 4 लाख रुपये लिए गए। उसे न तो रुपये वापस कर रहा है और न ही दुकान का बैनाम कराया। कानूनन दुकान मंदिर की भूमि पर स्थित होने के कारण कोई भी व्यक्ति किसी भी अन्य व्यक्ति के पक्ष में दुकान का विक्रय पत्र किए जाने में सक्षम नहीं है। महबूब को अलग से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सांड़ ने पंक्चर जोड़ रहे मिस्त्री को उठाकर पटक दिया, मौत

### बहजोई के गांव बमनेटा चौराहे पर अपनी दुकान पर काम रहा था राजेंद्र

संवाददाता, बहजोई (संभल)

**अमृत विचार :** बाइक के वाहन के पहिए में पंक्चर जोड़ रहे मिस्त्री पर सांड ने हमला कर सींग से उठाकर जमीन पर पटक दिया। सांड़ के हमले से मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बहजोई के गांव बमनेटा निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र सिंह की बहजोई चंदौसी मार्ग पर गांव के चौराहे पर पंक्चर जोड़ने की दुकान है। वह एक दोपहर 3 बजे के लगभग बाइक में पंक्चर लगा रहा था। इसी दौरान अचानक पीछे से सांड़ आ गया और उसने मिस्त्री को सींगों से उठाकर जोरदार तरीके से जमीन पर पटक दिया। सांड़ के हमले से मिस्त्री राजेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मिस्त्री का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मालवती का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल योगेश कुमार यादव ने बताया कि सांड़ के हमले से ग्रामीण की मौत हुई है। उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



मिस्त्री की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।

# शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं अधिकारी: डीएम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** डीएम राजेंद्र पैंसिया ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभाग की चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए टीकाकरण शत प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। आशा भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी किए जाने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने सर्वप्रथम आशा भर्ती की प्रक्रिया के विषय में जानकारी प्राप्त कर प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्वास्थ्य कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय समय से पहुंचे और कार्य को समय से सुनिश्चित करें। उन्होंने बीएसए से कहा कि टीकाकरण को लेकर स्कूलों में भी बच्चों को जागरूक करें। कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी नहीं है उन कर्मियों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करे। डीएम ने डिलीवरी की प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

### सांस नली में खाना फंसने से युवक की मौत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी में सांस नली में खाना फंसने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह असद अब्बास और उसके पिता ताहिर हुसैन मुरादाबाद फार्म में घर से काम करने गए थे। असद अब्बास ने लंच खाया और फिर खाने के बाद उसे फंदा लगा। उसके कुछ ही देर बाद असद अब्बास के पेट में दर्द होने पर असद को अस्पताल ले जाया गया और पिता को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पिता ताहिर हुसैन भी अस्पताल पहुंच गए। असद को दूसरे अस्पताल में ले गए। वहां इलाज के दौरान असद ने शाम में दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने बताया कि सांस नली में खाना फंसने की वजह से उसकी मौत हुई है।

## सार-संक्षेप

### मंदिरों के पास से हटाई जाएं मांस व शराब की दुकानें

**बहजोई, अमृत विचार :** शिवसेना के पदाधिकारियों ने नवरात्र को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। नवरात्र में श्रद्धालुओं की पूजा पाठ की सुविधा के लिए मांस शराब की दुकान मंदिरों के आसपास से हटाने की मांग उठाई है। शिवसेना के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कहा कि नवरात्रि के दिनों में हिंदू समाज 9 दिन मंदिरों में पूजा अर्चना करता है। ऐसे में पूजा पाठ स्थलों के पास मांस मछली एवं शराब की दुकानों को बंद कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर के रास्तों पर पुलिस को तैनात किया जाए। जिससे महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना न हो पाए। इस दौरान विजेंद्र कुमार, राजपाल सैनी, उस्मान अली, रमेश कुमार, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



संभल में जागरूकता रैली निकालते एमजीएम कॉलेज के छात्र छात्राएं।

### पॉलीथिन का प्रयोग न करने को किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी नेमपाल सिंह के निर्देशन में मुख्य नियंता राघवेंद्र प्रताप सिंह के सहयोग से रैली चौधरी सराय से शुरू हुई। रैली गोद ली गई बस्ती मोहल्ला हल्लू सराय तक निकली। जिसमें फायजा, गुलनाज, फातिमा, पूजा यादव ने हस्त निर्मित कागज के थैले का प्रदर्शन करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए समाज के लोगों को जागरूक किया। हेमलता, आकांक्षा सिंह, रेसल, वर्षा आदि ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए। रैली में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया।



संभल के सिरपुड़ा गांव में कुत्ते के हमले में बच्चे की मौत के बाद बिलखते परिजन।

# अफसर के 8 बच्चों में केवल बेटा व बेटी ही बचे थे जिंदा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** गांव शाहपुर सिरपुडा निवासी अफसर ने बताया कि पत्नी अफसीन को मोहम्मद शान व आयत सहित आठ बच्चे पैदा हुए थे। जिसमें से छह बच्चों का बीमारी के चलते, तो किसी का जन्म लेते ही इंतकाल हो गया था। अब अफसर के पास सबसे छोटा बेटा मोहम्मद शान व बड़ी बेटी आयत ही बचे थे। अफसर मेहनत मजदूरी कर बड़े लाड़ प्यार से मोहम्मद शान व आयत का पालन पोषण कर रहा था, लेकिन किसी को क्या पता था कि अफसर व अफसीन के लिए मंगलवार का दिन अशुभ साबित होगा और कुत्तों का झुंड अफसर के इकलौते बेटे मोहम्मद शान की जान ले लेगा।

# मानव श्रृंखला बना दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही खुद भी स्वच्छता का संकल्प लिया।

मंगलवार को नगर के कंपोजिट विद्यालय में छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) को दर्शाया और समाज के लोगों को संदेश दिया। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बच्चों को गीले और सूखे कूड़े में अंतर समझाते हुए घर और आसपास सफाई रखने, पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गीला व सूखा कूड़ा अलग करने के संबंध में क्विज कराई गई। जिसमें प्रतिभागी छात्रों को भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय ने पुरस्कृत किया। इस दौरान आईटीसी के सुपरवाइजर करन सिंह, कंपोजिट स्कूल व नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।



गुन्नौर में आकृति बनाकर स्वच्छता का संदेश देते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### छात्र छात्राओं व शिक्षकों को आग बुझाने के उपाय बताए

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली विकासखंड क्षेत्र में स्थित आदर्श इंटर कालेज में मंगलवार को अग्निशमन विभाग ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को आग बुझाने के उपायों के बारे में बताया। मंगलवार को अग्निशमन विभाग संभल की टीम असमोली में स्थित आदर्श इंटर कॉलेज परिसर में पहुंची। यहां अग्निशमन विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को किसी भी स्थान पर अपने आप को बचाते हुए आग पर कैसे नियंत्रण करें। बचाव व आग बुझाने के उपायों के बारे में छात्र छात्राओं व शिक्षकों को विस्तार से जानकारी दी और स्कूल परिसर में ही कूड़े के ढेर में लगी आग को पानी डालकर बुझाकर दिखाया।

## किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग

**संभल, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस के कार्यकर्ता मंगलवार को मंडल अध्यक्ष अरुण चौधरी के नेतृत्व में असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव भटपुरा में स्थित शाखा प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक परिसर में एकत्रित हुए।

पदाधिकारियों ने बैंक से संबंधित किसानों की समस्याओं को शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार के सामने रखा और शाखा प्रबंधक से किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की। समस्याओं को सुनकर शाखा प्रबंधक ने भाकियू पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष कामेंद्र चौधरी, अनमोल कुमार, सरदार गुरुवचन सिंह, धीरेंद्र त्यागी, हेमेंत कुमार, ठाकुर विकास राजपूत, सोमवती शर्मा, कृष्णा देवी आदि मौजूद रहे।



संभल ब्लाक सभागार में प्रशिक्षण प्राप्त करने आईं महिलाएं व पुरुष।

### पेयजल बचाने को लेकर दिया प्रशिक्षण

**संभल, अमृत विचार :** विकास खंड संभल सभागार में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत विभिन्न घटकों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पेयजल योजना को लेकर जानकारी दी गई कि किस तरह से पेयजल को बचाना है, ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक करना है, इसके बारे में बताया गया। कहा गया कि ग्रामीणों को जागरूक किया जाए ताकि आने वाले समय में पेयजल की किल्लत सामने न आए। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सलाहकार अभियंता पंचायती राज विभाग संभल वीरेश, सामान्य मास्टर ट्रेनर हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



सिरसी में मजलिस को खिताब फरमाते मौलाना मौलवी मीसम अब्बास।

### नेक काम करना इंसान की जिम्मेदारी

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के इमाम बारगाह मुहल्ला सादात में सोयम की मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी अली कबीर ऊर्फ अजमल सिरसीवी और उनके हमनवां ने पढ़ी। मजलिस को मौलाना मौलवी मीसम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने खिताब फरमाया। कहा कि हर इंसान की जिम्मेदारी है कि उसे अपनी जिदंगी में नेक काम करने चाहिए। जिससे इंसान के मरने के बाद भी उस इंसान को उसका सवाब मिलता रहे। अगर इंसान कोई बुरे काम की बुनियाद रख कर मर जाता हैं तो उसे कयामत तक अजाब मिलता रहता है। मजलिस के आखिर में जब कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्म बयान किए तो लोग फूट-फूट कर रोने लगे। इस दौरान शबी हैदर, शबीह अब्बास, सादिक अब्बास आदि मौजूद रहे।

### पराली की आग से दो किसानों की गन्ने की फसल जली

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में खेत में जलाते समय पराली की आग से दो किसानों की 12 बीघा गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई। वहीं पराली जला रहा किसान गन्ने की फसल की आग बुझाते समय बेहोश हो गया। नखासा थाना क्षेत्र के गांव पल्था निवासी हारुन ने गांव असमोली के जंगल में स्थित खेत में धान की फसल लगाई थी। फसल की कटाई होने के बाद बचे पराली के बचे अवशेषों को हारुन मंगलवार को जला रहा था। अचानक असमोली निवासी लाखन सिंह व अमर सिंह के गन्ने की फसल ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते फसल को अपनी चपेट में ले लिया। शोर मचाते हुए हारुन खुद ही आग बुझाने की कोशिश करने लगा, लेकिन आग फैलती चली गई। जिससे हारुन बेहोश हो गया। हारुन के शोर को सुनकर दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मिट्टी डालकर किसी तरह से गन्ने की फसल में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखन सिंह व अमर सिंह की छह-छह बीघा गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई।

## स्वास्थ्य

### जिला अस्पताल में पहुंचे 1024 मरीज, इनमें करीब 30 प्रतिशत बुखार से पीड़ित

# बदलते मौसम में तेजी से बढ़ रहा बुखार का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बदले मौसम में विभिन्न संक्रामक रोग तेजी से पनप रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रकोप बुखार का है। जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों बुखार पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टर मरीजों का इलाज शुरू करते हुए बचाव को लेकर सलाह दे रहे हैं।

मौसम का बदलाव होने पर लोगों को कई रोग जकड़ने लगे हैं। जरा सी लापरवाही के चलते लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। आलम यह है कि जिला अस्पताल में मंगलवार को सुबह से ही मरीजों की कतारें लग गईं। ओपीडी में बैठे डॉक्टरों के पास भी मरीजों की भीड़ दिखाई दी। डॉक्टरों ने मरीजों से जानकारी ली तो सबसे ज्यादा मरीज बुखार से पीड़ित सामने आए। ऐसे मरीजों की जांच के बाद दवा दी गई। डॉक्टरों ने मरीजों को बचाव की सलाह भी दी। आंकड़े पर गौर किया जाए तो जिला अस्पताल में मंगलवार को 1024 नए मरीज पहुंचे। इनमें करीब 30 प्रतिशत मरीज बुखार से पीड़ित रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बुखार किस तरह फैल रहा है। ऐसे में लोगों को सेहत को लेकर बेहद संजीदा रहने की जरूरत है।



जिला संयुक्त चिकित्सालय में पर्ची बनवाने के लिए लगी मरीजों की कतार।



मौसम बदलने की वजह से जिला संयुक्त चिकित्सालय में इस समय सबसे ज्यादा मरीज बुखार के आ रहे हैं। मच्छर पनप रहे हैं, इसलिए कपड़े पूरी आस्तीन के पहने जाएं। कहीं पानी इकट्ठा नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही ताजे भोजन का सेवन करने की सलाह दी जा रही है।

**-डॉ.चमन प्रकाश, चिकित्सक, जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल**



बदलते मौसम में वायरल फीवर व अन्य बीमारियों का प्रकोप है। सावधानी बरतने से इन बीमारियों से बचा जा सकता है। घर व आंगन में मच्छरों को न पनपने दें। ठंडे पानी का इस्तेमाल करने से बचें। इस मौसम में बरसात के पानी से बचाव कर बासी भोजन का सेवन न किया जाए। **-डॉ. राजेश कुमार, चिकित्सक, जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल**




बहजोई में सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें पदाधिकारी

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स के तत्वाधान में सम्मान समारोह में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ उमेश अग्रवाल, सचिव लव कुमार आर्य व अध्यक्ष सुमित डीआर ने किया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र कुमार आर्य ने सुंदर गीतों की प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी। सामाजिक सेवा में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने वाले डॉ. सोम प्रकाश वार्ष्णेय, विनोद कुमार वार्ष्णेय, कपिल कुमार वार्ष्णेय, विनीत कुमार को जायंट्स गौरव से सम्मानित किया गया। इस दौरान विनीत सर्राफ, राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, डॉ राजेंद्र आर्य, भास्कर नारायण, जय अवतार सहित आदि मौजूद रहे। संचालन संभव जैन ने किया।

## एक नजर

### आज भी आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से बुधवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र से जुड़ी लाइन पर कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के तहत सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए पोल व तार लगाए जा रहे हैं। बुधवार को पॉवर हाउस उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र मुंसिफ रोड, मयूर विहार, सीएचसी आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगी।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल की श्रद्धांजलि सभा बिसौली गेट स्थित अक्रूरजी प्लाजा में आयोजित की गई। जिसमें समाजसेवी स्व. विनोद कुमार चुलबुल को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए याद किया गया। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, राजीव हाजी, अवनेश चौहान, सौरभ अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अंकुर शर्मा, अविनाश रस्तोगी, जुबेर कुरैशी, सजेंद्र ठाकुर, अनुज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कस्बा नरौली स्थित कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं से महात्मा गांधी की विचारधारा व आदर्शों के प्रति राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक करने व प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, धन सिंह, इश्तियाक अहमद, अमोल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सर्पदंश से हुई किसान की मौत

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव चंदनकटी मौजा निवासी धनीराम (40 वर्ष) सोमवार को रात खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। तभी धनीराम को सांप ने काट लिया। परिजन मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे तक झाड़फूंक कराते रहे। धनीराम की हालत नहीं सुधरी तो बहजोई सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टर ने धनीराम को मृत घोषित कर दिया।

# बालिका से छेड़छाड़ में दोषी को 7 वर्ष के कारावास की सजा

## न्यायालय ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



**फैसला**

- न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट (अपर सत्र न्यायाधीश) ने की सुनवाई
- गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव में 20 दिसंबर 2022 को हुई थी घटना

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के आरोप में न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट (अपर सत्र न्यायाधीश) ने दोषी को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। दोषी जनपद बदायूं के थाना सहसवान का निवासी है।

एडीजीसी आदित्य सिंह ने बताया कि गुन्नौर थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 दिसंबर 2022 को आठ वर्षीय बालिका प्लाट में बच्चों के साथ खेल रही थी। शाम 4.30 बजे प्लाट में एक अज्ञात व्यक्ति लेटा हुआ था। उसने बालिका को पकड़ लिया व उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जिसे देख अन्य बच्चे भागकर अपने घर वालों को बुला लाए। लोगों ने उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम फूल सिंह पुत्र राम सिंह निवासी गांव भक्ता नगला थाना सहसवान जनपद बदायूं बताया। उसको पकड़ लोग थाने ले गए।

पीड़ित बालिका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित धारा 354 में मुकदमा पंजीकृत किया था। घटना की विवेचना उपनिरीक्षक नसीम खान ने की। इसके बाद उपनिरीक्षक ने पत्रावली न्यायालय में जमा कर दी है। जहां विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट (अपर सत्र न्यायाधीश) की न्यायालय में सुनवाई हुई।

दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त फूल सिंह को पॉक्सो एक्ट में 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# रिकार्डिंग में नहीं आया जानवर, वन विभाग ने दो अन्य कैमरे भी लगाए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़



ग्रामीणों से जानकारी लेते डीएफओ सूरज कुमार व वन विभाग के लोग।

**अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में रविवार की रात महिला की गोद से जानवर दो माह के शिशु को ले गया था। गनीमत रही की दीवार फांदते समय बच्चा छिटक कर नीचे गिर गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। मंगलवार की सुबह डीएफओ टीम के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को सचेत रहने को कहा।

सोमवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और परिवार से जानकारी कर गांव के विद्युत पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगाया। रात को भी वन विभाग की टीम व पुलिस पहुंची और किसानों से जानकारी की। मंगलवार को घटना को लेकर वन विभाग के डीएफओ सूरज कुमार टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों से जंगली जानवर के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने घरों के आगे रास्ते पर बिजली के बल्ब लगाए, समूह के साथ जंगल में जाएं, छोटे बच्चों को खुले में न सुलाए। सोमवार को लगाए गए कैमरे की रिकार्डिंग में कोई जानवर नहीं आया है। मंगलवार की शाम दो अन्य कैमरे में गांव में लगाए गए। बताया कि कैमरे की रिकार्डिंग में जानवर के आने व जंगल में पदचिह्न मिलने पर देखकर ही जानवर की प्रजाति का पता लग सकेगा। अभी तक कंफर्म नहीं हुआ है कि कौन सा जानवर है। वहीं थाना कुढफतेहगढ पुलिस भी गांव पहुंची और उसके द्वारा भी जानकारी ली गई।



बहजोई के गांव में जलभराव की समस्या देखते डीएम। ● अमृत विचार

# शिकायत निस्तारण का सच जानने पहुंचे डीएम, लेखपाल निलंबित

संवाददाता, बहजोई/गुन्नौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए खुद ही गांव में पहुंच गए।

डीएम,एसपी ने गुन्नौर क्षेत्र के भूमि संबंधित प्रकरणों को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराया। विकासखंड जुनावई के ग्राम रैंडा में छोटेलाल की शिकायत का भ्रामक पूर्ण निस्तारण करने को लेकर जिलाधिकारी ने लेखपाल प्रमोद यादव को निलंबित करने के निर्देश दिए। जुनावई के ही गांव दुबारी कला के प्रकरण में अवैध कब्जा मुक्त कराते हुए शिकायत का निस्तारण कराया। गुन्नौर के पुवईया प्रकरण में पैमाइश कराने को कहा। बहजोई विकासखंड के गांव ढाढोल में पोर्टल पर जलभराव की समस्या से संबंधित शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ तो डीएम राजेंद्र पैंसिया खुद ही गांव में अधिकारियों के साथ पहुंच गए। बीडीओ को गांव में नालियां बनाकर पानी तालाब तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

# छात्राओं को हेल्प लाइन की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं व छात्राएं। ● अमृत विचार

**अभियान**

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे संकल्प कार्यक्रम के तहत 21 जून से 4 अक्टूबर तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत डॉ. भीमराव आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल गांव पथरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षिकाओं, छात्राओं व गांव की महिलाओं को कार्यक्रम संचालक संगीता भार्गव ने उनके अधिकारियों के प्रति जागरुक किया। कहा कि किशोरियां अपना खानपान संतुलित रखे व स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे। बेहतर जीवन व भविष्य के लिए स्वस्थ होना आवश्यक है, इसलिए समाज के बेहतर निर्माण के लिए महिलाओं, किशोरियों को शिक्षित व स्वस्थ रहना चाहिए। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन की कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी गई। बताया कि सरकार द्वारा संचालित हेल्प लाइन नंबर जैसे 181, 1090, 108, 102, 1098, 112, 1076 आदि के विषय में जानकारी दी गई। दहेज प्रथा, बाल विकास जैसी कुरीतियों को समाज में सामाजिक जनसहयोग के माध्यम से समाप्त करने को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महानंदन गौतम, आशा गोस्वामी, रिनी अग्रवाल, शिवानी रघुवंशी, योगेश कुमारी, परमजीत कौर, रेशमा सिंह, आभा शर्मा, आरती भारती शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## सार-संक्षेप

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो दोस्त घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर कस्बा के निकट नरौरा रोड पर दौलतपुर पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दो दोस्त घायल हुए। इनमें एक को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी बबलू (22 वर्ष) पुत्र विजयपाल, नरेंद्र (18 वर्ष) पुत्र रामशरण और उमेश (17 वर्ष) पुत्र महेश यादव बाइक से नरौरा की तरफ जा रहे थे। गुन्नौर के निकट नरौरा मार्ग पर दौलतपुर पुलिया के पास मंगलवार को देरशाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां बबलू ने दम तोड़ दिया। गंभीर घायल नरेंद्र को अलीगढ़ रेफर किया गया। जानकारी मिलने पर गुन्नौर के प्रभारी कोतवाल विनीत कुमार भी पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए।

### हादसे में घायल युवती की उपचार के दौरान मौत

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई क्षेत्र में हादसे में घायल हुई युवती की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद निवासी भानुप्रकाश की बेटी नेमवती (19 वर्ष) 17 सितंबर को बहजोई से सामान लेकर ई रिक्शा से गांव लौट रही थी। बहजोई में संभल बाईपास पर ट्रक की टक्कर से नेमवती घायल हो गई थी। परिजन घायल नेमवती को बहजोई सीएचसी ले गए तो डॉक्टर ने संभल रेफर कर दिया। संभल से नेमवती को मुरादाबाद और फिर वहां से मेरठ भेज दिया गया। सोमवार को रात मेरठ में उपचार के दौरान नेमवती की मौत हो गई।

### पेट्रोल पंप सहित 9 स्थानों पर पकड़ी विद्युत चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एक पेट्रोल पंप सहित नौ स्थानों पर विद्युत चोरी के मामले पकड़े गए। मंगलवार को एसडीओ अजय कुमार शुक्ला ने विजिलेंस टीम के साथ विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बहजोई रोड स्थित झलक पेट्रोल पंप पर वाणिज्यिक संयोजन में विद्युत चोरी पाई गई। अवैध तरीके से पेट्रोल पंप चलाया जा रही था। इसके अलावा टीम ने हाथी खाना, चाह धोबियान में 8 स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी। कुछ घरों में एसी चोरी की बिजली से चलाए जा रहे थे। इनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### बाइक देने से इन्कार पर तोड़ दिया रिश्ता

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के गांव नगलिया मशकूला निवासी यासीन की पत्नी महशर मे मंगलवार को सदर कोतवाली संभल पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि थोड़े दिन पहले बेटी की शादी के लिए रिश्ता कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मियां सराय निवासी युवक के साथ पक्का किया था। जिसमें डेढ़ लाख रुपये की नकदी, जेवर सहित दस लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि युवक व उसके परिजन दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। युवती के परिजनों ने बुलेट मोटरसाइकिल देने से मना किया तो युवक पक्ष के लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। कहा कि अब परिजन संभल के ही दूसरे मोहल्ला निवासी युवती के साथ युवक की शादी करने की तैयारी कर रहे हैं।

### स्वच्छता को स्वभाव व संस्कार में शामिल करें

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वभाव व संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत एसएम इंटर कॉलेज में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही छात्रों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण क्लब के प्रभारी विपिन कुमार ने कहा स्वच्छता जीवन का आधार है और अगर हम सभी स्वच्छता को अपने स्वभाव व संस्कार में शामिल कर लें तो हम निश्चित एक स्वच्छ, स्वस्थ्य व समृद्ध व विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। इसमें हम सभी की जनसहभागिता बहुत जरूरी है। छात्रों द्वारा विभिन्न स्लोगन भी बनाए गए, जिन्हें विद्यालय में जगह-जगह चस्पा किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, साफ-सफाई हमारी पहचान, स्वच्छता से बढ़ेगा देश का मान आदि रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर सत्यपाल, राम प्रकाश, एके सिंह, नेम चंद्र, चंद्रवीर, विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, अनूप सिंह, जय प्रकाश, मनोज कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़े का आरोप लगाकर भेजा शिकायती पत्र

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव सतूपुरा निवासी अंकित कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। आरोप लगाते हुए कहा कि जिला कार्यालय पर मनरेगा ऑफिस में तैनात एपीओ शिवम अग्रवाल अपने जान पहचान वाले लोगों से रुपये लेकर फर्जीवाड़ा कराने का काम कर रहा है। शिकायत करने पर एपीओ श्रम विभाग से झूठी रिपोर्ट जारी कर देता है। एपीओ के स्थानांतरण कराने की मांग को लेकर अंकित कुमार ने कई बार डीएम, विकासखंड अधिकारी व एसडीएम से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।



रेलवे स्टेशन परिसर में प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी।

### रेलवे यूनियन पदाधिकारियों ने किया धरना प्रदर्शन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख रूप पुरानी पेंशन बहाल करने व यूपीए को खत्म करने की मांग रही। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है। बताया कि मुरादाबाद मंडल में मंडल मंत्री शलभ सिंह के आह्वान पर पूरे मंडल में 23 से 27 सितंबर तक मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के पदाधिकारी तब तक संघर्ष करते रहेंगे, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती। इस अवसर पर अरविंद कुमार, सलीम खान, इकरार अहमद, अनिल कुमार, नितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### अंडर 19 मंडल स्तरीय टीम का हुआ चयन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी इंटर कॉलेज में अंडर 19 जनपद स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आरंभ प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में जनपद से दो संकुल संभल व चन्दौसी की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयनकर्ता के रूप में अनिल कपूर, सचिन शर्मा मौजूद रहे। इनके द्वारा मंडल के लिए अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता की टीम का चयन किया गया। जिसमें मोहम्मद फरदीन, विशेष, अभय गुप्ता, राघवेंद्र कुमार, तुषार, नितिन, रोहित, शौर्य भारती, शिवम, शिव कुमार, हर्षित, राजीव कुमार, करन, सौरभ, सुमित शामिल है। जिसमें अम्पायर की भूमिका अश्वनी कुमार शर्मा, चंद्र प्रकाश ने निभाई। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव शशिकांत गुप्ता, मुकेश बाबू वार्ष्णेय, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार वार्ष्णेय, विनोद कुमार, जितेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### नृत्य प्रतियोगिता में पीहू सक्सेना प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मेला गणेश चतुर्थी में सोमवार की रात लाला भूपाल दास रंगमंच पर एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें 35 प्रतिभागी बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पीहू सक्सेना ने प्रथम, मिस्टी शर्मा ने द्वितीय व तोषिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में विचित्रा गुप्ता, कविता गुप्ता व हेमलता वार्ष्णेय वार्ष्णेय रहीं। जबकि संचालन सर्वेश कुमार व नित्या वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के प्रायोजक जयेश सिंघल व मेला परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिला पर कार्रवाई नहीं होने से थाने में धरने पर बैठे लोग

संवाददाता, चन्दौसी

- चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी में महिला पर देव प्रतिमा खंडित करने का लगा है आरोप

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के चन्दौसी ग्रीन के लोगों ने सोमवार को एक महिला पर मंदिर में देव प्रतिमा खंडित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मंगलवार की शाम पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने पर सोसाइटी की महिला व पुरुष सहित हिंदू संगठनों के लोग थाने पहुंच गए और धरने पर बैठ गए।

चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी परिसर में सोमवार की शाम मंदिर में कुछ महिलाएं पूजा-अर्चना कर रही थीं। तभी सोसाइटी की एक महिला पहुंची। आरोप है कि उक्त महिला ने अन्य महिलाओं के साथ गाली-गलौज कर एक देव प्रतिमा खंडित कर दी। जिससे सोसाइटी की लोगों को भावना आहत हुई। उक्त घटना को लेकर सोसाइटी के लोगों ने थाने में तहरीर दी। मगर पुलिस ने उक्त महिला के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार की शाम सोसाइटी की बड़ी संख्या में महिला व पुरुष सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एकत्र होकर थाने पहुंचे। जहां उक्त महिला के विरुद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। महिला के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से आहत लोग थाने में धरने पर बैठ गए और पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी आरंभ कर दी। धरना देने वालों में डॉ. विशाल चौहान, आचार्य ऋतुपर्ण, निखिल शर्मा, लोकेश सोलंकी, प्रियांक अग्रवाल, दिनेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे। उक्त घटना के संबंध में सीओ व थाना प्रभारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। मगर संपर्क नहीं हो सका।

## स्टेशन अधीक्षक सहित तीन के विरुद्ध रिपोर्ट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर रेल कर्मी व स्टेशन अधीक्षक के बीच मारपीट हुई थी जिसमें दोनों पक्षों की ओर से जीआरपी थाने में तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा ने जीआरपी थाने में दी तहरीर में कहा है कि अपराह्न साढ़े तीन बजे वह कार्यालय में बैठे थे तभी दो रेलवे कर्मी उनके पास पहुंचे और लिखित पत्र देकर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करने को अनुमति मांगी। जिस पर स्टेशन अधीक्षक ने अपने उच्चाधिकारियों से पूछने की बात कही। आरोप है कि इस पर दोनों रेल कर्मी अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर स्टेशन अधीक्षक से मारपीट शुरू कर दी। जबकि दूसरे पक्ष के रेल कर्मी नितेश कुमार ने बताया कि वह साथी सलीम खान के साथ स्टेशन अधीक्षक से मिलकर धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने गए थे।

# पांच दिवसीय ताइक्वांडो शिविर का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया

**अमृत विचार:** बीएमजी इंटर कालेज में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पांच दिवसीय ताइक्वांडो शिविर का समापन हुआ। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में रहीं। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में छात्राओं ने ताइक्वांडो एवं आत्म सुरक्षा के गुण सीखे।

कार्यक्रम में एएसपी अनुकृति शर्मा ने कहा यदि बेटियां सही समय पर अपने खिलाफ हो रहे शोषण की शिकायत पुलिस में करें तो महिला संबंधी अपराधों को रोका जा सकता है। कोई भी अपराधी अपराध को तब अंजाम देता है जब वह कई बार अपराध को कर चुका होता है। महिला को अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि सही निर्णय लेने की क्षमता, अपने अधिकारों का ज्ञान तभी संभव है, जब महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत हो। इस शिविर के माध्यम से निश्चित ही महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत होगा। आत्मविश्वासी महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती हैं। शिविर में ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम अरोड़ा ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सीमा सागर, मीनू आहूजा , योगिता कोहली, शिवानी शर्मा, शिप्रा शर्मा, भारती शर्मा, दीप्ति आर्या, अलका भारती, शिवानी शर्मा, पूजा सक्सेना व स्टाफ उपस्थित रहा।

## जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद, पहुंची पुलिस

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला ठेर में स्थित खाली पड़ी जमीन को लेकर मंगलवार की शाम दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। जिससे तनाव के हालत पैदा हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसमें एक समुदाय के लोगों ने मंदिर की जमीन बताकर चारदीवारी में लगे दरवाजे का ताला काटकर दूसरे समुदाय के लोगों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। वहीं दूसरे समुदाय के संभल के मुहल्ला खग्गूसराय निवासी वसीम अहमद ने दो माह पहले मुहल्ला कोटगर्वी निवासी सगे भाई प्रतीक, नितिश और राकेश से जमीन खरीदने की बात कही। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि जमीन को लेकर दोनों समुदाय के लोगों में विवाद है।

**श्रीमद् भागवत कथा** | मयंक गुप्ता और रोज़ी गुप्ता संयुक्त रूप से रहे कथा के मुख्य यजमान

# रुक्मिणी विवाह व श्री कृष्ण रासलीला का मनोहारी वर्णन

संवाददाता, संभल



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते आचार्य प्रदीप मिश्र जी महाराज।

**अमृत विचार :** श्री संतोषपुरी जी आश्रम अट्टा अतोरा में साथ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। 19 सितंबर से प्रारंभ हुई कथा छठे दिन मंगलवार को भी जारी रही।

कथा के छठे दिन प्रातः कालीन सत्र में पितरों की मुक्ति हेतु हवन किया गया, वैदिक मंत्र उच्चारण और विधि विधान के साथ हवन पूरा हुआ। इसके बाद कथा का वाचन करते हुए आचार्य प्रदीप मिश्र जी महाराज ने रासलीला, उद्धव गोपी संवाद एवं रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथा वाचक आचार्य प्रदीप मिश्रा महाराज ने गोपी उद्धव संवाद रुक्मिणी विवाह का प्रसंग और महारास लीला का भी वर्णन किया। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विधर्व की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधि पूर्वक पाणिग्रह किया। छठे दिन कथा के मुख्य अजमान मयंक गुप्ता एवं रोज़ी गुप्ता संयुक्त रूप से रहे। तो वहीं परम पूज्य स्वामी कर्णपुरी जी महाराज अट्टा वाले बाबा कार्यक्रम के संयोजक रहे। महंत आनंदपुरी जी महाराज का विशेष सहयोग रहा। आज के कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश सिंघल, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, मानवाधिकार आयोग के एनए जैदी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### कैकेई ने राजा दशरथ से अपने वचन में मांगा श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा के शिव मंदिर में श्री आदर्श युवक रामलीला समिति के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। कलाकारों ने श्रीराम वनवास का भावपूर्ण मंचन किया। पहले दृश्य में दिखाया गया कि अयोध्या के राजा दशरथ श्रीराम के राज्याभिषेक की घोषणा कर देते हैं। जिससे सभी अयोध्यावासी खुश थे। दासी मंथरा रानी कैकेई के पास पहुंचती है और बरगलाती है। इसके बाद कैकेई अपने भवन में चली जाती है। राजा दशरथ पहुंचे तो कैकेई उनसे अपने दो वचन मांगने की बात कहती है। राजा की आज्ञा के बाद रानी कैकेई श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास व भरत को राजगद्दी मांग लेती है। इसके बाद राजा की तबियत खराब हो जाती है। जानकारी होने पर श्रीराम, सीता व लक्ष्मण पिता की आज्ञा लेकर वन को चले जाते हैं। रामलीला का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस अवसर पर डॉ. महेश मौर्य, कमल सिंह प्रजापति, संजय पाल, चंद्रपाल, सुशील जैन, तारा चंद्र मौर्य, रोहित मौर्य, सोमपाल, अनिल गिरि, अमृत लाल प्रजापति, देवेंद्र मौर्य, मुलायम सिंह, जागन सिंह, रामचंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# गणेश मेला समाप्ति की ओर खरीदारों की उमड़ रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**आयोजन**

- खान-पान के स्टाल के अलावा झूलों पर रहे सबसे ज्यादा लोग
- 25 सितंबर को गणेश मेले का हो जाएगा समारोहपूर्वक समापन

**अमृत विचार :** मेला गणेश चौथ अपने अंतिम पड़ाव पर है। मंगलवार को मेला देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग मेला ग्राउंड पहुंचे। जहां उन्होंने खाने-पीने के स्टाल, खरीददारी व झूलों का आनंद उठाया। देर रात तक लोगों की खासी भीड़ देखी गई। बुधवार को मेले का समारोहपूर्वक समापन कर दिया जायेगा।

देशभर में चन्दौसी का नाम रोशन करने वाला मेला गणेश चौथ इस वर्ष 64 वे वर्ष में है। मेला 5 सितंबर को विधिवत शुरू हो गया था। मेला नगर की सांप्रादायिक सौहार्द का प्रतीक के रुप में देखा जाता है। इसी कारण सभी धर्मो के प्रतिनिधि मेले का फीता काटकर आरंभ करते हैं। 25 सितंबर को मेले का समापन हो जायेगा। मंगलवार को मेला ग्राउंड पर सांय 6 बजे से रात 1 बजे तक बड़ी संख्या में हर उम्र के लोग पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर खरीदारी की। खाने-पीने के स्टाल व झूलों पर खासी भीड़ रही। क्राकरी व अन्य सामान की दुकानों पर भी भीड़ बनी रही। इस बार मेले में फिश टनल देखने के लिए बहुत लोग पहुंचे। इस बार मेला दुकानदारों व झूला संचालकों के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा। 21 दिन का मेला 5 दिन बरसात की भेंट चढ़ गया। जिससे उनको नुकसान रहा।

## एक नजर

### 13 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित

**गजरौला, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय बरेली की ओर से शिव इंटर कॉलेज में एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें नेत्र चिकित्सक डॉ. दलीप सिंह व उनकी टीम ने 80 नेत्र रोगियों की जांच की और उन्हें दवा दी। 13 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। जिन्हें टीम अपने साथ बरेली ले गई। ऑपरेशन व आवागमन की व्यवस्था निशुल्क रूप से कराई गई। टीम में शाने आलम, आरिफ, संतोष आदि शामिल रहे। प्रधनाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक मानव के लिए आंखें बहुत अनमोल हैं। इनका ध्यान रखें और समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लेते रहें।

### खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में भड़की आग

**रहरा, अमृत विचार :** रसोई में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग भड़क गई। गनीमत रही कि खाना बना रही महिला आग से नहीं झुलसी। क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी लल्लू सिंह की पत्नी मोहरकली मंगलवार दोपहर रसोई घर में खाना बना रही थीं। तभी सिलेंडर में आग भड़क गई। महिला ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने आग पर काबू पाया।

# जानलेवा हो रहा बुखार, अब बालक की मौत

## घर-घर कराह रहे वायरल फीवर और टायफाइड के मरीज, डेंगू-मलेरिया का भी कहर

**संवाददाता, बुरावली (अमरोहा)**

**अमृत विचार :** दिन में गर्मी और रात में ठंड से लोग बीमार हो रहे हैं। घर-घर लोग वायरल फीवर से कराह रहे हैं। जिले में बुखार जानलेवा साबित हो रहा है। अब तक 5 लोगों की बुखार से मौत हो चुकी है। सोमवार रात बुरावली में सात वर्षीय बालक की बुखार से मौत हो गई। उसे 3 दिन से बुखार आ रहा था। इसके अलावा डेंगू-मलेरिया भी लोगों को चपेट में ले रहा है। डेंगू और मलेरिया के कई मरीज मिल चुके हैं।

न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी मजाहिर हुसैन का 7 वर्षीय बेटा एहतशाम को बुखार आ रहा था। गले में इन्फेक्शन की शिकायत भी थी। परिजनों ने बुखार आने पर गांव के ही चिकित्सक से उसका इलाज कराया। लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। रविवार रात उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे हापुड़ ले गए। सोमवार रात एक बजे इलाज



जिला अस्पताल में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

**स्वास्थ्य**

- जिलेभर में अब तक 5 लोगों की बुखार से जा चुकी है जान
- जिला अस्पताल, निजी क्लीनिकों में फीवर के मरीजों की संख्या अधिक

के दौरान बालक ने दम तोड़ दिया। वह सात भाइयों में सबसे छोटा था। गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। परिजनों ने बिना कार्रवाई के मंगलवार सुबह 10 बजे उसे दफन कर दिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि बुखार से बालक की मौत की जानकारी नहीं है। उधर, इससे पहले सोमवार को आदमपुर क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर भीमा निवासी मुरारी (65) की बुखार से मौत हो गई। मुरारी को पिछले पांच दिनों से बुखार आ रहा था। इनके अलावा हसनपुर में छह दिन पहले अधिवक्ता की मौत भी बुखार से हो गई थी।

## जिला अस्पताल में 200 बुखार के मरीजों समेत 2412 की ओपीडी

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार:** जिले में वायरल फीवर, टायफाइड, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में 2412 मरीजों की ओपीडी हुई। इनमें अधिकतर बुखार, खांसी के मरीज शामिल हैं।

बताया गया कि जिले में कई डेंगू आशंकित मरीज भी मिल चुके हैं। वायरल फीवर लोगों को चपेट में आ रहा है। मरीजों को बुखार, उल्टी-दस्त, खांसी-जुकाम, सांस लेने में दिक्कत हो रही है। प्लेटलेट्स काउंट कम होने, सिरदर्द और अत्यधिक कमजोरी होने पर अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बुखार के मरीज हैं। जिला अस्पतालों में बेड फुल हैं। निजी अस्पताल, क्लीनिकों में मरीजों का इलाज चल रहा है। बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी वायरल फीवर की चपेट में हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में 2412 से अधिक मरीज पहुंचे, इनकी ओपीडी हुई। कई मरीजों को भर्ती भी किया गया। मंगलवार को टायफाइड के 10 से अधिक मरीज मिले। जबकि बुखार के 200 से अधिक मरीज मिले। 73 मरीजों के अल्ट्रासाउंड हुए। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने से चिकित्सका भी अचंभित है।

जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. प्रेमा पंत ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है। बदलते मौसम में वायरल फीवर और टायफाइड से ग्रसित मरीज आ रहे हैं। क्षमता से अधिक मरीज वार्ड में भर्ती होने के लिए पहुंच रहे हैं। इससे वार्ड फुल हो गए हैं। इसके बावजूद सीमित संसाधनों में मरीजों को बेहतर उपचार देने का प्रयास किया जा रहा है।

## एसडीओ कार्यालय में समय पर नहीं मिलते लिपिक, लोग परेशान

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** एसडीओ कार्यालय में तैनात लिपिक समय से नहीं आता है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोपी लिपिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उझारी निवासी मोहम्मद वसीम मंगलवार को बिजली का बिल सही कराने के लिए एसडीओ कार्यालय पहुंचे तो 10:30 बजे तक उन्हें लिपिक सुमित मिले। इनके अलावा 50 से अधिक उपभोक्ता कार्यालय में काम से आए थे। लेकिन ये लोग मायूस होकर लौट गए। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत निगम के अधिकारी लिपिक पर मेहरबान हैं। कार्यालय आने वाले लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद बिना कार्य लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में लिपिक से बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे सुंपर्क नहीं हुआ।



सुबह 10 :30 बजे खाली पड़ी कुर्सी।

### 6 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए

**हसनपुर, अमृत विचार :** विजिलेंस और विद्युत निगम की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी करते हुए 6 लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की तैयारी है। मंगलवार सुबह विद्युत निगम एवं विजिलेंस की टीम ने शहर मे जगह-जगह छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। टीम को देखकर कुछ लोगों ने दुकानों व मकानों में ताला डालकर बंद कर दिया। अवर अभियंता साहिल गांधी ने बताया कि 6 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इस दौरान एसडीओ प्रभव गौड़, विजिलेंस प्रभारी रोहतास सिंह, नीरज कुमार, देशराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीलर के खिलाफ जांच के दौरान हंगामा

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** नसीरपुर शुमाली गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर अनियमितता और कार्डधारकों को राशन कम देने की शिकायत पर आपूर्ति निरीक्षक प्रीति शर्मा शिकायती पत्रों की जांच करने पहुंचीं। इस दौरान ग्रामीणों ने वीडियो बनाया तो कार्डधारकों में विवाद के बाद हंगामा हो गया। इस पर पूर्ति निरीक्षक शिकायती पत्रों की बिना जांच किए ही लौट आईं। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा।

गांव नसीरपुर शुमाली में राशन वितरण के दौरान कार्डधारकों को कम राशन देने के साथ उनसे अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस पर कुछ कार्ड धारकों ने आपूर्ति निरीक्षक को शिकायती पत्र भी सौंपा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम चंद्रकांता से भी की थी। मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक प्रीति शर्मा शपथ पत्रों की जांच करने गांव पहुंची थीं। जहां कुछ कार्ड धारक वीडियो बनाने लगे। तभी दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया। इस पर हंगामा हो गया। यह देख पूर्ति निरीक्षक वापस आ गई। ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर राशन डीलर पर जांच के दौरान हंगामा कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के दौरान जो लोग हंगामा कर रहे थे, वे राशन डीलर के पक्ष के थे। प्रदर्शन करने वालों मे ममता, प्रवेश, ज्ञानवती, मीना शशि, कुंती, सुनीता, अक्षित, अनुज, जगत सिंह, नवनीत, योगेश, गोपाल आदि मौजूद रहे।



एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं नसीरपुर शुमाली की महिलाएं व अन्य।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देख प्रथामिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रजबपुर निवासी पंकज व उसका पड़ोसी राजीव मंगलवार सुबह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पंकज की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जीवन में शिक्षा के साथ समाजसेवा जरूरी

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें रासेयो के सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

एनएसएस गीत नौजवान आओ रे, नौजवान गाओ रे के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इसमें विनय प्रकाश सिंघल, उमेश कुमार, इन्द्रपाल सिंह ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति उदाहरण देकर समझाया और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार ने एनएसएस की स्थापना, उसके उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रासेयो छात्रा-छात्राओं के मन में समाजसेवा के प्रति सोच पैदा करते हैं। विद्यालय के प्रधनाचार्य पीजी गोस्वामी ने एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण के बारे में बताया। कहा कि हम यदि अपने व्यक्तित्व का भली भांति विकास कर चुके तो समाज की ज्वलंत समस्याओं को समझकर उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने, उनको दूर कर सकते हैं। प्रधनाचार्य ने आह्वान किया कि छात्रा जीवन में शिक्षा के साथ-साथ समाजसेवा की भावना निहित होना एक बड़ी उपलब्धि है। विचार गोष्ठी के बाद महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सृष्टि, माही, महिमा, गोसिया, निशा, दीक्षा, बेनजीर आदि समेत स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।




ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में स्थापना दिवस पर मौजूद छात्राएं।

- ज्ञान भारती कॉलेज में मना राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

## तमंचे के साथ युवक का फोटो हुआ वायरल

**रहरा, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवक के हाथ में तमंचा दिख रहा है। युवक तमंचे को हाथ में लेकर किसी से वीडियो कॉल पर भी बात कर रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव लिसडा निवासी पुष्पेंद्र भड़ाना ने बताया कि उसने फोटो के साथ रहरा पुलिस को गांव हिरनौटा निवासी गजेंद्र विधूड़ी के खिलाफ तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई करने से पीछे हट रही है। जब शिकायतकर्ता ने थाना अध्यक्ष से वार्ता की तो बताया कि पुलिस इस तरह फोटो वायरल होने पर कोई मामला दर्ज नहीं करती। हाथ में तमंचे के साथ वायरल फोटो में दिख रहा युवक एक किसान संगठन से भी जुड़ा है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तमंचे के साथ वायरल फोटो वर्ष 2021 का है।



हसनपुर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# एसडीएम कार्यालय के बाहर शेखूपुर के लोगों का प्रदर्शन

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी के लोगों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत शेखूपुर झकड़ी में पहले पानी पूरब दिशा से पश्चिम की ओर बहता था। लेकिन ग्राम प्रधान अपनी हठधर्मिता के कारण अब ऊंचा नाला बनवाकर पश्चिम दिशा से पूरब दिशा की ओर बहाना चाहता है। जबकि पश्चिम से पूरब दिशा की ओर पानी के बहाव एवं नाला निर्माण से मकान गिरने का खतरा बढ़ जाएगा। इस दौरान विजयपाल, अनिल, सतवीर, जितेंद्र, प्रभु, महेंद्र, रिंकू, अंकुर, संजय कुमार, महेंद्र सिंह, उत्तम चौहान, अनीता, महिपाल आदि रहे।

## एसआईबी टीम ने लोहे का स्टॉक किया सील

**हसनपुर, अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) टीम ने लोहा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर देर रात छापा मारा। कागज नहीं दिखाने पर टीम ने लोहे का स्टॉक सील कर दिया।

एसआईबी टीम ने एसी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में सोमवार देर रात्रि नगर के चकोरी मार्ग स्थित गौरव ट्रेडर्स पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने दस्तावेज देखे। लेकिन कारोबारी बिल बुक नहीं दिखा पाया। इस पर टीम ने लोहे के स्टॉक को सील कर दिया। टीम की कार्रवाई देर रात तक चलती रही। नगर में पहले भी एसआईबी टीम ने कई व्यापारियों के यहां छापेमारी की गई थी। एसी अखिलेश कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी की गई। कारोबारी बिल बुक नहीं दिखा पाए।

# सभासदों ने दी आत्महत्या करने की धमकी

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** नगर पालिका कार्यालय के सामने मंगलवार को भी दिनभर सभासद धरने पर बैठे रहे। पालिका अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी व उनके पति पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर शहर में विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया। कहा कि लाभार्थियों को राशन कार्ड व आवासीय योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के तहत नौकरी पर रखने का झांसा देकर काम कराया जाता है।

सभासदों ने कहा कि नगर में पथ प्रकाश व सफाई व्यवस्था भी धड़ाम है। धरना स्थल पर पहुंचीं एसडीएम को मांगों के निस्तारण को लेकर ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर बुधवार को आत्महत्या करने की धमकी दी। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम, ईओ दीपिका शुक्ला व चेयरपर्सन राजेंद्री उर्फ उमा देवी मौके पर पहुंचीं। सभासदों ने अपनी 10 मांगों का निस्तारण कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया। सभी समस्याओं का समाधान जल्द ही करने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। सभासदों इस दौरान सभासद पुष्पा देवी, मनु शर्मा, अनिल गर्ग, सरताज अहमद, देवेश शर्मा, अशोक चौधरी दिले, भानू चौधरी, अरविंद कुमार, राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



धरनास्थल पर सभासदों से बात करतीं एसडीएम, पालिका अध्यक्ष व ईओ।

- नगर पालिका कार्यालय के सामने सभासदों ने दिया धरना आश्वासन पर किया खत्म

## सार संक्षेप



बैठक में भाजपाइयों को संबोधित करते मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा।

### कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान में तेजी लाने की अपील

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव कांकाठेर में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। इसमें भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इस समय पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है, हम सब कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि अधिक से अधिक पार्टी के सदस्य बनाएं। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज हुई है। भाजपा की सरकार बिना भेदभाव के विकास कर रही है। इस दौरान हरकेश राणा, सचिन अग्रवाल, पवन शर्मा, डॉ. गजराज, बालकरण, विजेंद्र राणा, भोजराम, देवेंद्र सिंह, विपिन, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

### वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने की मांग, डीएम से शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मटीपुरा निवासी नन्हे पुत्र सुम्मेरा ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। इसमें बताया कि उसकी वृद्धावस्था पेंशन चल रही थी। समाज कल्याण एडीओ सत्यापन करने गांव आए थे। एडीओ ने सत्यापन के दौरान एक हजार रुपये मांगे थे। रुपये नहीं दिए गए तो एडीओ ने उसे मृत दिखाकर वृद्धावस्था पेंशन रोक दी। आरोप है कि वह गंगेश्वरी ब्लॉक में 5 वर्षों से अधिक से तैनात है। इससे वह अपनी मनमानी करते है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई, पेंशन दिलवाने की मांग की है।



बैठक में लोगों को संबोधित करते कृष्ण कुमार शर्मा।

### चाइल्ड पोर्नग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सही: कृष्ण

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्र सेवी संगठन की बैठक मंगलवार को रहरा रोड स्थित विवेक शर्मा के प्रतिष्ठान पर हुई। इसमें राष्ट्र सेवी संगठन के संयोजक व भारतीय किसान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों पर हो रहे उत्पीड़न व शोषण के लिए चाइल्ड पोर्नग्राफी जिम्मेदार है। सुप्रीप कोर्ट ने इसे लेकर जो निर्णय सुनाया है, वह स्वागत योग्य है। चाइल्ड पोर्न ग्राफी पर पूरा प्रतिबंध होना चाहिए। इस मौके पर सुशील भगतजी, मोनू अग्रवाल, मास्टर हरिराज सिंह, राजपाल सिंह, अमित कुमार, लाला सिंह, वीर सिंह, ओमपाल सिंह, महावीर सिंह, मोहन राणा, नीरज राणा आदि रहे।

**जागरूकता** शहर को साफ, स्वच्छ बनाए रखने में लोगों से पूर्ण योगदान देने का किया आह्वान

# रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। नगर पालिका परिषद की पालिका अध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा देवी और ईओ दीपिका शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियों से शहर को साफ, स्वच्छ बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक कूड़ा नियत स्थान पर ही डालें। यह शहर हम सबका है और इसे साफ, स्वच्छ रखना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। ईओ ने कहा कि जन जन तक स्वच्छता की अलख जगाने के लिए यह रैली निकाली गई। उन्होंने लोगों से आह्वान कि वे शहर को साफ, स्वच्छ रखने में सहयोग दें। ईओ ने कहा कि लोगों को शहर में सफाई का ध्यान रखना चाहिए। इससे वातावरण स्वच्छ रहेगा।

इस मौके पर लेखाकार आदेश अग्रवाल, ललित कुमार, इरशाद खां, अजय गोस्वामी, रविंद्र कुमार, विभोर जिंदल, कपिल कुमार, अक्षय शुक्ला, योगेश कुमार, सफाई नायक जयचंद, महेश कुमार, मुनेश कुमार आदि कर्मचारी अधिकार मौजूद रहे।



हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना करतीं पालिका अध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा देवी।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स ने विश्व समुद्री दिवस पर स्वछता अभियान के तहत रैली निकाली। एनसीसी कैडेट्स ने गांव धनौरी खुर्द व नगर के मोहल्ला हीरानगर में रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। एनसीसी कैडेट्स ने आन्नद धाम आश्रम स्थित आन्नद सरोवर पर पहुंचकर तटों पर सफाई की। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। हमें स्वच्छता एवं साफ सफाई को अपनी प्राथमिकता देनी चाहिए। इस दौरान नीरज गहलोत सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।



ईओ को सम्मानित करते व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के सदस्य।

# प्रशासन तक समस्याएं पहुंचा रहा है व्यापारी सुरक्षा फोरम

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने जिले भर के पत्रकारों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया।

ईओ ने कहा कि हर जगह से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सूचित किया जाता रहा है और हमेशा प्रमुखता से उनका समाधान कराने का प्रयास रहा है। अध्यक्ष खत्री मनोज टंडन ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडियाकर्मियों का यह सम्मान उनके कार्यों के हिसाब से बहुत छोटा है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने व्यापारी हित एवं आमजन के जब भी आवाज उठाई है। फहीम नबी, जैनुल आबेदीन, अजीम एडवोकेट, नवैद अयाज ने विचार रखे। इस दौरान कमर नकवी, मोनू यादव, रजा आदिल, मोहम्मद नदीम, हरीश अरोड़ा, डॉ. मनीष टंडन आदि रहे।

## एक नजर

### कंप्यूटर ऑपरेटर पर 80 लाख ठगने का आरोप

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे 18 से ज्यादा लोगों ने यहां तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर पर कनिष्ठ सहायक की नौकरी दिलाने के नाम पर 80 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया। लोगों का कहना था कि आगरा, अमरोहा सहित कई जिलों में कनिष्ठ सहायक पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ऑपरेटर ने अपने मकान मालिक से ही नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये ठग लिए। लोगों ने इसकी शिकायत सीएमओ सत्यपाल सिंह से की है। शिकायत के बाद भी कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। सीएमओ सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त होते ही जांच कर कार्रवाई कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री से मिलने किसान लखनऊ रवाना

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ता मंगलवार को जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ के लिए रवाना हुए। जाने से पहले जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की शिकायतों पर संभल जिले के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री से मिलकर इन सभी समस्याओं का समाधान कराने के मांग करेंगे। इस दौरान भुवनेश यादव, प्रशांत कुमार शर्मा, बंटी शर्मा, अतर सिंह, यशपाल सिंह, सचिन चौधरी, रामवीर सिंह, बॉबी चौधरी, उमेश माथुर, ठाकुरदास मौर्य लखनऊ के लिए रवाना हुए।

### बढ़ती महंगाई के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

**संभल अमृत विचार :** एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में तहसीलदार रवि सोनकर को ज्ञापन सौंपा। कहा कि खाद्य पदार्थों और वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। शहर में मीट के दाम भी आसमान छू रहे हैं। कहा कि बढ़ते मूल्य पर अंकुश लगाया जाए। इस दौरान सय्यद असलम, असद अब्दुल्ला, चौधरी मुशीर, शकील अहमद एडवोकेट, फरहत अली, तारिक अहमद, महरान नौशाही, आसिफ खान, मुन्ना, मोहम्मद उवैस आदि रहे।

# जैविक खेती की ओर अग्रसर हों किसान

## कृषि मेला और गोष्ठी में जिलाधिकारी ने किसानों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कृषि यंत्र के बारे में जानकारी लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को कृषि मेले में किसानों को जागरूक किया गया। कृषि यंत्रों की जानकारी दी और जैविक खेती करने के लिए प्रेरेति किया। इस दौरान प्राकृतिक कृषि जागरूकता गोष्ठी में डीएम ने कहा कि किसान जैविक खेती की ओर अग्रसर हों, यह आने वाली पीढ़ी के लिए लाभकारी है।

कलेक्ट्रेट में कृषि विभाग की ओर से लगाए गए मेले में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पुआल, गन्ना पत्ती, अन्य फसलों के अवशेष प्रबंधन, जैविक, प्राकृतिक कृषि जागरूकता गोष्ठी का फीता काटकर उद्घाटन किया। गन्ना, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों के स्टालों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण भी किया। उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश ने जिलाधिकारी को कृषि यंत्रों की उपयोगिता, अनुदान, कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ, बीज, कीटनाशक, नई फसलों की प्रजातियां के संबंध में जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब लोग जैविक खेती, प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें, यह आपके जीवन और आने वाले पीढ़ी के लिए भी महत्वपूर्ण है। जीवन को बचाना है तो हमें प्राकृतिक खेती अपनानी होगी। कहा कि किसान फसलों में बड़ी मात्रा में केमिकल का प्रयोग कर रहे हैं, जो जीवन के लिए हानिकारक है। फसल का उत्पादन कम हो, लेकिन हमें स्वच्छ, शुद्ध अन्न मिले, इस प्रकार की खेती करें। यह केमिकल मिट्टी से पत्तियों और बाद में हमारे शरीर में आ जाता है, जो नुकसान करता है। पहले लोगों की आयु ज्यादा होती थी और आज हमारी आयु कम हो जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो गन्ने की 238 प्रजाति है, उसमें काफी लागत भी आती है और रोग की ज्यादा संभावना है। किसान नई प्रजाति की बुवाई करें। सरकार किसानों की आय दोगनी करने पर जोर दे रही है। पराली और गन्ने की पत्ती को न जलाएं, उसे खेत में सड़ाकर खाद के रूप में प्रयोग करें। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। किसानों को रासायनिक खाद का भी प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी आदि रहे।

### पात्र व्यक्तियों को दिया जाएं योजनाओं का लाभ

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने महिला कल्याण विभाग की कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने पूछा, जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसका लाभ आपको मिल रहा है या नहीं। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों से बातचीत भी की। महिला कल्याण अधिकारी से कहा कि प्राथमिकता के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें। कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना के पात्र व्यक्ति को लाभ दिया जाए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

### नशा करने वाले पाउडर की तस्करी के दोषी को सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नशा करने वाले पाउडर की तस्करी के मामले में कोर्ट ने दोषी को दो साल, एक माह जेल की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह मामला थाना रजबपुर क्षेत्र से जुड़ा है। 21 जनवरी 2021 को थाने में तैनात तत्कालीन दारोगा वेद सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल निशांत चौधरी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव नरैना की ओर से रामवीर आ रहा है जो नशा करता है। जोया व रजबपुर में लोगों को अल्प्राजोलम पाउडर बेचता है। पुलिस ने रामवीर को गिरफ्तार कर लिया था। उसके पास से चाकू, अल्प्राजोलम पाउडर मिला था। पुलिस ने रामवीर का चालान कर दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित द्वितीय ज्योति की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार वशिष्ठ ने की। सोमवार को कोर्ट में मामले की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने रामवीर को दोषी करार दिया।

## सार संक्षेप

### ध्रुव की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बिलारी, अमृत विचार :** पौड़ा खेड़ा मंदिर में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने विदुर एवं ध्रुव चरित्र का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से किया। उन्होंने बताया कि ध्रुव ने अपनी माता सुनीति के कहने पर तपस्या करके मात्र सात वर्ष की आयु में भगवान नारायण की प्राप्ति की एवं मृत्यु देवी के सिर पर अपना पैर रखकर भगवान के धाम को प्राप्त हुए। कथा को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। मुख्य यजमान आशीष जादौन, राहुल सांवरा, अनुज गुप्ता, दीपिका गुप्ता, श्रीमद्भागवत कथा सेवा समिति के डॉ. देवेंद्र शर्मा, ध्रुव शर्मा, राजू गुप्ता, तरुण कपूर, मोहनलाल शर्मा, संजय शर्मा, सारिका सक्सेना, अशोक कुमार, मुन्ना श्रोतीय, पीयूष गोयल, राघवेंद्र शर्मा, भगवान सक्सेना, डॉ. तिलक राज, गंगा प्रसाद, राजेश आहूजा, पंकज चौहान, दुष्यंत चौहान, दीपक श्रोतीय, रमेश गुप्ता, सोनी ठाकुर, अरविन्द ठाकुर, राहुल वर्मा, गीता देवी, संध्या देवी, मनदीप कौर, शशि शर्मा, उषा शर्मा, देवी मीना रहीं। इसके अतिरिक्त प्रसाद की व्यवस्था अनुज गुप्ता द्वारा की गई।

### नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगेगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में 12.50 फीट ऊंची राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की कांस्य की अश्वरोही प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मंगलवार को भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित आर्य से वार्ता की। राज्य ललित कला अकादमी उप्र की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि महाराणा प्रताप की 12.5 फीट ऊंची कांस्य की आश्वारोही प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव संस्कृति विभाग उप्र शासन से स्वीकृत हुआ है। अकादमी ने प्रतिमा तैयार कर ली है। प्रतिमा लगाने के लिए प्रस्तावित स्थल की तैयारी होने पर विभाग को अवगत कराया जाए ताकि प्रतिमा स्थापित कराई जाए। इस बारे में मंगलवार को भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह और अधिशासी अधिकारी ललित आर्य ने तिकोनिया बस स्टैंड पहुंचकर प्रस्तावित प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ठाकुरद्वारा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा के लिए प्रस्ताव भेजा था, जोकि स्वीकृत हो गया है। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश का आभार जताया है।

### एटीएम कार्ड छीनकर भाग रहा युवक पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला ताली कृष्णनगर निवासी वेदप्रकाश चौहान पुत्र रामप्रसाद सिंह ने बताया कि वह मंगलवार को कोतवाली के निकट बैंक के एटीएम से एटीएम कार्ड का पिन कोड एक्टिव करने गए थे। एटीएम पर पहले से ही मौजूद एक युवक एटीएम कार्ड छीनकर भागने लगा। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी को मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया। जहां लोगों ने आरोपी को पीटा और पुलिस को बुलाकर आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने बताया कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तलाशी के दौरान आरोपी से 25 एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने नाम सुखवंत सिंह पुत्र लखवीर सिंह निवासी ग्राम बरवाला थाना बाजपुर बताया है।

### चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। तीन माह पहले रामपुर के थाना टांडा क्षेत्र के गांव लांबा खेड़ा निवासी मुजफ्फर ने बेटी नजराना की शादी डिलारी क्षेत्र के गांव तुमरिया कलां निवासी कासिम के साथ की थी। शादी के समय से ही ससुरालीजन दहेज से खुश नहीं थे। आएदिन विवाहिता को पीटते थे। जानकारी मिली है कि रविवार रात विवाहिता से ससुराल के लोग दहेज की मांग कर रहे थे। आरोपियों ने महिला के मना करने पर उसे मारपीट कर फंदे से लटका दिया था। जिससे 22 वर्षीय नजराना की मृत्यु हो गई थी। मृतका के पिता मुजफ्फर ने पुलिस को पति कासिम, जेठ सलीम, जेठानी सबीना, ननद सहाना के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले में दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

**ठाकुरद्वारा अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सर्कल करीम निवासी मंजू देवी पत्नी विपिन कुमार पुलिस को तहरीर देकर कहा कि पड़ोसी से लंबे समय से उसकी रंजिश है। आरोपी आएदिन उसके साथ गाली गलौज करता है। मंगलवार को दोपहर 11 बजे पड़ोसी ने उससे गाली गलौच की, जब उसने विरोध किया तो उसकी पत्नी व बच्चों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



मासिक बैठक में किसानों को संबोधित करते भाकियू असली के पदाधिकारी।

# भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

आजमपुर क्षेत्र की चकबंदी करने, दुग्ध वाहन चालकों से दूध के नमूने भरकर परेशान करने का आरोप लगाया। नौ अक्टूबर को तहसील के सामने चांदपुर गजरौला रोड पर जाम लगाकर आंदोलन करने की चेतावनी दी। गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने और छुट्टा पशुओं से छुटकारा दिलाने की मांग की। इस दौरान डूंगर सिंह, नरेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह कवेंद्र सिंह, कुशल आदि रहे।

# धान क्रय केंद्र जल्द खोलने की मांग

संवाददाता, हसनपुर



पंचायत में किसानों को संबोधित करते भाकियू के नेता।

**अमृत विचार :** एसडीएम कार्यालय के सामने मंगलवार को भाकियू शंकर की पंचायत हुई। इसके बाद एसडीएम सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महासचिव धीरज सिंह ने कहा कि मंडी में धान की आवक शुरू हो गई है। लेकिन सरकार ने अभी तक धान खरीद केंद्र नहीं खुलवाए हैं। इससे किसानों के धान की खुली लूट हो रही है।

प्रदेश उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि खाद, बीज, दवाई के दामों की बढ़ोतरी होने के कारण गन्ना सहित अन्य फसलों की लागत दोगनी हो गई है। इसलिए इस वर्ष गन्ने का भाव कम से कम 450 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। उन्होंने कहा कि आलू की बुवाई चल रही है, लेकिन समितियों पर खाद की कमी है। खाद के साथ दवा किसानों को जबरदस्ती दी जाती है।

तहसील क्षेत्र के अध्यक्ष देवेंद्र सैनी ने बताया विद्युत बिल निकालने वाले कर्मचारी कई-कई माह तक गांव में मीटर से बिल निकालने नहीं आते। इससे किसानों का मीटर सीडीएफ हो जाता है और बिल जमा हो जाता है। फिर विद्युत निगम की टीम लाइन काट देती है। निजी नलकूपों पर मीटर लगाने का विरोध किया। इस दौरान उदयवीर सिंह, धीरज सिंह, दीपक गुर्जर, सरजीत सिंह, इंद्रपाल चौहान, योगेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, हरि सिंह प्रधान, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## उत्तराखंड-आसपास

# रुहेलखण्ड सहित 8 विश्वविद्यालयों में स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार हो सकेंगे शिक्षक और छात्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार आठ प्रमुख विश्वविद्यालयों में कुल 58 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने जा रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को बढ़ावा देना है। इससे छात्र और शिक्षक इस क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। इसके लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों को कुल 03 करोड़ 88 लाख 77 हजार 8 सौ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से छात्रों और शिक्षकों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### इन विश्वविद्यालयों में होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर को शामिल किया गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री, योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना से न केवल छात्रों को शोध और तकनीकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी, बल्कि यह विश्वविद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधनों का लाभ उठाकर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकें।

दरअसल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में प्रोजेक्ट फेलो के साथ-साथ अत्याधुनिक शोध उपकरण, पुस्तकालयों का विकास और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाना है। यह न केवल छात्रों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करेगा।

# 11 प्रोफेसरों को मिली एक करोड़ रुपये से अधिक की रिसर्च ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 11 शिक्षकों के प्रोजेक्ट के लिए एक करोड़ से अधिक की धनराशि मिली है। इसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आठ प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, जिनमें प्रो. मदनलाल, डॉ. अतुल सरोजवाल, प्रो. एसके पांडेय, डॉ. सौरव मिश्रा, डॉ. देश दीपक शर्मा, डॉ. मुकुल कुमार गुप्ता, प्रो. विनय ऋषिवाल, डॉ. आभा त्रिवेदी के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इसके अलावा प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. अमित कुमार वर्मा और डॉ. प्रीति यादव के प्रोजेक्ट को भी धनराशि मिली है। यह सभी शिक्षक अपने-अपने विषयों पर शोध को आगे बढ़ाएंगे। प्रोजेक्ट के लिए धनराशि मिलने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह ने मंगलवार को शिक्षकों के साथ बैठक की और उन्हें बधाई दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि शोध कार्य का लाभ जब तक सामान्य जन तक नहीं पहुंचता, तब तक वह शोध केवल प्रकाशन मात्र बन कर रह जाता है, इसलिए हमें आगे आकर समाज और देश के लिए उपयोगी शोध को आगे बढ़ाना होगा।

### बीएड विभाग में होगी परीक्षाएं भवन में चलेंगी कक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की बीएससी कृषि, कृषि ऑनर्स और एमएससी कृषि की परीक्षाएं बुधवार से शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बीएड विभाग में परीक्षाएं संचालित कराने के निर्देश दिए। इस पर शिक्षकों ने आपत्ति जताई कि परीक्षा भवन को विशेष परीक्षा के लिए बनाया गया है, उसमें परीक्षा न कराकर बीएड विभाग की कक्षाएं को परीक्षा भवन में शिफ्ट किया गया है। इस संबंध में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि रोजगार मेले की व्यवस्थाओं को सुचारु करने के लिए यह बदलाव किया गया है।

### टीम ने अवैध अस्पताल किया सील

**कांठ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अवैध अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान अस्पताल संचालक फरार हो गया। इस पर टीम ने अवैध अस्पताल को सील कर दिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह से की गई शिकायत के आधार पर नोडल अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. नरेंद्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्य टीम गठित कर कांठ में मिश्री बेगमपुर रोड पर चल रहे मैड केयर नर्सिंग होम की जांच के निर्देश दिए थे। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम मैड केयर नर्सिंग होम पहुंची, जहां उन्हें आठ मरीज अस्पताल भर्ती मिले, जिनमें तीन मरीजों का सीजर हुआ मिला। मौके पर अस्पताल में 10 बेड पड़े हुए थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में यह अस्पताल पंजीकृत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को दो कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल में सीजर ऑपरेशन डॉ. मोहम्मद राशिद करते हैं, जबकि डॉ. मोहम्मद राशिद नाम का कोई चिकित्सक पंजीकृत नहीं है। टीम को अस्पताल में मेडिकल स्टोर भी संचालित मिला।

### कुत्ते से टकरा कर गिरी बाइक, दंपति घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी शमीम अहमद अपनी पत्नी आसमा के साथ ठाकुरद्वारा आया था। लौटते समय शरीफनगर के निकट अचानक सड़क पर कुत्ता बाइक से टकरा गया। इससे बाइक असंतुलित हो सड़क पर गिर गई। इस हादसे में जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम अतीक अहमद (ATEEQ AHMAD) से बदलकर अतीक अहमद (ATIK AHMAD) पुत्र अब्दुल हसन निवासी मोहल्ला माजुल्लानगर, केमरी, रामपुर, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

### हिरण का शिकार कर नर्सरी में दबाए अवशेष

**मुजरिया, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव कौल्हाई में हिरण का शिकार कर लिया गया। उसका मांस खाने के बाद उसके अवशेष वन विभाग की जमीन में दबा दिए गए। इसकी जानकारी होने पर पशु प्रेमी ने थाना पुलिस को दी। पशु प्रेमी के साथ पहुंची पुलिस ने बताए स्थान पर खुदाई कराई। वहां से अवशेष बरामद हुए हैं। इस प्रकरण में वन दरोगा पर आरोप लगे हैं। थाना पुलिस प्रकरण की जांच में जुटी हुई है। इधर हिरण के अवशेष पोस्टमार्टम को भेजे गए हैं।

थाना मुजरिया क्षेत्र की वन विभाग नर्सरी मे हिरण का शिकार किए जाने से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। हिरण का शिकार उसके अवशेष दबाए जाने की जानकारी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को मिली। इसके बाद उनके द्वारा साथी पशु प्रेमी संजीव प्रजापति को अवगत कराया।

# फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, विजय नगला-कुंवरगांव (बदायूं)

**अमृत विचार :** एक गांव में मंगलवार को 20 वर्षीय किशोरी का शव घर के बरामदे में कुंडे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मृतका के मामा ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। किशोरी की मां ने हत्या की आशंका जताई है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव नरखेडा निवासी संतोष पत्नी स्व. भानु सिंह ने बताया कि वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया का काम करती है। उनकी पुत्री जैस्मिन 20 वर्ष घर पर रहती थी। रोज की तरह वह मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को मिड डे मील बनाने चली गई। इसी दौरान उनकी बेटी का शव उनके घर के बरामदे में कुंडे से लटका मिला था। उन्होंने बताया कि वह खाना बना कर जब वापस लौटी तो घर की बाहर से कुंडी लगी थी। जिस पर वह पड़ोस की छत से होकर घर के अंदर गई तो उनकी बेटी बरामदे में कुंडे से लटकी थी। उन्होंने रस्सी काटी और शोर मचाया उसके बाद वह बेहोश हो गयी। सूचना मिलने पर मृतका के मामा बरेली के थाना अलीगंज के गांव चंदनुपर निवासी चंद्रपाल मौके पर पहुंच गए। चंद्रपाल ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर किशोरी के शव को फंदे से उतार कर कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### सड़क को लेकर एडीएम कांग्रेस नेता में हुई झड़प

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** कॉलोनी की जर्जर सड़क को लेकर सीडीओ को ज्ञापन देकर लौट रहे कांग्रेस नेता व एडीएम के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस दौरान एडीएम ने हिदायत देते हुए कहा कि जिस कॉलोनी में रह रहे हो वह अवैध कॉलोनी है। एडीएम और कांग्रेस नेता की बहस चर्चा का विषय बन गई।

फुलसुंगा इलाके में फेस दो में जर्जर सड़क, जलभराव और प्रकाश व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेता रामकृष्ण प्रसाद सैनी आंदोलित हैं। जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने आठ सितंबर को भी एमएनए सहित अधिकारियों को ज्ञापन देकर मुद्दा उठाया था। मंगलवार को भी कांग्रेस नेता रामकृष्ण प्रसाद स्थानीय लोगों के साथ डीएम की गैरमौजूदगी में सीडीओ को ज्ञापन देकर लौट रहे थे। अचानक एडीएम पंकज उपाध्याय से आमना-सामना हो गया।

### दुष्कर्म के आरोपी के घर नोटिस चस्पा, पुलिस ने मुनादी कराई

**संभल/सिरसी, अमृत विचार:** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र ढोल नगाड़ों के साथ मोहल्ला के लोगों से मुनादी कराकर पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी के घर के दरवाजे पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया। नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला चौधरियान निवासी बिलाल हजरत दो माह से किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व पोक्सो एक्ट के आरोप में फरार चल रहा था। बार बार नोटिस मिलने के बाद भी बिलाल हजरत न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था।

### निजी अस्पताल के बाहर से कार चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में बच्चे का इलाज कराने आए व्यक्ति की कार चोरी हो गई। थाना प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामपुर जिले के गांव खंदेली निवासी अनुरोध प्रताप ने बताया कि प्रेमनगर के जानकीपुरम स्थित एक अस्पताल में बच्चे का इलाज कराने के लिए आए थे। सोमवार सुबह 4 बजे के बाद वह सो गए, जागने पर देखा कि कार चोरी हो गई है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो०नि०वि०, मुरादाबाद**

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः- / निविदा-मु0वृत्त/24-25 दिनांकः

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम-8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 26.09.2024 प्रातः 10 बजे से 01.10.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम-5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड दिनांक 01.10.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है-

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित(रू) में | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद में एन0 एच0-24 (दिल्ली-बरेली -लखनऊ) मार्ग के किमी0-161 में स्थित रामगंगा सेतु की बियरिंग बदलने एवं मरम्मत का कार्य । | 80.10 | 6.01 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए,बी (सेतु श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/ 4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd. gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

UP - 219779 दिनांक 23.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
महामहिम राज्यपाल की ओर से)

# नई बनने वाली सड़कों की गारंटी 5 साल हो: योगी

## सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण, मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एनएचएआई से बोले- अधूरे हाइवे पर न की जाए टोल वसूली

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले शारदीय नवरात्रि, दशहरा और दीपावली आदि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर राज्य की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक सम्पन्न करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व व त्योहारों पर प्रदेश में आवागमन सामान्य की अपेक्षा अधिक होता है। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी आते हैं। हर एक आदमी के लिए सड़क पर चलना सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। गड्ढामुक्ति, सड़कों की मरम्मत का काम अच्छी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि किसान सड़कों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसानों की सुविधा का खास ध्यान रखा जाए। एफडीआर पद्धति से सड़कें बनाई जाएं। इस पद्धति के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों, धन व समय की बचत होती है तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मंडी समिति के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत एवं ड्रेनेज का कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए। क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए।

वहीं, एनएचएआई के अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हाईवे का निर्माण कार्य पूरा न हो जाए तब तक टोल टैक्स की वसूली न की जाए। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क बनाने वाली एजेंसी, ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच साल तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैंडम दौरा कर निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करें। कार्यों के प्रति जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज़्ड किये जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि, सड़कों पर सीवर लाइन तथा पाइपलाइन आदि डालने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत की जानी चाहिए। सड़कों पर ऊंचे ब्रेकर से दुर्घटना होने की संभावना बनती है। अतः सड़कों पर टेबल टॉप ब्रेकर का निर्माण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए।

### महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए

मुख्यमंत्री के अनुसार, राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर मंडी समिति तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सीएसआर पद्धति के माध्यम से पेयजल, टॉयलेट, कैंटीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस कार्य से महिला स्वयं समूहों को भी जोड़ा जाए। मंडियों में कैंटीन के माध्यम से किसानों के लिए कम कीमत में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट तथा साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# ज्ञानवापी वुज़ूखाने के सर्वेक्षण मामले की सुनवाई 1 अक्टूबर को

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वुज़ूखाने का एएसआई सर्वेक्षण करने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान याची राखी सिंह ने अपना जवाब दाखिल किया। इसके बाद कोर्ट ने मामले को एक अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। पिछली सुनवाई में याची की ओर से मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए समय की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी श्रीमती राखी सिंह ने जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की, जिसमें सील वुज़ूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) के पूरे परिसर का एएसआई सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है।

# भिक्षावृत्ति में फंसे बच्चों को भी मुक्त कराना महिला आयोग के जिम्मे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महिला आयोग की बैठक करते हुये। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य महिला आयोग के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक
- राज्य सरकार का निर्देश, ऐसे बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने में आयोग निभाए प्रभावी योगदान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित राज्य महिला आयोग की पदाधिकारियों, सदस्यों से कहा कि देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों में फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की मुहिम में भी राज्य महिला आयोग प्रभावी योगदान करे।

मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों, कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोग के सुचारु कामकाज के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# गड़बड़ी करने पर आधार से पकड़े जाएंगे सर्वेयर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के सर्वे में फर्जीवाड़ा पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के सर्वे में इस बार फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। जांच या शिकायत में अपात्र मिलने पर सर्वेयर की आधार कार्ड से पहचान करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मकसद जरूरतमंदों को हरहाल में आवास देकर लाभान्वित करना है।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत प्रदेश में लाभार्थियों का चयन करने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। सिर्फ केंद्र से सर्वे करने के लिए एप लांच होने का इंतजार है। इस वर्ष सरकार का मकसद किसी भी हालत में नए व पुराने लाभार्थी आवास योजना से छूटने नहीं चाहिए। इसके लिए कई नियम बनाएं हैं और प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बदलाव किया गया है। सर्वे ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो मौके पर सीधे घर आदि की स्थिति देखकर फोटो लेंगे और मुखिया व सदस्य का पूरा विवरण रजिस्टर पर दर्ज करेंगे।

इससे संपूर्ण समाधान दिवस व अन्य जनसुनवाई के दौरान यदि कोई व्यक्ति आवास से वंचित होने की शिकायत करता है तो रजिस्टर पर विवरण देखा जाएगा। यदि रजिस्टर में नाम नहीं या अपात्र आदि की शिकायत मिली तो सर्वेयर को उसके आधार कार्ड से ट्रेस करके त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# पान-मसाला का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**लखनऊ, अमृत विचार।** 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत मंगलवार को राजभवन में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक 'आईईटी' की नाट्य संस्था 'जोश' की ओर से 'रेड स्पॉट' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान व पान मसाला खाने के दुष्प्रभाव व इसे खाकर इधर-उधर थूकने से होने वाली गंदगी से मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने उपस्थित लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी, कुलपति डॉ जय प्रकाश पांडेय समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# सहारा से वापस ली ग्रीन बेल्ट की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कब्जा लेकर लगाए बोर्ड
- 1995 में 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी जमीन

**अमृत विचार :** सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को लीज पर दी गई ग्रीन बेल्ट की जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने वापस ले ली है। साथ ही कब्जा लेकर विभागीय बोर्ड लगाना शुरू कर दिया है। एलडीए ग्रीन बेल्ट की जमीन पर अवैध निर्माण हटाते हुए नगर वन विकसित करेगा।

एलडीए ने 1995 में सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को ग्राम जियामऊ, उजरियांव व रेलवे लाइन के मध्य लाइसेंस के आधार पर 100 एकड़ जमीन 30 वर्ष के लिए लीज पर ग्रीन बेल्ट उपयोग के लिए दी थी। लेकिन, शर्तों के मुताबिक 29 साल में ग्रीन बेल्ट विकसित नहीं की गई। बल्कि जमीन पर अवैध निर्माण हो गया। प्राधिकरण ने 5 जुलाई को बोर्ड बैठक में लीज का लाइसेंस निरस्त करके जमीन वापस लेना का प्रस्ताव रखा था। इस पर स्वीकृत मिलने पर जमीन वापस ले ली गई।

इस क्रम में मंगलवार को अर्जन और अभियंत्रण टीम ने जमीन की नापजोख करके कब्जा की प्रक्रिया शुरू की। मानचित्र के आधार पर मिलान करके प्राधिकरण ने अर्जित जमीन के बोर्ड लगाए। यह प्रक्रिया दो से तीन तक चलेगी। इसके बाद पूरे क्षेत्र का सर्वे कराकर जमीन की पैमाइश की जाएगी। साथ ही अवैध निर्माण चिह्नित करते हुए ध्वस्त किए जाएंगे। इसके बाद जमीन पर एलडीए वृक्ष व पौधे लगाकर बड़ा नगर वन बनाएगा। विभागीय चर्चा यह भी रही कि ग्रीन बेल्ट के कुछ हिस्से में नगर निगम का प्रोजेक्ट संचालित है। इस वजह से प्रक्रिया में समस्या आ रही है। एलडीएम की इस कार्रवाई से सहारा इंडिया को बढ़ा झटका लगा है।

# उद्यमियों के महाकुंभ की आज से भव्य शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण

**अमृत विचार :** आस्था का महाकुंभ अभी भले ही दूर हो, लेकिन उद्यमियों की आशाओं और संभावनाओं का महाकुंभ यानी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण की शुरुआत बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस मेगा शो का शुभारंभ करेंगे। दूसरा संस्करण पहले संस्करण से भी बड़ा होने जा रहा है।

इस आयोजन के माध्यम से दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें प्रदेश के कल्चर से भी अवगत कराया जाएगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी।

### उप्र. के जायकों का स्वाद भी चखेंगे मेहमान

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो में आगंतुक, मेहमान और मेजबान उत्तर प्रदेश के व्यंजन का भी स्वाद चखेंगे। यहां एक या दो नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों के नामचीन पकवान परोसे जाएंगे। इस दौरान यूपीआईटीसी में आगरा के पंछी पेठा और मथुरा के पेड़ा का भी स्वाद मिलेगा। ट्रेड शो में आए मेहमान बलिया की लिट्टी-चोखा और लखनऊ के टुंडे के कबाब का भी जायका ले सकेंगे। अवध के व्यंजनों की खुशबू भी ट्रेड शो में महकेगी। बरेली के पकवानों का जायका भी लिया जा सकेगा।

# अंतिम जांच रिपोर्ट खारिज होने के बाद समन अनुचित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डॉ. दंपति के खिलाफ हत्या के एक मामले को खारिज करते हुए कहा कि समन जारी करना एक गंभीर मामला है और यह तब और गंभीर हो जाता है, जब अंतिम जांच रिपोर्ट को खारिज करने के बाद समन जारी किया जाए। पुलिस द्वारा की गई जांच, वैज्ञानिक जांच और विशेष जांच दल की रिपोर्ट को अकारण खारिज नहीं किया जा सकता है। समन आदेश में पुख्ता कारण अपेक्षित होते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि अंतिम रिपोर्ट को खारिज करने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को समन जारी करने के समर्थन में उचित कारण बताना चाहिए था। अगर जांच उचित नहीं थी तो आगे की जांच के लिए निर्देश पारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि समन आदेश पारित करते समय ट्रायल कोर्ट द्वारा वैज्ञानिक परीक्षणों और गवाहों के बयानों का ठीक से विश्लेषण नहीं किया गया था। कोर्ट ने अधूरे साक्ष्यों के आधार पर जारी समन आदेश को रद्द कर दिया।

# पीजीआई में मारपीट प्रकरण की होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एसजीपीजीआई में तैनात सुरक्षा कर्मियों के मरीज के तीमारदारों से गाली-गलौज व मारपीट करने के प्रकरण में जांच के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज बसों का फास्टैग हैक के बाद सभी रीजन में जांच हुई शुरू

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ




**अमृत विचार :** रोडवेज बसों पर लगे फास्टैग हैक को लेकर मंगलवार को प्रदेश के सभी डिपो में जांच शुरू हो गई है। लेकिन अभी समस्या जस की तस बनी हुई है। फास्टैग हैक होने और रोडवेज बसों का टोल टैक्स कैश देने से राज्य सड़क परिवहन निगम को प्रतिदिन दो लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। 21 बसों में आई समस्या की शिकायत के बाद एनएचएआई के अधिकारी भी जांच में जुट गए हैं। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर मामले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है उन्होंने सभी रीजन को इस संबंध में जांच कर जल्द से जल्द मुख्यालय को रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह ने बताया कि झांसी, प्रयागराज और कानपुर रीजन की बसों का फास्टैग सोमवार को किसी ने हैक कर लिया। इसके बाद अलग-अलग टोल प्लाजा पर इन अलग-अलग रीजन की करीब 21 बसों को टोल टैक्स चुकाना पड़ा, जबकि ग्लोबल वॉलेट में हर रोज परिवहन निगम दो करोड़ रुपये तक का भुगतान करता है, जिससे उत्तर प्रदेश की साढ़े 11 हजार से अधिक बसों का टोल टैक्स दिया जाता है। टोल पर पहुंचने पर खाते में पैसा नहीं दिखा रहा, जबकि जांच करने पर पता चला कि बसों के फास्टैग में अभी पैसा है।

### एसबीआई का फास्टैग

परिवहन निगम की तरफ से एसबीआई का फास्टैग इस्तेमाल किया जा रहा। इस दौरान बैंक के खिलाफ शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी पूरी हो गई है। निगम प्रशासन साइबर सेल से जांच करायेगा।

## वर्ग पहेली-202

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोस्ते की फली 2. कुछ विशिष्ट पौधों की बड़ी कली जिसमें उस पौधे के फल या बीज रहते हैं, बौड़ी।

3. 1. नशीले पेय तथा फलों के रस से बनाया जाने वाला एक पेय, एकाधिक मदिराओं का मिश्रित पेय मांड़ा

6. मरने की इच्छा, मरण कामना, मरणाशंसा।

8. (अंधविश्वास) एक प्रकार के भूत-प्रेत, एक योनि जिसमें पड़ी आत्माएं मनुष्य जीवन में बाधा उत्पन्न करती हैं।

9. 1. नम्रता, शालीनता 2. लज्जाशीलता, शिष्टता, सुशीलता।

**ऊपर से नीचे**

2. पुराने आधे पैसे के बराबर का सिक्का, अधेले के मूल्य का सिक्का।

4. 1. दूषित अथवा मलिन होने की अवस्था या भाव, मैल, मलिनता, गंदगी 2. पाप, पातक 3. गुस्सा, क्रोध 4. कलंक, अपयश, बदनामी 5. अपवित्रता 6. कालिमा 7. विकार।

5. 1. जो ख़ास हो, जो मामूली न हो, असाधारण, विशिष्ट 2. प्रचलित परंपरा से भिन्न।

7. 1. तपना, गरमाना, गरम होना 2. संतप्त होना 3. जलना।

8. 1. बाप, तात, जनक 2. संतान का जन्मदाता पुरुष।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | 2 |
| | | 3 | 4 | | |
| | 5 | | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | | 7 |
| | | | 8 | | |
| 9 | | | | | |

### वर्ग पहेली -201 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | हा | ल | 2 य | | 3 घा |
| ज़ा | | | था | | नी |
| 4 कि | ब | ला | नु | मा | |
| या | | | पा | | 5 नं |
| | | 6 ए | त | का | द |
| | | | | | रा |
| | 7 अ | भि | मा | नि | नी |

## सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 2 | | | | | 3 |
| | 5 | | 3 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | 4 | 5 | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | 7 | | | | 8 | 4 | | 5 |
| | 1 | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 6 | | | | | 1 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | 5 | 1 |

### सुडोकू - 114 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.10 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 22.23 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष:** आज आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। माता या मातातुल्य स्त्रियों का सम्मान करें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। मित्रों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**वृष:** आज किसी रिश्तेदार से सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपकी आय में भी वृद्धि होने की संभावना है। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को जबरदस्त सफलता मिल सकती है।

**मिथुन:** आज आपके स्वभाव में ताजगी रहेगी। अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को तय समय पर पूर्वनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।

**कर्क:** आज अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें। भावुक होने के बजाय व्यवहारिक रहें तभी प्रसन्न रह पाएंगे। नई जानकारियों को एकत्र करने में लगे रहेंगे। व्यापार में आ रही गिरावट दूर होगी।

**सिंह:** आज आपके ऊपर काम का दबाव रह सकता है। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें। पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। घर की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लेंगे। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

**तुला:** आज आपकी दिनचर्या बहुत ही व्यवस्थित रहेगी। कॉलेज विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

**वृश्चिक:** आज किसी पुराने मामले को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। घर में मेहमान आ सकते हैं। लोगों की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। असंतुलित खानपान के कारण आपको परेशानी हो सकती है। स्त्री जातकों को कष्टपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर:** आज मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों का बेहतरीन लाभ मिलेगा। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज लोग आपसे काफी अपेक्षा करेंगे। साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। नौकरीपशा लोगों को ज्यादा काम करना पड़ेगा। मेडिकल शोध से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**मीन:** आज आपके जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा। बड़ों के द्वारा होने वाले सुझावों पर गौर अवश्य करें। बुखार और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपनी कार्यक्षमता को लेकर भ्रम की स्थिति रहेगी। क्रोध के कारण अवसरों को खो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
16 दिसंबर — सुबह : 09.41
छतरीवाली — रात : 07.56

&pictures
बोल राधा बोल — सुबह : 10.49
शर्माजी नमकीन — रात : 08.00

SONY PIX
रेडी प्लेयर वन — सुबह : 10.41
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.45
भीमा — रात : 08.00

ZEE ACTION
वज्रकाया — सुबह : 10.50
गद्दार — रात : 09.51

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस-हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चलकर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

## एक नजर

### ऋण प्रतिभूतियों के आवेदन पर यूपीआई का करें प्रयोग

**नई दिल्ली।** सेबी ने ऋण प्रतिभूतियों के लिए आवेदन प्रक्रिया को बेहतर बनाने को लेकर मंगलवार को कदम उठाया। इसके तहत बाजार मध्यस्थों के जरिये पांच लाख तक के निवेश को लेकर व्यक्तिगत निवेशकों को कोष ब्लॉक करने के लिए केवल यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) का उपयोग करने को कहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने परिपत्र में कहा कि निवेशकों के पास आवेदन के लिए स्व-प्रमाणित सिंडिकेट बैंकों या शेयर बाजार मंच के माध्यम से आवेदन करने जैसे अन्य तरीकों के उपयोग का विकल्प बना रहेगा।

### प्रत्यक्ष कर के 573 मामलों का निदान: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि बजट में अपील दायर करने की मौद्रिक सीमा संशोधित किए जाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यक्ष कर से जुड़े 573 मामलों का निदान किया है। 2024-25 के केंद्रीय बजट में कर न्यायाधिकरणों, उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से जुड़े अपील के लिए मौद्रिक सीमा को बढ़ाया गया है।

## मुरादाबाद मंडी

**दालें-** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 965 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 875
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1115 डीएमओ-835 बोल्ड-1150

# एसएंडपी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.8 प्रतिशत पर रखा बरकरार

## रेटिंग्स एजेंसी को उम्मीद- आरबीआई मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में करेगा कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठोस वृद्धि से मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर आरबीआई कर सकेगा ध्यान केंद्रित



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.8% पर मंगलवार को बरकरार रखा और कहा कि उसे उम्मीद है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9% बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रास्फीति को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा। एजेंसी ने कहा कि भारत में अप्रैल-जून तिमाही में उच्च ब्याज दरों ने शहरी मांग को प्रभावित किया और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि यह 2024-25 के लिए हमारे सकल घरेलू उत्पाद के 6.8% की दर के अनुमान के अनुरूप है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी थी। एसएंडपी ने कहा कि हमारा परिदृश्य यथावत बना हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई जल्द से जल्द अक्टूबर में दरों में कटौती शुरू कर देगा और चालू वित्त वर्ष (मार्च 2025 में समाप्त होने वाले) में दो बार दरों में कटौती की योजना बनाएगा। एसएंडपी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहेगी।

### सरकार का मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने का है लक्ष्य

सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। आरबीआई की ब्याज दर निर्धारित करने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक सात से नौ अक्टूबर को होने वाली है। मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2023 से नीतिगत दर को 6.5% पर यथावत रखा है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की कटौती की है। इसके बाद आरबीआई के अगले महीने इसमें 0.25% की कटौती करने की उम्मीद है।

# 85,000 अंक लांघने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85,000 अंक और एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंचा। हालांकि, बाद में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और कुछ बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद हुए।



- एनएसई के निफ्टी ने भी 26,000 अंक को किया पार

सेंसेक्स 14.57 अंक यानी 0.02% की गिरावट के साथ 84,914.04 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह के कारोबार में 85,000 अंक पहुंचा था। यह 234.62 अंक यानी 0.27% की बढ़त के साथ उच्चतम स्तर 85,163.23 अंक पर पहुंच गया। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा से धातु शेयरों को गति मिली। दोपहर में रिकॉर्ड स्तर पर मुनाफावसूली से यह दिन के निचले स्तर 84,716.07 अंक तक आ गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया। एनएसई का निफ्टी 1.35 अंक यानी 0.01% की बढ़त के साथ 25,940.40 अंक पर बंद हुआ। यह 72.5 अंक चढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर 26,011.55 अंक तक चला गया था।

# कीमत स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई गवर्नर बोले- केंद्रीय बैंकों को नियमन और निगरानी के उपायों को अपनाना चाहिए



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि कीमत स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन जरूरी है। अगर केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को प्राथमिकता देता है और इसके लिए बड़े स्तर पर वृद्धि के साथ समझौता करता है ऐसी परिस्थिति में दोनों के बीच सामंजस्य बैठाने की जरूरत पड़ती है। दास ने काठमांडू में कहा कि अर्थव्यवस्था की मदद के लिए, केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति के साथ नियमन और निगरानी जैसे उपायों को अपनाना चाहिए।

उन्होंने नेपाल राष्ट्र बैंक के हिमालय शमशेर स्मृति व्याख्यान में कहा कि मूल्य स्थिरता और वृद्धि के बीच संतुलन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मूल्य स्थिरता के लिए वृद्धि को छोड़ा जाता है। दास के अनुसार, यह हो सकता है कि मूल्य स्थिरता के लिए उपाय वित्तीय स्थिरता के लिए उपयुक्त नहीं हों। हाल ही में कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऐसा ही देखा गया। वहां जब सख्त मौद्रिक नीति ने बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संदर्भ में आरबीआई के कार्य मूल्य स्थिरता से कहीं अधिक व्यापक हैं और इसमें वित्तीय स्थिरता बनाए रखना शामिल है। दास ने कहा कि इससे हमें अर्थव्यवस्था के बारे में समग्र दृष्टिकोण अपनाने, तालमेल के साथ आगे बढ़ने और हमारे पास जो भी साधन हैं, उसका उपयोग कर कदम उठाने में मदद मिलती है।

### चीनी बैंक ने आरक्षित दरों में की कटौती

**बीजिंग।** चीनी केंद्रीय बैंक ने संपत्ति क्षेत्र में मंदी से निपटकर सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने के उद्देश्य से कई कदम उठाने की मंगलवार को घोषणा की। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने कहा कि बैंकों के लिए आवश्यक आरक्षित दर (रिजर्व रेट) में 0.5% की कटौती होगी तथा केंद्रीय बैंक इसमें और भी कटौती करेगा। केंद्रीय बैंक शेयर बाजार के स्थिर विकास में सहयोग के लिए नयी नीतियां बना रहा है। दूसरा घर खरीदने वालों के लिए अग्रिम भुगतान की अनिवार्यता 15% होगी तथा गिरवी दरों में कटौती होगी।

# फर्जी पंजीकरण : 10,700 जाली कंपनियों का लगा पता

नई दिल्ली, एजेंसी

- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 20 राज्य करेंगे आधार प्रमाणीकरण शुरू

कर अधिकारियों ने जीएसटी के तहत 10,700 फर्जी पंजीकरण का पता लगाया है, जिनमें 10,179 करोड़ की कर चोरी शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है और चार अक्टूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। अंततः मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा कि भविष्य में कर अधिकारी नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे।

### उद्योग जगत से चार लाख करोड़ की ऋण मांग : एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा है कि बैंक को भारतीय उद्योग जगत से चार लाख करोड़ रुपये के कर्ज की मांग मिल चुकी है। उन्होंने 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी आने की उम्मीद भी जतायी। शेट्टी ने कहा कि हम निजी पूंजीगत व्यय में अच्छी रुचि देख रहे हैं। बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण मुख्य रूप से सड़कों, नवीकरणीय ऊर्जा और कुछ रिफाइनरियों से आ रहा है। सार्वजनिक व्यय की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1% बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ कर दिया था। यह देश के जीडीपी का 3.4% है। शेट्टी ने कहा कि कुछ कंपनियों ने पुरानी परियोजनाओं का विस्तार शुरू किया है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय का वित्तपोषण उनके नकदी स्रोतों से किया गया है।

# बैंक जमाराशि वृद्धि में कमी से बॉण्ड से धन जुटाने के लिए मजबूर : इक्रा

मुंबई, ,एजेंसी

- 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से किए जाएंगे जारी

धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को चालू वित्त वर्ष 2024-25 में बॉण्ड जारी कर 1.3 लाख करोड़ तक जुटाने पर मजबूर होना पड़ेगा। मंगलवार को रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, बॉण्ड की राशि 1.2-1.3 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी और यह अभी तक का सर्वाधिक है। यह बॉण्ड राशि ऐसे समय में जारी होगी जब जमा तथा ऋण वृद्धि के बीच लगातार अंतर जारी है। 85% बॉण्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किए जाएंगे।

इसी के साथ ऋणदाताओं के बीच बुनियादी ढांचा बॉण्ड के लिए बढ़ती मांग बाजार को गति प्रदान करेगी। एजेंसी ने कहा कि नकदी की कठिन परिस्थितियों तथा ऋण वृद्धि के जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों के लिए वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में बॉण्ड जारी कर एक लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे पहले 2022-23 में 1.1 लाख करोड़ जुटाए गए थे, जो मौजूदा बॉण्ड राशि से पहले सर्वाधिक था।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### कोलकाता में एक हिस्से को छोड़कर ट्राम सेवा होगी बंद

**कोलकाता।** बंगाल सरकार ने मैदान से एस्प्लेनेड तक एकमात्र हेरिटेज खंड को छोड़कर कोलकाता में 150 साल पुरानी ट्राम सेवा को बंद करने का फैसला किया है। राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने यह जानकारी दी। हालांकि, ट्राम प्रेमियों ने इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने का फैसला किया है। कोलकाता देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां ट्राम का संचालन जारी है।

### ऑटो-ट्रक की भिड़ंत में 6 की मौत, 3 लोग घायल

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में कटनी राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर ट्रक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि समन्ना गांव के पास ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर कलेक्टर और एसपी के साथ एसडीआरएफ की टीम भी पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए दमोह से जबलपुर तक कॉरिडोर भी बनाया गया। क्रेन की मदद से ऑटो को ट्रक के नीचे से निकाला गया। घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### प. बंगाल में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे


**कोलकाता।** प. बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के न्यू मैनागुड़ी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजकर 20 मिनट पर यह घटना हुई। गुवाहाटी से आ रही यह मालगाड़ी न्यू जलपाइगुड़ी जा रही थी। अलीपुरद्वार के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) अमर जीत गौतम ने बताया कि इस मार्ग पर साढ़े 12 बजे ट्रेनों का यातायात बहाल कर दिया गया।

# मुठभेड़ में मृत शिंदे पर एक और मुकदमा, जांच के आदेश

## बदलापुर यौन शोषण : गोलीबारी की घटना के वक्त शिंदे को नवी मुंबई की तलोजा जेल से लाया जा रहा था ठाणे

ठाणे, एजेंसी

ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी की आकस्मिक मौत का भी मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।



आरोपी अक्षय शिंदे के मुठभेड़ में मार जाने के बाद वैन की जांच करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी के रिश्तेदारों ने पुलिस के दावे पर सवाल उठाया

**ठाणे।** बदलापुर यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे के परिजनों ने पुलिस के इस दावे को चुनौती दी है कि पहले अक्षय ने पुलिसकर्मी पर गोली चलाई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। शिंदे के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने जुर्म कबूलने के लिए उस पर दबाव बनाया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे की मौत संबंधी घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

### आरोपी की मौत की जांच करेगी सीआईडी

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) बदलापुर के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत की जांच करेगा। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों के दल ने मंगलवार को उस पुलिस वाहन की जांच की, जिसमें पुलिसकर्मी ने शिंदे को गोली मारी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चूंकि यह घटना पुलिस हिरासत में मौत से जुड़ी है अतः इसकी जांच महाराष्ट्र सीआईडी करेगी। सीआईडी अधिकारियों का दल मुंब्रा बाईपास जाएगा जहां घटना हुई। वे उन पुलिसकर्मियों का बयान दर्ज करेंगे जो घटना के वक्त वाहन में थे। सीआईडी शिंदे के माता-पिता के बयान भी दर्ज करेंगे। शिंदे के शव का पोस्टमार्टम मुंबई के जेजे हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुआ। शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बेटे की हत्या की जांच की मांग की है।

### राउत बोले- सरकार स्कूल प्रबंधन का बचाव कर रही

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अक्षय शिंदे की मुठभेड़ में मौत पर संदेह जताया और दावा किया कि राज्य सरकार स्कूल प्रबंधन के बचाव का प्रयास कर कर रही है। यह मुठभेड़ संदिग्ध है, लेकिन ऐसे आरोपी के प्रति सहानुभूति दिखाने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह हत्या या मुठभेड़ मुख्य आरोपी (स्कूल प्रबंधन) का बचाव करने के लिए की गई थी।

# लेखा परीक्षण से धन की सुरक्षा के साथ जनविश्वास बढ़ता है : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी



- लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16वीं सभा का राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि लेखा परीक्षण संस्थान लेखा परीक्षण और आकलन से न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनविश्वास बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा आयोजित लेखा परीक्षण संस्थानों के एशियाई संगठन की 16 वीं सभा का उद्घाटन किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वित्तीय दुनिया अक्सर गैर पारदर्शी लेखांकन प्रथाओं से घिरी रहती है। ऐसी स्थिति में स्वतंत्र सर्वोच्च लेखा परीक्षण संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक संसाधनों को कुशलतापूर्वक, प्रभावी ढंग से और ईमानदारी के साथ प्रबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के लेखा परीक्षण और आंकलन न केवल सार्वजनिक धन की सुरक्षा करते हैं बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी बढ़ाते हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कैग देश की सार्वजनिक वित्त व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पत्नी के जीविकोपार्जन में सक्षम होने से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पत्नी के जीविकोपार्जन के लिए सक्षम होने की वजह से पति उसे भरण-पोषण राशि देने से मुक्त नहीं हो जाता। अदालत ने कहा कि पत्नी को परजीवी कहना महिला जाति का अपमान है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने निचली अदालत द्वारा पत्नी को भरण-पोषण देने के निर्देश के खिलाफ पति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की देखभाल करने, बच्चों की जरूरतों और पति तथा उसके माता-पिता की देखभाल के लिए नौकरी छोड़ देती हैं। याचिकाकर्ता पति के बारे में कहा जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को छोड़ दिया है और वह दूसरी महिला के साथ रह रहा है। निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को अपनी पत्नी को भरण-पोषण के रूप में 30,000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश दिया था, साथ ही उसे मानसिक यातना, अवसाद और भावनात्मक पीड़ा आदि के लिए पांच लाख देने का आदेश दिया था। निचली अदालत ने उसे अपनी पत्नी को मुआवजे के तौर पर तीन लाख देने का निर्देश दिया था, जिसमें मुकदमेबाजी की लागत के रूप में 30,000 रुपये शामिल हैं।

# राहुल ने भाजपा से पूछा- क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा

नई दिल्ली, एजेंसी



- बेरोजगारी की समस्या को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा को घेरा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा में बेरोजगारी की समस्या को लेकर मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि आख़िर राज्य के युवा डंकी होने पर मजबूर क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनते ही ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, जिसमें युवाओं को सपनों के लिये अपनों से दूर नहीं होना पड़ेगा। यहां डंकी का तात्पर्य अवैध तरीके से दूसरे देश में जाने से है जिसे डंकी फ़्लाइट भी कहा जाता है।

राहुल गांधी ने अमेरिकी दौरे पर भारत से अमेरिका जाने वाले कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इनमें से एक अमित भी थे जिनके परिवार से कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को करनाल जाकर मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने इसका वीडियो एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया कि क्यों डंकी हुए हरियाणा के युवा? भाजपा द्वारा फैलाई बेरोज़गारी की बीमारी की कीमत लाखों परिवार अपनों से दूर हो कर चुका रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका यात्रा के दौरान हरियाणा के उन युवाओं से मुलाकात हुई जो घर परिवार से दूर खुद को पराए मुल्क में खपा रहे हैं। भारत लौटने पर जब उनके परिवार से मिला तो उनकी आंखें दर्द से छलक उठीं।

### भाजपा ने बेरोजगारी की महामारी फैलाई : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच अक्टूबर को होगा और मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हरियाणा में भाजपा ने बेरोजगारी की ऐसी महामारी फैलाई है कि होनहार युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। प्रदेश में कुल 4.5 लाख सरकारी पद हैं जिनमें से 1.8 लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा ने हरियाणा के युवाओं से भविष्य की सारी उम्मीदें छीनकर उनके साथ घोर अन्याय किया है।

### एम्स के कार्यकारी निदेशक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच करेगी समिति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक के बेटे को गैर-क्रीमी लेयर के तहत ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने और एम्स, गोरखपुर में एमडी पाठ्यक्रम में उसके प्रवेश में अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल एम्स, गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। गोपाल कृष्ण के बेटे अरुप्रकाश पाल को दो गैर-क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

### महिला को किराये के मकान में मिले गुप्त कैमरे, मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में महिला किरायेदार के बेडरूम और स्नानकक्ष में गुप्त कैमरे लगाने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही महिला कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि महिला को व्हाट्सअप में असामान्य गतिविधि दिखी। जांच के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सएप एकाउंट अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है। उसने स्नानकक्ष में बल्बहोल्डर में कैमरा देखा औार पीसीआर कॉल की, पुलिस ने उसके बेडरूम में कैमरा मिला।

- व्हाट्सएप में असामान्य गतिविधि से हुआ मामले का खुलासा

# आरटीआई पोर्टल को लेकर 11 राज्यों से जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष अदालत के फैसले के बावजूद अब तक नहीं शुरू हुआ पोर्टल

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत पोर्टल शुरू करने के लिए दाखिल याचिका पर आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित 11 राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत के 2023 के फैसले के बावजूद इन राज्यों ने अब तक पोर्टल नहीं शुरू किया है। न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और उच्च न्यायालयों को तीन महीने में आरटीआई वेबसाइट शुरू करने का निर्देश दिया था। अदालत ने रेखांकित किया था कि इस सुविधा से सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के उद्देश्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पादीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता अनुज नकाडे के वकील की दलील पर संज्ञान लिया जिन्होंने बताया कि 11 राज्यों ने अब तक अपनी आरटीआई वेबसाइट शुरू नहीं की है।

### भाजपा मुझे चोर दिखाना चाहती है इसलिए जेल में डाला : केजरीवाल

**चंडीगढ़।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रहार तेज करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चोर दिखाना चाहती है लेकिन उनके कट्टर शत्रु भी मानते हैं कि वह भ्रष्ट नहीं हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप प्रत्याशी हरपिंदर सिंह के समर्थन में सिरसा के रानिया विधानसभा क्षेत्र में एक रोडशो किया। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने पर पिछले सप्ताह तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।



# स्कूल सुरक्षा के निर्देश अधिसूचित करें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- पीठ ने गैर सरकारी संगठन बीबीए याचिका पर की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश अधिसूचित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में जारी दिशानिर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फुल्का ने कहा कि आज तक केवल पांच राज्यों ने केंद्र के 2021 के स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश को अधिसूचित किया है। पीठ ने वर्ष 2019 की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि याचिका में उन अभिभावकों की आशंका को दर्शाने का प्रयास किया गया है, जो अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। याचिका में कहा गया है कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य और लक्ष्य, सभी बच्चों को हर प्रकार के शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक कल्याण की गारंटी देने के लिए एक व्यापक कानून बनाना है।

# टीम की तैयारियों से खुश हूं : हरमनप्रीत कौर

- 20 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा महिला टी-20 विश्वकप

मुंबई, एजेंसी



मुख्य कोच मजूमदार के साथ पत्रकारों से वार्ता करतीं कप्तान कौर। ● एजेंसी

हरमनप्रीत कौर लंबे समय से खिताब के करीब पहुंचकर चूकने के अहसास से परेशान हैं लेकिन भारतीय कप्तान को लगता है कि उनकी टीम ने तीन से 20 अक्टूबर तक यूएई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने की दावेदारी पेश करने के लिए अच्छी तैयारी की है।

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है और तब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए थे। भारत 2017 में महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल भी खेला और वहां भी उप विजेता रहा। हरमनप्रीत दोनों टीमों का हिस्सा रहीं और उन्होंने 2020 टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व भी किया था। टी-20 विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले हरनमप्रीत ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ी लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। हम पिछली बार इतने करीब आ गए थे और सेमीफाइनल (2023) में हार गए। हमारी सभी विभागों में तैयारी काफी अच्छी है। जुलाई के अंत में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से भारतीय टीम को खेलने का मौका नहीं मिला है।

टीम ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में एक व्यापक तैयारी शिविर में हिस्सा लिया जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में बहुत समय बिताया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां टीम अतीत में कमजोर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य कोच अमोल मजूमदार और मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड भी मौजूद थे। अब तक सभी टी-20 विश्व कप में खेलने वाली हरमनप्रीत ने कहा एशिया कप के दौरान हमने अच्छी क्रिकेट खेली, एक दिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं। हरमनप्रीत ने अपने लगभग डेढ़ दशक के करियर में कई वैश्विक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन उन्हें लगता है कि वह अब भी अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप की तरह ही उत्साहित हैं।

### मानसिक ट्रेनिंग को भी दी तरजीह : मजूमदार

मुख्य कोच मजूमदार में बेंगलुरू में ट्रेनिंग शिविर पर अधिक प्रकाश डाला। हमने कुछ चीजों की पहचान की (श्रीलंका से हार के बाद) और हमने अगले शिविर में इन पर काम किया। हमने पहले फिटनेस और क्षेत्ररक्षण शिविर लगाया। फिर हमने 10 दिन का कौशल शिविर लगाया। हमने एक खेल मनोवैज्ञानिक (मुग्धा बावरे) को भी बुलाया। वह टीम के साथ शानदार रहीं। हमने एथलेटिक क्षमता, ऑलराउंड क्षेत्ररक्षण क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया, योग सत्र और मनोवैज्ञानिक सत्र भी जोड़े गए। बांग्लादेश में अशांति के कारण इस टूर्नामेंट को वहां से यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद एलिस पेरी (36) और एश्ली गार्डनर (33) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले पांच गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हरा दिया हैं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 146 रन का स्कोर बनाया।

आज यहां 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 26 के स्कोर पर उसने बेथ मूनी (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जॉर्जिया वेयरहम ने कप्तान अलीसा हीली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में एमेलिया केर ने अलिसा हीली (27) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरी सफलता दिलाई। तीसरे विकेट के रूप में जॉर्जिया वेयरहम (26) रन और एलिसा पेरी 29 गेंदों में (36) रन बनाकर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (5) और तालिया मैक्ग्रा (6) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 148 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## पैरालंपिक पदक विजेता व पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिलेंगे नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने पिछले महीने पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले देश के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस खेलों में एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते थे।

पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में स्वर्ण जीतने वाले नितेश कुमार को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा रजत पदक विजेता सुहास यथिराज (पुरुष एकल एसएल4) और तुलसीमति मुरुगेसन (महिला एकल एसयू5) को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। कांस्य पदक विजेता मनीषा रामदास और नित्या श्री सिवन (महिला एकल एसएच6 श्रेणी) प्रत्येक को सात लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। तुलसीमति, मनीषा और नित्या ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

## खेल डायरी

### राफेल नडाल स्पेन की डेविस कप टीम में शामिल



**मैड्रिड।** स्पेन ने डेविस कप के लिए अपनी टीम में फिटनेस से जूझ रहे दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को टीम में जगह दी है। नवंबर में होने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट के लिए 38 वर्षीय राफेल नडाल को कार्लोस अल्काराज, रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत, पाब्लो कैरेनो बुस्टा और मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ स्पेन की टीम में जगह दी गई है। डेविड फेरर टीम के कोच होंगे। उन्होंने पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। ओलंपिक के बाद नडाल को फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण यूएस ओपन और लेवर कप से हटना पड़ा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते है। डेविस कप के लिए आठ देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। डेविस कप क्वार्टर फाइनल 19 से 21 नवंबर के दौरान होंगे। सेमीफाइनल 22 और 23 नवंबर को और फाइनल 24 नवंबर को खेला जाएगा। मेजबान स्पेन का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नीदरलैंड से होगा।

### फीफा ने नए कायदे कानून की पुस्तिका प्रकाशित की

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल नियामक संस्था (फीफा) ने दुनिया भर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नए नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र वाली कानूनी पुस्तिका का 2024 संस्करण प्रकाशित किया। फीफा द्वारा सोमवार को जारी की गई पुस्तिका के नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों तथा मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हाल ही में हुए बदलाव और संशोधन के बारे में जानकारी दी गई हैं। फीफा ने 2020 में इस पुस्तिका प्रकाशित किया था तब से प्रत्येक वर्ष यह कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। इस पुस्तक में अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा कानूनो के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर नियम और महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल है।

### मालोर्का ने रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया

**सेविले (स्पेन)।** मालोर्का ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 2-1 से हराया। शुक्रवार की रात अलावेस और सेविला के बीच हुए मैच की तरह ही इस मुकाबले के दौरान भी कुछ घरेलू प्रशंसकों ने मैच की शुरुआत में अपनी सीट पर बैठने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा कि किकऑफ (मैच शुरू होने का समय) का समय असुविधाजनक है। फुटबॉल पारंपरिक रूप से सप्ताहांत और सप्ताह के मध्य में खेला जाता है लेकिन टीवी दर्शकों को संतुष्ट करने और बढ़ते मैचों की संख्यों से निपटने के लिए शुक्रवार और सोमवार की रात को अधिक से अधिक मैच जोड़े गए हैं। पिछले सप्ताह गेटाफे पर 2-1 की जीत में बेटिस के दोनों गोल करने वाले जियोवानी लो सेल्सो ने सात मिनट के बाद 25 मीटर की दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। डेनी रोड्रिगेज ने एक मिनट बाद मालोर्का को बराबरी दिला दी जिसके बाद दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में वैलेरी फर्नांडीज ने गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से मालोर्का 11 अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया जो बेटिस से तीन अंक अधिक हैं। बेटिस ने हालांकि एक मैच कम खेला है।

### त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन बैडमिंटन में जीते

**मकाऊ।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने अकारी सातो और माया तागुची की जापान की जोड़ी को मंगलवार को यहां तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर मकाऊ ओपन बैडमिंटन के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में लगभग एक घंटे चले मुकाबले में 15-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में एन सिक्की रेड्डी रुतविका शिवानी की जोड़ी ने महिला युगल क्वालीफिकेशन क्वार्टर फाइनल में चेयुंग यान यू और च्यु विंग ची की जोड़ी को 21-15, 21-10 से हराया। आर्यमन टंडन ने पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हमवतन तरूण मानेपल्ली को 11-21, 21-15, 21-17 से हराया लेकिन इसके बाद क्वार्टर फाइनल में एक अन्य हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा के खिलाफ 10-21, 22-24 से हार गए।

# चीन में चमके भारतीय सितारे

## जीवन-विजय ने जीता हांग्झोऊ ओपन, भांबरी-ओलिवेटी चेंगदू ओपन के उपविजेता बने





हांग्झोऊ ओपन के पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में खिताब जीतन के बाद जीवन और विजय, साथ में चेंगदू ओपन के उपविजेता युकी भांबरी और अल्बानो। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के जीवन नेदुनचेझियान और उनके जोड़ीदार विजय सुंदर प्रशांत ने मंगलवार को हांग्झोऊ ओपन का चैंपियन बनने के साथ पुरुष युगल में जोड़ी के रूप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता, जबकि युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी मंगलवार को चेंगदू ओपन में उपविजेता रहे।

जीवन और विजय की गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 49 मिनट तक चले मुकाबले में कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैर वरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 10-7 से शिकस्त दी। 35 साल के जीवन के लिए यह एटीपी टूर स्तर का दूसरा खिताब है। उन्होंने 2017 में रोहन बोपन्ना के साथ चेन्नई ओपन जीता था। विजय के लिए यह एटीपी टूर का पहला खिताब है। भारतीय जोड़ी ने शुरुआती सेट को 4-6 से गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट को 7-6 से जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक खींचा। टाई ब्रेक में भारतीय जोड़ी 10-7 से आगे रही। जीवन और विजय की जोड़ी अपनी सर्विस पर अंक भुनाने के मामले में शानदार रही।

### चेंगदू ओपन में भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने डौम्बिया और रेबौल को हराया

भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी चेंगदू ओपन के रोमांचक फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांस के सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की जोड़ी से 4-6, 6-4, 4-10 से हारकर अपने तीसरे खिताब से चूक गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में शुरुआती सेट को गंवाने के बाद भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचा दिया। भारत और फ्रांस के खिलाड़ियों की जोड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के दो ऐस की तुलना में छह ऐस लगाये लेकिन छह डबल फॉल्ट करना उन्हें महंगा पड़ा। फ्रांस की जोड़ी के लिए यह भांबरी-ओलिवेटी पर उनकी पहली जीत थी। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने इस साल अप्रैल में म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन और मई में गस्ताद में स्विस ओपन के खिताब जीते थे।



चेन्नई हवाई अड्डे पर डी गुकेश का स्वागत करते लोग। ● एजेंसी

## डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा, वैशाली और श्रीनाथ का जोरदार स्वागत

चेन्नई, एजेंसी

**नायकों की घर वापसी**

- ओलंपियाड में देश को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद पूरी भारतीय टीम लौटी

ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद भारतीय टीमों के सदस्यों का मंगलवार को यहां स्वदेश लौटने पर प्रशंसकों, अधिकारियों और परिवारों के सदस्यों ने स्वागत किया। डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और पुरुष टीम के कप्तान श्रीनाथ नारायणन आज सुबह तड़के चेन्नई पहुंचे।

भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने रविवार को इतिहास रचते हुए हंगरी में शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। उनकी असाधारण जीत ने भारत की नई शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को मजबूत किया। चारों के हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही प्रशंसकों ने जयकारे लगाकर उनका स्वागत किया। टूर्नामेंट में अजेय अभियान के साथ भारतीय पुरुष टीम के दबदबे में अहम भूमिका निभाने वाले गुकेश ने अपने व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण पदक दिखाए। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 18 वर्षीय गुकेश अब नवंबर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए तैयार हैं।

## पंत का बड़ा प्रभाव रहा है, उसे शांत रखने की जरूरत: कमिंस

नई दिल्ली, एजेंसी



- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा- पंत ने पहले भी खेली हैं कई अहम पारियां

कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया में भारत के लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने के अभियान में बड़ा प्रभाव रहे थे और उन्होंने इस साल के अंत में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इस तेजतर्रार विकेटकीपर बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पंत ने दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए पिछले हफ्ते बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ा। कमिंस ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका पिछली कुछ श्रृंखलाओं में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली दो टेस्ट श्रृंखला में योगदान दिया है।

## दूसरे टेस्ट के लिए कानपुर पहुंची भारतीय टीम

- 27 से औद्योगिक नगरी में खेला जाएगा श्रृंखला का दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच

कानपुर, एजेंसी







कानपुर हवाई अड्डे से बाहर निकलते रोहित शर्मा, विराट कोहली और बांग्लादेश की टीम। ● एजेंसी

बांग्लादेश के खिलाफ 27 सितंबर से शुरु होने वाले श्रृंखला के दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच के लिये भारतीय टीम के सदस्य मंगलवार को कानपुर पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य टुकड़ियों में यहां पहुंचे। सबसे पहले चकेरी हवाई अड्डे से भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली बाहर निकले जबकि कुछ देर बाद शुभमन गिल,रोहित शर्मा को औद्योगिक नगरी में आगमन हुआ।

बांग्लादेश की टीम भी यहां पहुंची। दोनों टीमें बुधवार से ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम पर बारी-बारी से अभ्यास करेंगी। दोनो टीमों को शहर के एकमात्र तीन सितारा होटल लैंडमार्क में ठहराया गया है। टीमों के अभ्यास के शेड्यूल जारी होना बाकी है हालांकि सूत्रों का दावा है कि सुबह के सत्र में मेहमान बांग्लादेश की टीम ग्रीनपार्क में नेट प्रैक्टिस करेगी जबकि शाम को भारतीय टीम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। अरसे बाद ग्रीनपार्क पर टेस्ट मैच के आयोजन को लेकर कानपुर के क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अपने पसंदीदा क्रिकेट सितारों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ होटल के बाहर दोपहर से ही जम गयी। सुरक्षा के लिहाज से हालांकि पुलिस प्रशंसकों को धकियाते दिखायी दी। होटल में क्रिकेट सितारों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। गौरतलब है कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम के लिए आईसीसी टेस्ट क्रिकेट चैंपियनशिप में अपनी रैंकिंग को मजबूत करने का कानपुर में भरपूर मौका होगा।

## बॉलीवुड हलचल



### पेरिस फैशन वीक में आलिया का डेब्यू

**पेरिस।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में ग्लैमरस अंदाज में डेब्यू किया। आलिया भट्ट ने पेरिस फैशन वीक में डेब्यू कर धमाल मचा दिया है। आलिया पहली बार में पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनकर सबका दिल जीत गईं। आलिया ने इतने स्टाइलिश अंदाज में रैंप वॉक किया कि हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। आलिया ने मैटेलिक कॉरसेट पहनकर रैंप पर एंट्री मारी। जिसे पहन वह चांदी सी चमकी और सबसे अलग नजर आईं। ब्यूटी ब्रांड लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करते हुए आलिया ने स्टाइल में रैंप वॉक किया। वह मेटैलिक सिल्वर बस्टियर में सजी नजर आईं, जिसे उन्होंने ब्लैक ऑफ-शोल्डर जंप सूट के साथ पेयर किया। मेकअप के लिए उन्होंने अपने होठों पर गुलाबी रंग का टच दिया। गीले बालों के साथ उनका लुक और भी आकर्षक लग रहा था। गौरतलब है कि हाल ही में आलिया को लोरियल पेरिस के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया था। वह कुछ दिन पहले पेरिस आई थीं। उन्हें अपने पति रणबीर कपूर के साथ पेरिस की सड़कों पर टहलते हुए भी देखा गया। दोनों ने एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाई, जो तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

### आलिया ने देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने आने वाली फिल्म देवरा का गाना चुट्टमल्ले तेलगु में गाया। 27 सितंबर को जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की फिल्म देवरा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान दोनों ही साउथ में डेब्यू कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल हो रही है जोकि आलिया भट्ट और जूनियर एनटीआर के ज्वाइंट इंटरव्यू की है। आलिया इस दौरान जिगरा का प्रमोशन कर रही थीं जबकि जूनियर एनटीआर देवरा के प्रमोशन के लिए साथ आए थे। इस सेशन को करण जौहर ने ऑर्गेनाइज किया था। वीडियो में आलिया भट्ट देवरा का पॉपुलर गाना चुट्टमल्ले गाती नजर आ रही हैं।इस वीडियो को देवरा के एक्स हैंडल से शेयर किया गया है।आलिया का गाना सुनकर जूनियर एनटीआर उनकी तारीफ करते हुए वॉव कहते हैं।

### वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंचे ऋतिक



**रोम।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन वॉर 2 की शूटिंग के लिए इटली पहुंच गए हैं। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार लोकेशन की तस्वीर शेयर की, जहां फिल्म वॉर 2 की शूटिंग हो रही है ।तस्वीर में उन्हें इटली की प्राकृतिक खूबसूरती का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। ऋतिक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा इटली वॉर 2 में सब कुछ कैद कर लिया गया है। ग्रे टी-शर्ट और धारीदार पैंट में ऋतिक बेहद आकृषक और स्टाइलिश लग रहे हैं ।उनकी पोस्ट पर नेटिजन्स की दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्हें उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद से भी तारीफ मिली ।सबा ने कमेंट किया मेरा प्यार। गौरतलब है कि अपनी शानदार सुपरहिट फिल्मों वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र के निर्देशन से प्रसिद्ध अयान मुखर्जी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म वॉर 2 में मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म वॉर 2 वर्ष 2019 में प्रदर्शित एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर का सीक्वल है। वॉर में ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर की अहम भूमिका थी।

## भारत दो हॉकी मैचों की श्रृंखला के लिए जर्मनी की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली, एजेंसी



- 23 और 24 अक्टूबर को जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी भारतीय टीम

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में जर्मनी के साथ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत ने पिछली बार जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था जहां यूरोप की दिग्गज टीम ने 3-2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन होगी। भारत और जर्मनी दोनों का खेल में एक समृद्ध इतिहास है और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने का अवसर देगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा हम इस श्रृंखला की मेजबानी से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे ना केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि दोनों देशों के बीच रिश्ते भी मजबूत होंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा भारत-जर्मनी हॉकी प्रतिद्वंद्विता हमेशा एक रोमांचक प्रतियोगिता रही है। हमारे खिलाड़ी ऐसी अच्छी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं और मेरा मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों को भविष्य के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों से पहले अपने कौशल और रणनीतियों को बेहतर बनाने का मौका देगी।

जर्मन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हेनिंग फास्टरिच ने कहा कि राष्ट्रीय टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। हॉकी के लिए भारत हमेशा विशेष स्थान रहा है और हमारी टीम उत्साही भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए रोमांचित है। यह श्रृंखला जर्मनी और भारत के बीच खेल संबंध मजबूत करने का शानदार मौका है जबकि दोनों टीमों को आगामी वैश्विक प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए प्रतिस्पर्धी मंच भी देगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

